रामनवमी की हार्दिक शुभकामनाएं

आपकी बात, निर्भीकता के साथ

# प्रातः नागपुरी

आरएनआई पंजीयन सं. JHABIL/2023/86791

वर्ष : 01 अंक : 124 रांची, बुधवार, 17 अप्रैल, 2024 (चैत्र शुक्ल 09, संवत 2081), पृष्ठ- 12, मूल्य- 3 रुपये email : jharkhandwanitaudyog@gmail.com




## संक्षिप्त

### हेमंत सोरेन की जमानत याचिका पर अगली सुनवाई 23 को

**रांची।** जमीन घोटाला मामले में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जमानत याचिका पर ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में मंगलवार को सुनवाई हुई। इस दौरान ईडी ने अदालत में जवाब दाखिल करने के लिए समय की मांग की। अब अदालत ने मामले में 23 अप्रैल को अगली सुनवाई निर्धारित की है। फिलहाल इस मामले में आरोपित पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और बड़गाईं अंचल के हल्का कर्मचारी भानु प्रताप बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में न्यायिक हिरासत में बंद हैं।

### 20 तक जारी हो सकता है मैट्रिक का रिजल्ट

**रांची।** मैट्रिक का रिजल्ट 19 या 20 अप्रैल को जारी किया जा सकता है। मैट्रिक के बाद इंटर साइंस व कॉमर्स का रिजल्ट जारी होने की संभावना है। वर्ष 2024 की मैट्रिक की परीक्षा में 4.50 लाख परीक्षार्थी शामिल हुए थे।

### 'एक्स' के नये यूजर्स को पोस्ट व लाइक के लिए देना होगा शुल्क

**नयी दिल्ली।** फर्जी खातों की बढ़ती संख्या पर काबू पाने के लिए 'एक्स' अब नये यूजर्स से कुछ भी साझा करने, किसी पोस्ट को 'लाइक' करने, बुकमार्क और किसी पोस्ट पर जवाब देने का विकल्प इस्तेमाल करने के लिए शुल्क लेगा।

### ब्रिटेन में सहमति बिना 'डीपफेक' तस्वीरें बनाना अब अपराध

**लंदन।** ब्रिटिश सरकार ने मंगलवार को कहा कि अश्लील 'डीपफेक' सामग्री बनाने वाले लोगों को एक नये कानून के तहत मुकदमे का सामना करना पड़ेगा। यह कानून इस समय संसदीय प्रक्रिया से गुजर रहा है। 'डीपफेक' से आशय ऐसी छवियों और वीडियो से है, जो कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआइ) अथवा अन्य तकनीकों से तैयार की जाती हैं और जिसमें आमतौर पर पीड़ित की सहमति नहीं होती। नये कानून के तहत बिना सहमति के इस तरह की तस्वीरें बनाने वाले लोगों को आपराधिक कार्यवाही और भारी जुर्माने का सामना करना पड़ेगा।

### बड़कागांव में बीडीओ और सीओ के वाहनों पर पथराव

**बड़कागांव।** हजारीबाग जिले के बड़कागांव प्रखंड के महुदी गांव में रामनवमी का अष्टमी जुलूस विवादित मार्ग से निकालने का प्रयास किया गया। पुलिस ने बैरिकेडिंग लगा जुलूस को उस मार्ग पर जाने से रोक दिया। इस पर जुलूस में शामिल लोग उग्र हो एसडीपीओ, थानेदार, बीडीओ व सीओ के वाहन पर पथराव करने लगे। शेष पेज 08 पर

# रामनवमी आज, महावीरी झंडे से पटी राजधानी, पूरा माहौल भक्तिमय

- भगवान राम की छवि वाले झंडे की सर्वाधिक डिमांड

प्रातः नागपुरी संवाददाता, रांची

कल बुधवार को रामनवमी को लेकर झारखंड की राजधानी रांची राममय हो गयी है। महावीरी झंडे से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया है। चारों तरफ रामनवमी की तैयारी चल रही है। इसे लेकर रांची के मेन रोड में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। रामनवमी को लेकर तरह-तरह के झंडे बाजार में आ चुके हैं। 17 अप्रैल को रामनवमी है। इस बार बाजार में भगवान राम और अयोध्या की छवि वाले झंडे की डिमांड अधिक देखी जा रही है। रांची के तपोवन मंदिर को भी सजाया गया है। महंत ओमप्रकाश शरण बताते हैं कि इस साल हम दूसरी बार रामनवमी मना रहे हैं।

**राममय हुई रांची**



**17 टोलियां और 1500 सदस्य सफल संचालन में रहेंगे मुस्तैद :** बुधवार को रामनवमी उत्सव मनाने के लिए रांची तैयार है। इसको लेकर श्रीमहावीर मंडल रांची ने रामनवमी जुलूस निकालने की सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। दुर्गा मंदिर ट्रस्ट भवन, महावीर चौक में सोमवार को मंडल अध्यक्ष रवि कुमार पिंकू और मंत्री दीपक ओझा ने बताया कि बुधवार को भव्य और ऐतिहासिक शोभायात्रा निकाली जाएगी।

शहर के सात स्थानों से दिन के डेढ़ बजे जुलूस निकलेगा। 17 टोलियां और 1500 सदस्य इसके सफल संचालन में मुस्तैद रहेंगे। समय का ध्यान रखते हुए सभी अखाड़ाधारी निर्धारित समय और स्थान पर जुलूस के साथ पहुंचेंगे। मंडल के पदाधिकारी पूरे जुलूस का नेतृत्व करेंगे।

**अखाड़ाधारियों का होगा मिलन :** शहर के सात स्थानों से निकला जुलूस निर्धारित स्थान पर पहुंचने के बाद अखाड़ाधारियों का मिलन होगा। बाद में सभी साथ मिल कर अल्बर्ट एक्का चौक, मेन रोड के रास्ते एक साथ तपोवन मंदिर पहुंचेंगे। यहां झंडा पूजन के बाद वापस अपने अखाड़ा लौट जाएंगे।

**यहां से निकलेगा जुलूस**

- पंडरा बाजार से निकलने वाला रामनवमी जुलूस पिस्कामोड़, रातू रोड क्षेत्र के मोहल्ले से निकली शोभायात्रा के साथ महावीर चौक पहुंचेगा।
- धावननगर, कांके रोड, हातमा गांधीनगर से जुलूस निकल कर महावीर चौक पहुंचेगा।
- बड़गाईं से निकला जुलूस मेडिकल चौक, एदलहातू, करमटोली, जेल चौक, कचहरी चौक की ओर से आने वाली शोभायात्रा के साथ शहीद चौक पहुंचेगा।
- गाड़ी होटवार से निकला जुलूस कोकर, लालपुर, थड़पखना की ओर से आने वाली शोभायात्रा के साथ अल्बर्ट एक्का चौक पहुंचेगा।
- लोवाडीह से निकला जुलूस कांटाटोली, पत्थलकुदवा, पुरुलिया रोड की ओर से आने वाली शोभायात्रा के साथ सर्जना चौक पहुंचेगा।
- चुटिया से निकला जुलूस गुदड़ी, कर्बला चौक, चर्च रोड की ओर से आने वाली शोभायात्रा के साथ काली मंदिर चौक पहुंचेगा। हिंदपीढ़ी, लेक रोड, मल्लाह टोली की ओर से आने वाली शोभायात्रा उर्दू लाइब्रेरी चौक पर पहुंचेगी। भुतहा तालाब, नौवा टोली, जालान रोड की ओर से आनेवाली शोभायात्रा शहीद चौक पहुंचेगी।
- पुंदाग – से निकला जुलूस कडरू, हरमू रोड, किशोरगंज, गाड़ीखाना रोड आदि की शोभायात्रा के साथ अपर बाजार होते हुए शहीद चौक चौक पहुंचेगा। सामलौंग से निकला जुलूस चुटिया, बहुबाजार, चर्च रोड की ओर से संकट मोचन मंदिर, मेन रोड पहुंचेगा।

## छत्तीसगढ़ के कांकेर में देश की सबसे बड़ी नक्सली मुठभेड़

# ₹ 25 लाख के इनामी शंकर राव समेत 29 माओवादी ढेर

एजेंसियां, कांकेर (छत्तीसगढ़)

इस समय बड़ी खबर छत्तीसगढ़ से आई है, जहां कांकेर में बड़ी मुठभेड़ हुई है। पुलिस और नक्सलियों के बीच एनकाउंटर में तीन जवानों के घायल होने की खबर है। छोटे बेठिया थाना क्षेत्र के माड़ इलाके में मुठभेड़ जारी है, घायल जवानों को जंगल से निकालने के लिए अतिरिक्त फोर्स भेजा गया। इस मुठभेड़ में नक्सली कमांडर शंकर राव भी मारा गया। अब तक 29 शव बरामद किए जा चुके हैं। साथ ही बड़ी संख्या में ऑटोमेटिक राइफलें भी बरामद की गई हैं। जानकारी के मुताबिक 3 पुलिसकर्मी इस मुठभेड़ में घायल हुए हैं।

**अब भी जारी है ऑपरेशन :** एसपी कल्याण एलिसेला ने पुष्टि की है कि मुठभेड़ में 29 नक्सली मारे गए हैं। साथ ही उन्होंने बताया कि टॉप नक्सली कमांडर शंकर राव भी मारा गया। शंकर राव 25 लाख का इनामी था। 7 एके47 राइफल के साथ 1 इंसास रायफल और 3एलएमजी भी बरामद हुई।





**अभियान पर निकली थी बीएसएफ :** पुलिस ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा, बीएसएफ और डीआरजी की टीमों द्वारा 16 अप्रैल को कांकेर के गांव बीनागुंडा में एक संयुक्त अभियान शुरू किया गया था। तभी बीएसएफ ऑप्स पार्टी पर सीपीआई माओवादी कैडरों की गोलीबारी हुई और बीएसएफ सैनिकों ने उनके खिलाफ प्रभावी ढंग से जवाबी कार्रवाई की। इसके अलावा एक बीएसएफ कर्मी के पैर में गोली लगी और अब वह खतरे से बाहर है। वहीं 2 अन्य भी घायल हुए हैं।

**भारी मात्रा में अत्याधुनिक हथियार बरामद :** यह ऑपरेशन अभी भी जारी है और अब तक मारे गए 29 नक्सलियों के शव, 7 एके 47 राइफलें और 3 लाइट मशीन गन घटना स्थल से बरामद किए गए हैं। शेष पेज 08 पर

### छत्तीसगढ़ जल्द होगा नक्सल मुक्तः शाह

**नई दिल्ली।** छत्तीसगढ़ के कांकेर में नक्सलियों के खिलाफ बड़ी सफलता के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सुरक्षाबलों को बधाई दी। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया और लिखा, आज छत्तीसगढ़ में सुरक्षा बलों के ऑपरेशन में बड़ी संख्या में नक्सली मारे गये हैं। इस ऑपरेशन को अपनी जांबाजी से सफल बनाने वाले सभी सुरक्षाकर्मियों को बधाई देता हूं और जो वीर पुलिसकर्मी घायल हुए हैं, उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। शाह ने आगे लिखा, नक्सलवाद विकास, शांति और युवाओं के उज्ज्वल भविष्य का सबसे बड़ा दुश्मन है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम देश को नक्सलवाद के दंश से मुक्त करने के लिए संकल्पित हैं।

# ईडी ने झामुमो नेता सहित चार लोगों के नौ अलग-अलग ठिकानों पर की छापामारी

- छापामारी के बाद ईडी की टीम झामुमो नेता अंतु तिर्की और कारोबारी बिपिन सिंह को अपने साथ ले गयी
- कई अहम दस्तावेज और डिजिटल इक्यूमेंट मिले

प्रातः नागपुरी संवाददाता, रांची




प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने जमीन घोटाला मामले में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) नेता सहित चार लोगों के कुल नौ अलग-अलग ठिकानों पर छापेमारी की। सूत्रों के अनुसार छापेमारी के बाद ईडी की टीम झामुमो नेता अंतु तिर्की और जमीन कारोबारी बिपिन सिंह को अपने साथ ले गई है। वहीं दोनों से पूछताछ की जा रही है। दूसरी ओर ईडी ने अफसर अली उर्फ अफसू खान को भी गिरफ्तार कर लिया है। इससे हेमंत सोरेन से जुड़े मामले में गिरफ्तार अभियुक्तों की संख्या चार हो गयी। हेमंत सोरेन से जुड़े जमीन मामले (इसीआइआर 18/022) में नौ अप्रैल 2024 को ईडी ने जमीन के फर्जी दस्तावेज बनानेवाले गिरोह के मास्टरमाइंड सद्दाम को गिरफ्तार किया था। वह पहले से बरियातू स्थित सेना के कब्जेवाली जमीन की खरीद-बिक्री से जुड़े मामले में जेल में था। उससे हुई पूछताछ के दौरान मिली जानकारी के आधार पर ईडी ने 16 अप्रैल को अंतु तिर्की, प्रियरंजन सहाय और बिपिन सिंह के ठिकानों पर छापा मारा।

छापेमारी में ईडी को कई अहम दस्तावेज और डिजिटल इक्यूमेंट मिले हैं, जिसमे जमीन घोटाले से सम्बंधित कई जानकारियां उपलब्ध है। लगभग 13 घंटे के बाद ईडी की छापेमारी खत्म हो गई। ईडी ने जांच में पाया है कि झामुमो नेता अंतु तिर्की और मो. सद्दाम के बीच पैसे की लेन देन थी। सद्दाम ने पूछताछ में जमीन के एवज में पैसे के लेनदेन की बात स्वीकार की है। मंगलवार की सुबह ईडी की टीम झामुमो नेता अंतू तिर्की के बरियातू के मेडिकल चौक स्थित आवास पर पहुंची और तलाशी ली। अंतू तिर्की के अलावा ईडी की टीम बिपिन सिंह के मोरहाबादी स्थित आवास, खेलगांव स्थित शेखर कुशवाहा के ठिकाने के साथ-साथ कोकर में प्रियरंजन सहाय के ठिकाने पर भी छापेमारी की। इससे पहले भी जमीन घोटाला मामले में बिपिन सिंह, शेखर कुशवाहा और प्रियरंजन सहाय के यहां ईडी की टीम छापेमारी कर चुकी है।

मालूम हो कि बरियातू स्थित सेना के कब्जेवाली जमीन मामले में दर्ज इसीआइआर 18/022 की जांच के दौरान अफसर अली को 13 अप्रैल 2023 को गिरफ्तार किया गया था। शेष पेज 08 पर

# आज रामलला का भगवान सूर्य खुद करेंगे अभिषेक





- अयोध्या में सूर्य तिलक पर दिखेगा अद्भुत नजारा

**अयोध्या।** अयोध्या में रामनवमी के पावन अवसर पर विशाल राममंदिर में श्री रामलाला का जन्मोत्सव मनाया जा रहा है। यह अवसर हर राम भक्त के लिए अमृत बेला है। जन्मोत्सव की प्रत्येक प्रक्रिया अविस्मरणीय होगी। इस बार त्रेता में जन्मे श्रीराम के अभिषेक की तैयारियां जोरशोर से की गई हैं।

रामनवमी के दिन दोपहर 12 बजे जब श्रीराम का जन्म होगा, उसी के बाद उनके माथे पर सूर्य की किरण पड़ेगी। शेष पेज 08 पर

# कांग्रेस ने गोड्डा से दीपिका, चतरा से केएन त्रिपाठी व धनबाद से अनुपमा को दिया टिकट

**रांची।** लोकसभा चुनाव 2024 के लिए कांग्रेस ने झारखंड की तीन लोकसभा सीटों के लिए प्रत्याशियों की घोषणा कर दी। गोड्डा से दीपिका पांडेय सिंह, चतरा से केएन त्रिपाठी और धनबाद से अनुपमा सिंह को टिकट दिया गया है।

रांची लोकसभा सीट से प्रत्याशी की घोषणा अभी बाकी है। इससे पहले कांग्रेस ने तीन लोकसभा सीटों खूंटी, लोहरदगा व हजारीबाग से उम्मीदवारों की घोषणा की थी। इंडिया गठबंधन के तहत कांग्रेस के खाते में कुल सात सीटें आयी हैं। इनमें से अब तक छह लोकसभा सीटों पर उम्मीदवार घोषित हो चुके हैं।



**तीन लोकसभा सीट से ये हैं कांग्रेस से प्रत्याशी :** इससे पहले कांग्रेस की ओर से खूंटी, लोहरदगा व हजारीबाग सीट से प्रत्याशी घोषित किए जा चुके हैं। खूंटी लोकसभा सीट से कालीचरण मुंडा, लोहरदगा से सुखदेव भगत व हजारीबाग संसदीय सीट से जेपी पटेल (जयप्रकाश भाई पटेल) को कांग्रेस ने उम्मीदवार बनाया है। पिछले दिनों दिल्ली में केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक के बाद इनके नामों की घोषणा की गयी थी। शेष पेज 08 पर

# पूरा बंगाल कह रहा है, चार जून, 400 पार : पीएम मोदी

**कोलकाता।** पीएम मोदी ने कहा कि हम लोगों को सब्सिडी वाले सौर पैनल प्रदान करके शून्य बिजली बिल सुनिश्चित करेंगे। हम अगले 5 साल तक गरीबों को मुफ्त राशन देना जारी रखेंगे। हम आयुष्मान भारत योजना के तहत 70 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों को मुफ्त चिकित्सा उपचार सुनिश्चित करेंगे। नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल के बालुरघाट में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि टीएमसी को लगता है कि दलित, आदिवासी, गरीब अपनी मर्जी से चलने के लिए आजाद नहीं हैं। लेकिन ये चुनाव इन्हें बताएगा कि बाबा साहेब अंबेडकर के लोकतंत्र में दलित, वंचित, आदिवासी टीएमसी के गुलाम नहीं हैं। आदिवासी महिलाओं को घुटनों पर बैठाने वाली टीएमसी, जल्द ही घुटनों पर आ जाएगी। ये पहली रामनवमी है, जब अयोध्या में भव्य मंदिर में रामलला विराजमान हो चुके हैं। शेष पेज 08 पर




# सामान्य से अधिक हो सकता है तापमान, एहतियात बरतने की सलाह

प्रातः नागपुरी संवाददाता, रांची

मौसम केंद्र ने स्पेशल बुलेटिन जारी किया है। इसमें अगले पांच दिनों के दौरान झारखंड के कई जिलों में तापमान में बढ़ोतरी होने की संभावना है। इसके सामान्य से ऊपर रहने की उम्मींद है। असहज गर्म मौसम के प्रभाव और बचाव के लिए मौसम केंद्र ने परामर्श दिया है।

**तापमान में होगी बढ़ोतरी :** केंद्र के मुताबिक मुख्य रूप से उत्तर-पश्चिमी पश्चिमी शुष्क हवा और तेज धूप के कारण दिन का तापमान अगले पांच दिनों के दौरान झारखंड के कई जिलों में धीरे-धीरे 2 डिग्री सेल्सियस से 3 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ने की संभावना है। इसके कारण अधिकतम तापमान (दिन का तापमान) 40C या उससे अधिक रहने की संभावना है।



**एहतियात बरतने की सलाह :** झारखंड के कई जिलों में तापमान सामान्य से 3 से 4 डिग्री सेल्सियस ऊपर रहने की संभावना है। झारखंड में 16 अप्रैल से 20 अप्रैल के दौरान गर्म मौसम को देखते हुए जरूरी एहतियात बरतने की सलाह दी गई है।

**इसका रखें ख्याल**

- दोपहर 11 बजे से 3 बजे के बीच धूप में बाहर जाने से बचें।
- पर्याप्त पानी पिये। जितनी बार संभव हो पियें। भले ही प्यास नहीं लगी हो।
- हल्के, हल्के रंग के डीले और छिद्रयुक्त सूती कपड़े पहनें। धूप में बाहर जाते समय सुरक्षात्मक चश्मे, छाता/टोपी या चप्पल का प्रयोग करें।
- जब बाहर का तापमान अधिक हो, तब बाहरी गतिविधियों से बचें।
- यात्रा करते समय अपने साथ पानी अवश्य रखें।
- शराब, चाय, कॉफी और कार्बोनेटेड शीतल पेय से बचें, जो शरीर को निर्जलित करते हैं।
- उच्च प्रोटीन वाले भोजन से बचें। वासी भोजन नहीं करें।
- यदि आप बाहर काम करते हैं. तो टोपी या छाते का उपयोग करें। अपने सिर, गर्दन, चेहरे और अंगों पर एक कपड़े का भी उपयोग करें।
- पार्क किए गए वाहनों में बच्चों या पालतू जानवरों को नहीं छोड़ें।
- यदि आप बेहोश या बीमार महसूस करते हैं तो तुरंत डॉक्टर से मिलें।
- ओ.आर.एस., घर में बने पेय जैसे लस्सी, तोरानी (चावल का पानी), नींबू पानी, छाछ आदि का उपयोग करें जो शरीर को फिर से हाइड्रेट करने में मदद करता है।
- जानवरों को छाया में रखें। उन्हें पीने के लिए भरपूर पानी दें।
- अपने घर को ठंडा रखें। पर्दे, शटर या मनशेड का उपयोग करें और रात में खिड़कियां खुली रखें।
- पंखें का प्रयोग करें। गीले कपडे पहने और बार-बार ठंडे पानी से खान करें।

# यूपीएससी आईएएस में आदित्य श्रीवास्तव बने टॉपर

- जमशेदपुर की स्वाति शर्मा को मिला 17वां रैंक

एजेंसियां, नई दिल्ली

यूपीएससी सिविल सर्विसेज एग्जामिनेशन 2023 का फाइनल रिजल्ट upsc.gov.in पर जारी कर दिया गया है। इस बार यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा में आदित्य श्रीवास्तव ने टॉप किया है। दूसरे स्थान पर अनिमेष प्रधान, तीसरे पर डोनुरु अनन्या रेड्डी, चौथे पर पी के सिद्धार्थ रामकुमार और पांचवें पर रूहानी रहे। आईएएस, आईएफएस और आईपीएस समेत 1143 वैकेंसी के लिए 1016 अभ्यर्थियों की नियुक्ति की सिफारिश की गई है। इनमें से 347 जनरल कैटेगरी के हैं। 115 ईब्ल्यूएस, 303 ओबीसी, 165 एससी, 86 एसटी कैटेगरी के हैं। 355 अभ्यर्थियों का रिजल्ट प्रोविजनल रखा गया है। अभ्यर्थियों के मार्क्स 15 दिन बाद जारी होंगे।



इधर, जमशेदपुर की स्वाति शर्मा को 17वां रैंक मिला है। जबकि, रांची की आकांक्षा सिंह को 44वां रैंक मिला है। स्वाति पूर्व थल सैनिक संजय शर्मा की पुत्री हैं। वे जमशेदपुर मानगो स्थित कालिकानगर में रहते हैं। इसी प्रकार आकांक्षा सिंह एसएस मेमोरियल कॉलेज में भूगोल विषय में असिस्टेंट प्रोफेसर हैं। 89वां रैंक पर साक्षी जमुआर गढ़वा के डीसी शेखर जमुआर की पुत्री हैं। स्कूली शिक्षा डीपीएस व जेवीएम श्यामली से पूरी करने के बाद नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी रांची से पढ़ाई पूरी की है। शेष पेज 08 पर

## संक्षिप्त

### रामनवमी को लेकर ग्रामीण एसपी ने किया निरीक्षण

**पिस्का नगड़ी।** रामनवमी को लेकर ग्रामीण एसपी रांची सुमित अग्रवाल के नेतृत्व सोमवार को नगड़ी के संवेदन क्षेत्रों का पुलिस प्रशासन के द्वारा निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर नगड़ी मस्जिद चौक, नगड़ी चौक, देवरी, कुण्डला टोली, साहेर, टिकरा महल्ला सहित कई जगहों का निरीक्षण किया गया। लोगो से मिलकर शांति व्यवस्था के संबंध में बात की गई साथ ही ग्रामीण एसपी ने थाना के अधिकारियों को कई तरह के दिशा निर्देश भी दिये। मौके पर ग्रामीण एसपी रांची सुमित अग्रवाल डीएसपी मुख्यालय 2 अरविंद कुमार प्रक्शिक्षु आईपी एस सह रातु थाना प्रभारी याकूब अंसारी, बुंडू डीएसपी, नगड़ी थाना प्रभारी अभिषेक राय, माँड़र थाना प्रभारी सहित नगड़ी थाना के एसआई अभितेष महतों, एएसआई संजय सिंह, पुलिस अधिकारी एव बल उपस्थित थे।

### बजरंग दल ने निकाली शोभा यात्रा

**मांडर।**बजरंग दल के कार्यकताओं के द्वारा मांडर प्रखंड के ब्राम्बे से एक भव्य शोभा यात्रा निकाली गई इस शोभायात्रा मे सैकड़ों की संख्या में राम भक्तों ने हिस्सा लिया ,यह शोभा यात्रा मांडर प्रखंड के ब्राम्बे से प्रारम्भ हुई जो मुड़मा ,कन्दरी ,मांडर, सोसई आश्रम, बीजूपाड़ा, चान्हो, सोस होते हुए ओपा तक पहुंची, वहीं इस शोभा यात्रा को देखते हुए मांडर व आसपास के राम भक्तों के बीच काफी उत्साह देखा गया भक्तों के द्वारा जय श्री राम नारे लगाए गए व भक्तिमय कीर्तन भजन किया गया इस दौरान पूरा माहौल भक्तिमय हो गया ,वहीं किसी प्रकार के अप्रिय स्थिति से निपटने को लेकर मांडर व चान्हो पुलिस चाक चौबंद नजर आई स्थानीय प्रशासन के द्वारा रांची डालटेनगंज मुख्य सड़क एन एच 39 को शोभा यात्रा निकालने के दौरान वन वे कर दिया गया था ।वहीं विभिन्न स्थानों पर शोभा यात्रा मे सम्मिलित भक्तों का स्वागत शिविर लगा कर ग्रामीणों ने परंपरागत तरीके से स्वागत किया इस शोभा यात्रा के सफल आयोजन में बजरंग सिंह, नागेश्वर तिवारी, प्रवीण राय, सतेस्वर सिंह बैद्यनाथ साहू के द्वारा मुख्य भूमिका निभाई गई ।

### सम्राट अशोक की मनाई गई जयंती

**मुरी।** छोटा मुरी में महान चक्रवर्ती सम्राट अशोक का जयंती पर उनके चित्र पर जोगिंदर कोईरी ने माल्यार्पण कर उनको याद किया गया । उनकी याद में बच्चों के बीच मिठाईयां बांटी गई। सम्राट अशोक के ऐतिहासिक जीवनी गौरवपूर्ण गाथा को लोगों ने याद कर लोगों ने गोरान्वित हुए और अपने स्वर्णिम काल को लोगों ने याद कर सम्राट अशोक के प्रति श्रद्धा व्यक्त किया । चक्रवर्ती सम्राट अशोक महान जिंदाबाद के नारे लगाए गए। इनके बारे में बताया गया कि यही वह सम्राट है जिन्होंने बुद्ध के 84000 स्तूप बनवाए थे। जो आज भी भारत के धरती में पड़ी हुई है जितने भी मौर्य कालीन शिक्षण संस्थान ने थी वह आज भी मौजूद है ।
खंडहर के रूप में ।लोगों को आशा है कि वर्तमान सरकार इसे जीर्णोद्धार कर पुणे भारत को सोने की चिड़िया बनाएंगे।

### जेएसपी फाउंडेशन में रक्तदान शिविर आयोजित

**भुरकुंडा।** क्षेत्र के जेएसपी फाउंडेशन और रिम्स रांची के संयुक्त तत्वावधान ने मंगलवार को जिंदल क्लब बलकुदरा पतरातू में मेगा रक्तदान शिविर लगाया गया। शिविर का उद्घाटन जेएसपी पतरातू के प्लांट प्रमुख आशीष जैन ने किया। शिविर में 133 लोगो ने रक्त जांच कराया। जिसमे 53 लोगो ने रक्तदान किया। इस अवसर पर प्लांट प्रमुख आशीष जैन ने कहा कि रक्तदान मानवता के हित मे सराहनीय कदम है। मानव जीवन के लिये रक्तदान करनी चाहिये। जेएसपी फाउंडेशन निरंतर इस तरह का कार्य मानवीय सेवा के लिये करता रहता है। फाउंडेशन द्वारा हर वर्ष रक्तदान शिविर लगाया जाता है।

# रामनवमी को लेकर फ्लैग मार्च दर्जनों घरों को थमाया गया नोटिस

## सड़क पर उतरे डीसी, एसपी, एसडीओ, एसडीपीओ, सीओ और सीआरपीएफ जवान

**संवाददाता**

**रामगढ़** । रामनवमी त्योहार को लेकर लोगों का उत्साह चरम पर है। शहर की हर गलियों को भगवा रंग से पाट दिया गया है। इस त्योहार में निकलने वाले जुलूस में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम हो और शांति व्यवस्था बनी रहे, इसके लिए जिला प्रशासन भी काफी एहतियात बरत रहा है। मंगलवार को डीसी चंदन कुमार, एसपी डॉ बिमल कुमार, एसडीओ आशीष गंगवार, एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद, अंचल अधिकारी सत्येंद्र नारायण पासवान, पुलिस बल और सीआरपीएफ जवानों के साथ सड़क पर उतरे। रामगढ़ शहर के चट्टी बाजार, सौदागर मोहल्ला, लोहार टोला, शिवाजी रोड, सुभाष चौक, कोयरी टोला, गोलपार्क, पुरनी मंडप, बुढ़वा महादेव, नई सराय बस्ती, मनुवा, फुलसराय, सिरका, अरगड्डा सभी इलाकों में फ्लैग मार्च किया। इस दौरान अधिकारियों ने यह संदेश दिया कि किसी भी उपद्रवियों की चलने वाली नहीं है। चप्पे-चप्पे पर पुलिस की नजर रहेगी। हर जगह दंडाधिकारी मौजूद रहेंगे। सौदागर मोहल्ला, गोलपार्क, पूरनी मंडप शहर के संवेदनशील इलाकों में शामिल हैं। उन स्थानों पर सीआरपीएफ के जवान सुरक्षा में शामिल रहेंगे।



### सौदागर मोहल्ला के हर घर को नोटिस छत पर रखे ईंट पत्थर हटा लें

एक तरफ पुलिस प्रशासन फ्लैग मार्च कर अपनी ताकत का प्रदर्शन किया तो दूसरी तरफ रामगढ़ थाना प्रभारी ने सौदागर मोहल्ला के हर घर को नोटिस थमा दिया। नोटिस में साफ शब्दों में लिखा गया है कि जिनके घर के छतों पर ईंट पत्थर व अन्य आपत्तिजनक वस्तुएं रखी गई है, तो वह तत्काल वहां से हटा लें। ड्रोन कैमरे की नजर में अगर आपत्तिजनक वस्तुएं आती हैं तो तत्काल उस घर के मालिक के खिलाफ कार्रवाई होगी। जिस रास्ते पर जुलूस निकालने वाला है, उस रास्ते के हर घर को यह नोटिस मिला है।

### हुड़दंगियों के विरुद्ध कार्रवाई के लिए किया गया मॉक ड्रिल



रामनवमी त्योहार के मद्देनजर किसी भी प्रकार की विषम परिस्थिति में असामाजिक तत्वों एवं हुड़दंगियों के विरुद्ध कार्रवाई करने के लिए पुलिस के जवानों ने मॉक ड्रिल किया। पुलिस लाइन में आयोजित मॉक ड्रिल का संचालन डीसी चंदन कुमार और एसपी डॉ बिमल कुमार के द्वारा किया गया। इस दौरान एसडीओ आशीष गंगवार, एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद, ट्रेनिंग डीएसपी फौजान अहमद, रामगढ़ थाना प्रभारी अजय साहू, सार्जेंट मेजर मंटू यादव, पुलिस पदाधिकारी, कर्मी एवं सीआरपीएफ 218 डी बटालियन के सशस्त्र बलों ने हिस्सा लिया।

## रामायण के रंग में रंगे बच्चे

### राम, लक्ष्मण, सीता और हनुमान की दिखी झलक



**संवाददाता**

रामगढ़ । अयोध्या में भगवान राम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के बाद यह पहला रामनवमी का त्यौहार मनाया जा रहा है। लोगों में इस त्यौहार को लेकर काफी उत्साह है। नवमी से एक दिन पहले रामगढ़ शहर के हेलो किड्स रॉबिन हुड विद्यालय में रामायण के वे सारे किरदार दिखे। राम, लक्ष्मण, सीता, हनुमान और यहां तक कि रावण की भी झलक दिखाई दी। विद्यालय में अलग-अलग किरदार में डूबे बच्चे रामायण का पाठ करते दिखाई दिए। यहां बच्चों को रामायण के उन किरदारों के बारे में बताया गया जो हमारे समाज के आदर्श हैं।
भगवान राम कहां पैदा हुए? माता सीता का जन्म कहां हुआ था? हनुमान जी ने अपने जीवन में कौन सी लीलाएं की? लक्ष्मण ने अपने भाई के प्रति आस्था रखी। इन सारी बातों को बच्चों ने आत्मसात किया। बच्चों को रामायण के कुछ क्लिप भी दिखाए गए, ताकि उनके मानस पटल पर उनकी छवि बनी रहे। विद्यालय की प्राचार्या वर्षा अग्रवाल ने बताया कि विद्यालय में सिर्फ पढ़ाई ही नहीं बल्कि बच्चों को संस्कृत के बारे में भी बताया जाना चाहिए। कौन सा पर्व किस लिए मनाया जाता है और उसका उद्देश्य क्या है। अगर बच्चे अभी से सीखेंगे तो बड़े होकर वे एक संस्कारी परिवार का हिस्सा बनेंगे। आज उनमें भरा गया संस्कार हमारे देश का भविष्य तय करेगा।

## दिव्यांग मतदाताओं को सम्मानित कर मतदान के लिए किया प्रोत्साहित

**संवाददाता**

**खूंटी।** सदर प्रखंड अंतर्गत तुतटोली गांव में मंगलवार को दिव्यांग मतदाताओं के लिए विशेष मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इसी कड़ी में दिव्यांग मतदाताओं को सम्मानित कर उन्हें प्रोत्साहित किया गया।
इस दौरान दिव्यांगजनों से निर्वाचन प्रक्रिया में उनकी सहभागिता सुनिश्चित करने, मतदाता सूची में पंजीकरण एवं मताधिकार के प्रति जागरूक किया गया। दिव्यांग मतदाताओं को उनके अधिकारों के प्रति सजग करने के उद्देश्य से आयोजित इस अभियान के दौरान दिव्यांग मतदाताओं से सशक्त लोकतंत्र के निर्माण में मतदान के महत्वों को साझा किया गया। इस दौरान सभी से जागरूक होकर मतदान करने के साथ ही अपने स्तर से और लोगों को भी मतदान के लिए जागरूक करने की अपील की गई। कहां गया कि चुनाव आयोग की ओर से मतदान केंद्रों पर दिव्यांग मतदाताओं के लिए विशेष सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती है। आवश्यकता है कि अपने मताधिकार को समझते हुए आप आगे आएं। साथ ही अबकी बार 80 पार के नारे लगाए गए।

## उपायुक्त ने किया इवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण, दिये निर्देश

**संवाददाता**

**खूंटी।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त खूंटी लोकेश मिश्रा ने मंगलवार को इवीएम वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण किया। उपायुक्त ने इवीएम वेयर हाउस की विधि व्यवस्था से संबंधित आवश्यक पहलुओं की जांच की। इवीएम वेयर हाउस की सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी उपायुक्त ने जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी से ली।
मौके पर विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद थे। उपायुक्त ने सीसीटीवी कैमरे और अन्य उपकरणों की स्थिति तथा रख रखाव का जायजा लिया। सीसीटीवी कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया। साथ ही तैनात सुरक्षा बलों के लॉग बुक, अग्निशमन यंत्र आदि का निरीक्षण किया। इस दौरान तैनात सशस्त्र सुरक्षा बलों को अपने कार्य एवं दायित्वों के प्रति सचेत व सक्रिय रहने के निर्देश डीसी ने दिया। अनुमंडल पदाधिकारी,खूंटी अनिकेत सचान, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रेमचंद कुमार सिन्हा सहित अन्य मौजूद थे।



**वज्र गृह को खोला गया**

इवीएम के प्रथम दौर के रेंडमाइजेशन के पश्चात लोक सभा निर्वाचन 2024 के लिए विधान सभावार बीयू, सीयू और वीवीपैट को अलग-अलग रखने के लिए मंगलवार को हॉल और व्रज गृह को खोला गया। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी 60-खूंटी (एसटी) सह अनुमंडल पदाधिकारी,खूंटी अनिकेत सचान, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रेमचंद कुमार सिन्हा, के अलावा विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद थे।

## प्राचीन दुर्गा मंदिर कुरूम में महाअष्टमी की पूजा धूमधाम से संपन्न

### माता महागौरी की पूजा अर्चना से अलौकिक सिद्धियों की प्राप्ति होती है : मिथलेश तिवारी

**संवाददाता**

**रामगढ़।** प्राचीन दुर्गा मंदिर कुरूम में प्रत्येक वर्ष पुजारी मिथलेश तिवारी की देखरेख में चैती दुर्गा पूजा भक्तिभाव के साथ आयोजित होती है। इस वर्ष भी वहां चैती दुर्गा पूजा का आयोजन किया गया है। पूजा को लेकर श्रद्धालु उत्साहित हैं । मंगलवार को पुजारी मिथलेश तिवारी की देखरेख में यजमान सीताराम सिंह ने विधि पूर्वक माता के आठवें स्वरूप महागौरी की पूजा अर्चना कर खुशहाली की कामना की । मौके पर पुजारी मिथलेश तिवारी ने बताया कि माता के आठवें स्वरूप महागौरी की विधि पूर्वक पूजा अर्चना करने से श्रद्धालु अक्षय पुण्य के अधिकारी बन जाते हैं इसलिए श्रद्धालुओं को माता महागौरी की विधि पूर्वक पूजा अर्चना करनी चाहिए । मिथलेश तिवारी ने बताया की माता महागौरी की पूजा अर्चना से अलौकिक सिद्धियों की प्राप्ति होती है।
चैती दुर्गा पूजा को सफल बनाने में अमित कुमार सिंह,दीपनारायण सिंह, अवधेश सिंह, ललन सिंह, पंकज सिंह, सुमंत सिंह, रितेश सिंह, विपुल सिंह, रोशन सिंह, कृष कुमार, आदित्य सिंह, संतोष मुंडा, उदय मुंडा, तन्मय सिंह, अनुभव सहित सभी लोग योगदान दे रहे हैं।



## शस्त्र प्रदर्शन में प्रथम स्थान आई टीम को किया गया सम्मानित



**रामगढ़** : श्री रामनवमी पूजा के अवसर पर रांची में आयोजित प्रतियोगिता में श्री श्री पवनपुत्र रामनवमी समिति में रोड रामगढ़ के अध्यक्ष सहित कमेटी के रामभक्तों को शस्त्र प्रदर्शन में प्रथम स्थान एवं अमरदीप क्लब रामगढ़ को कला में प्रथम स्थान के साथ अमरदीप क्लब के ही 6 वर्षीय तेजस को शस्त्र प्रदर्शन में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रथम स्थान मिलने की खुशी में सभी खिलाड़ियों को श्री श्री रामनवमी महासमिति रामगढ़ के अध्यक्ष दीपक मिश्रा की अगुआई में महासमिति के पदाधिकारियों ने रामगढ़ बस स्टैंड स्थित महावीर मंदिर एवं दुर्गा मंदिर के प्रांगण में दो अलग अलग कार्यक्रमों के तहत सम्मानित किया। यह जानकारी मंगलवार को महासमिति के मीडिया प्रमुख सत्यजीत चौधरी ने देते हुए बताया की दीपक मिश्रा की अध्यक्षता में सरंक्षक राजेश ठाकुर,संरक्षक सह मुखिया छोटू सिंह,महासचिव तुलेश्वर पासवान, संतोष नायक,उपाध्यक्ष विशाल जयसवाल,कोषाध्यक्ष रूपेश कुशवाहा,कार्यालय प्रभारी मनोज सिंह,मीडिया प्रमुख सत्यजीत चौधरी,सचिव सचिन चंद्रवंशी आदि पदाधिकारियों द्वारा रांची से प्रथम स्थान का मोमेंटो जीत कर आए सभी प्रतिभागियों का उत्साह वर्धन करते हुए श्रीराम का भगवा अंगवस्त्र पहनाकर भगवान श्रीराम जी की मूर्ति के साथ तलवार देकर सम्मानित किया। मौके पर अध्यक्ष दीपक मिश्रा ने कहा की सभी प्रतिभागियों ने आज रामगढ़ का नाम रौशन किया है और मैं चाहूंगा की आगे से महासमिति विभिन्न अखाड़ों में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को चयनित कर उनकी प्रतिभा को निखारने का काम करे जिससे आने वाले वक्त में रामगढ़ रामगढ़ का प्रदर्शन अन्य जिलों से बेहतर हो।

## वीडियोग्राफर और फोटोग्राफरों को दिया गया चुनाव संबंधी प्रशिक्षण

**खूंटी।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के आलोक में बिरसा कालेज, खूंटी परिसर में विभिन्न टीम में शामिल वीडियो ग्राफर, फोटोग्राफर के लिए प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कोषांग के मास्टर ट्रेनर विष्णुनंद तिवारी और श्रवण बारला ने उनके कर्तव्यों एवं दायित्वों के संबंध में जानकारी दी। लोकसभा चुनाव 2024 में खूंटी संसदीय क्षेत्र के अधीन 40 वीडियोग्राफर, फोटोग्राफर, वेबकास्टिंग, फ्लाइंग इस्क्वाड टीम, सर्विलांस टीम में लगे कर्मियों को मंगलवार को चुनाव संबंधी प्रशिक्षण दिया गया। उन्हें बूथ, एफएसटी, एसएसटी, वेबकास्टिंग टीम को कैसेऔर कहां रिकार्ड करना है, इसकी जानकारी दी गई।बताया गया कि उनके द्वारा की गयी वीडियोग्राफी अऔैर फोटोग्राफी को साक्ष्य के रूप में प्रस्तुत किया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान निर्वाचन क्षेत्र में संवेदनशील आयोजनों और बड़ी सार्वजनिक रैलियों की वीडियो ग्राफी को साक्ष्य के रूप दर्ज करने के क्रम में नाम, प्रकार, तारीख, स्थान और घटना का संचालन करने वाली पार्टी एवं अभ्यर्थी का नाम स्वर प्रणाली में रिकार्ड करने की जानकारी दी गयी। उन्हें बताया गया कि वे किसी भी टीम में रहें, वीडियोग्राफी एवं फोटोग्राफी के दौरान किसी भी राजनीतिक दल की सभा में लगने वाले वाहन, फर्नीचर, बैनर, कट आउट सहित स्वर प्रणाली संवर्धन का भी साक्ष्य के रूप में रिकार्ड करने का दायित्व रहेगा।

## समाजसेवी डॉ नन्दकिशोर मेहता की मनी पुण्यतिथि

**संवाददाता**

पिस्का नगड़ी। संत जगत ज्ञान सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल, पिस्का नगड़ी, रांची में विकास पुरुष सह समाजसेवी स्वर्गीय डॉ नन्दकिशोर मेहता की तृतीय पुण्यतिथि मनाते हुए श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ संत जगत ज्ञान महर्षि मेंहि पब्लिक स्कूल के प्राचार्य इंजी. संदीप राज के द्वारा अतिथियों का स्वागत तथा परिचय प्रदान कराते हुए उन्हें गुलदस्ता, बैच तथा मोमेंटो द्वारा सम्मानित करते हुए किया गया। तत्पश्चात अतिथियों के द्वारा स्वर्गीय डॉ नन्दकिशोर मेहता की तस्वीर तथा मूर्ति पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलन किया गया। विद्यालय की शिक्षिकाओं ज्योत्सना कुमारी तथा ग्रुप के द्वारा स्वर्गीय डॉ नन्दकिशोर मेहता को समर्पित एक गीत प्रस्तुत किया गया। विद्यालय के शिक्षक संतोष कुमार चौबे के द्वारा स्वर्गीय डॉ नन्दकिशोर मेहता के दृष्टिकोण तथा उनके उद्देश्यों को जीवन परिचय के रूप में प्रस्तुत किया गया।

## पूर्ण वैभव के साथ निकली अष्टमी की शोभायात्रा

**संवाददाता**

**रामगढ़** : हजारीबाग जिले में रामनवमी का आगाज हो चुका है। मंगलवार को महा अष्टमी के अवसर पर जिले भर के विभिन्न क्षेत्रों में पूर्ण वैभव और हर्षोल्लास के साथ अष्टमी शोभायात्रा निकला। श्री चैत रामनवमी महासमिति, विष्णुगढ़ के द्वारा विष्णुगढ़ में रामनवमी के पूर्व संध्या आयोजित भव्य और आकर्षक झंडा शोभा यात्रा में विशेषरूप से हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के एनडीए सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल शामिल हुए और रामभक्तों और श्रद्धालुओं का उत्साह बढ़ाया। मनीष जायसवाल यहां श्रद्धालुओं के साथ सड़क पर तलवार और भगवा ध्वज के साथ कदमताल करते नजर आए। मनीष जायसवाल को अपने बीच पाकर शोभा यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं का उत्साह चरम पर दिखा। जय श्री राम के नारे की गूंज के साथ पूरा विष्णुगढ़ और बनासो क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। विष्णुगढ़ प्रखंड के सभी 24 पंचायतों के हजारों लोग सड़कों पर श्रीराम की उद्घोष के साथ रामनवमी की आगाज करते दिखे। यह शोभा यात्रा विष्णुगढ़ के दुर्गा मन्दिर चौक से शुरू होकर हॉस्पिटल चौक, अखाड़ा चौक, क्रोंज मोड़, जमुनिया नदी, नवादा होते हुए बनासो स्थित मां बागेश्वरी धाम पहुंचकर समाप्त हुआ। भगवा ध्वज के साथ बाइक पर सवार रामभक्तों का उत्साह चरम पर दिखा। यहां आयोजन समिति ने आत्मीय भाव से विभोर होकर सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल का अंग- वस्त्र भेंटकर अभिनंदन किया। मौके पर मनीष जायसवाल ने आत्मीय स्वागत के लिए विष्णुगढ़ वासियों का हमेशा आपका ऋणी रहने की बात कही। सांसद उम्मीदवार मनीष जायसवाल ने शोभायात्रा में शामिल लोगों को रामनवमी की अग्रिम बधाई एवं शुभकामनाएं भी दी ।



## धूमधाम से मना प्रकृति पर्व सरहुल

**संवाददाता**

**रामगढ़** । आदिवासी छात्र संघ रामगढ़ जिला समिति के तत्वाधान में सरहुल पूजा सह मिलन समारोह का आयोजन शहर के सुभाष चौक पर किया गया। समारोह की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सुनील मुंडा व संचालन संजय करमाली, पंचम करमाली और सुमंत महली ने संयुक्त रूप से किया। ढोल-नगाड़े की थाप पर आदिवासी प्रकृति पर्व पर झूमते, नाचते-गाते नजर आए। जुलुस में शामिल हर उम्र के लोग पारंपरिक वेशभूषा में दिखे। महिलाएं व पुरुष कंधा से कंधा जोड़कर आकर्षक गीत और नृत्य के साथ झूमते रहे। जुलुस में झांकी के माध्यम से अपने जनजातीय पहचान को दिखाने की कोशिश की गई।
केंद्रीय उपाध्यक्ष छोटेलाल करमाली ने कहा कि सरहुल पर्व हमारी समृद्धि, संस्कृति, एकता और प्रकृति से जुड़ा हैं। आदिवासी संस्कृति का जन्म और विकास प्राकृतिक के गोद में हुआ है। इसलिए आदिवासियों के पर्व एवं पूजापाठ प्रकृति से जुड़े हुए हैं।



### समारोह में समाज के लोगों ने दिखाई एकजुटता

समाज आदिवासी समाज के लोगों ने एकजुटता दिखाई। समारोह में पहुंचे अतिथियों का परंपरागत तरीके से स्वागत किया गया। इस दौरान समारोह में मुख्य रूप से महेंद्र मुंडा, आदिवासी छात्र संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष छोटे लाल करमाली, 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष सुनील करमाली, पंकज महतो सहित अन्य शामिल हुए।

## संक्षिप्त

### 97वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा पाठ

**रांची** : नसे रोग हरे सब पीड़ा जपत निरंतर हनुमत बीरा के सुरताल से हरमू रोड का श्री श्याम मंदिर गूंज रहा था। अवसर था 97वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा के संगीतमय पाठ का। श्री श्याम मित्र मंडल के द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में प्रत्येक मंगलवार को होने वाला 97 वा कार्यक्रम आज धूमधाम से संपन्न हुआ। सुनील मोदी आशा मोदी ने परिवार संग हनुमान जी महाराज की दिव्य अखंड पावन ज्योति प्रज्वलित करके केसरिया पेड़ा गुड़ चना फल का प्रसाद अर्पित कर परिवार के लिए खुशहाली की प्रार्थना की। मंडल के उपमंत्री अनिल नारनोली ने पूजन अनुष्ठान विधिवत संपन्न करवाया। श्रवण ढानढनिया ने चना प्रसाद की सेवा प्रत्युष अग्रवाल ने फल प्रसाद एवम केसरिया पेड़ा सेवा श्रीमती पुष्पा देवी पोद्दार ने निवेदित की मोदी परिवार ने रामचरितमानस ग्रंथ व पाठ वाचको का चंदन वंदन किया।

### इंडिया गठबंधन पीएम की हत्या करने की रच रही साजिश : प्रतुल

**रांची** : भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने इंडी गठबंधन पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर जानलेवा हमला करने की साजिश रचने का आरोप लगाया है। प्रतुल ने कहा कि साहिबगंज में झामुमो केंद्रीय समिति के सदस्य नजरुल इस्लाम ने विकृत मानसिकता और जिहादी सोच का परिचय देते हुए मोदी को जमीन में 400 फीट नीचे गाड़ने की धमकी दी है। प्रतुल ने कहा कि इस बयान के सार्वजनिक होने के 24 घंटे के बाद भी पुलिस ने अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की है। यह साफ दिखाता है कि सरकार ऐसे जिहादी तत्वों को बढ़ावा दे रही है।

### श्रीराम जन्मोत्सव के साथ मनेगी राम चरित मानस की जयन्ती

**रांची** : 17 अप्रैल बुधवार को श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर (तिरुपति बालाजी) मन्दिर में चैत्र शुक्ल महानवमी तिथि में पुनर्वसु नक्षत्र एवं कर्क लग्न में कौसल्या नंदन प्रभु श्रीराम का प्राकट्य महोत्सव के उपलक्ष्य पर विविध धार्मिक अनुष्ठान होंगे ब्रह्म मुहूर्त के बेला में भगवान श्रीमन्नारायण का महाभिषेक होगा। फिर वस्त्राभूषणों का अलंकार, पुष्पों का श्रृंगार, महाआरती, नैवेद्य, महास्तुति, गोष्ठी, शठारी और मासिक अर्चना होगी। इसके बाद रघुबीर गद्यम आदि से राम वन्दना, रामचरित मानस पूजन आदि विस्तार पूर्वक होंगे। कौशल्या देवी ने दिव्य लक्षणों से युक्त, सर्वलोक वन्दित जगदीश्वर श्रीराम को जब जन्म दिया , उस समय- सूर्य', मंगल, शनि, गुरु और शुक्र-थे पांचों ग्रह अपने - अपने उच्च स्थान में विराजमान थे। इसके बाद कैकेयी' से सत्यपराक्रमी भरत का जन्म हुआ, जो साक्षात भगवान विष्णु के स्वरूप भूत (खीर के चतुर्थांश से भी कम भाग से) प्रकट हुए।

### जेपीएससी परीक्षा की जांच की पीआईएल पर अब दूसरे कोर्ट में सुनवाई

**रांची** : झारखंड हाई कोर्ट में प्रथम एवं द्वितीय जेपीएससी सिविल सेवा परीक्षा की सीबीआई जांच कराने वाली बुद्धदेव उरांव की जनहित याचिका की सुनवाई मंगलवार को हुई। मामले में न्यायाधीश आर मुखोपाध्याय की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले को दूसरे सक्षम बेंच में भेजने का निर्देश दिया। मामले में सीबीआई की ओर से स्टेटस रिपोर्ट दाखिल किया जा चुका है। पूर्व में सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के अधिवक्ता राजीव कुमार की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि वर्ष 2011 में मामले को लेकर एंटी करप्शन ब्यूरो ने एफआईआर दर्ज की थी। बाद में हाई कोर्ट के आदेश के आलोक में यह मामला सीबीआई को दिया गया था, लेकिन 13 साल बीतने के बाद भी सीबीआई ने अब तक जांच पूरी नहीं की है और मामले में आरोपपत्र भी दाखिल नहीं किया गया है। सीबीआई ने कोर्ट को बताया था कि प्रथम और द्वितीय जीपीएससी सिविल सेवा परीक्षा गड़बड़ी मामले में अनुसंधान अभी जारी है।

## रामनवमी पर विशेष आवरण और विरूपण का विमोचन

# हमारे आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक मूल्यों की अभिव्यक्ति करते हैं भगवान राम : कुमार

**संवाददाता**

**वाराणसी/रांची**। भारतीय डाक विभाग और प्रयाग फिलाटेलिक सोसाइटी के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में वाराणसी एवं प्रयागराज परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने 'रामनवमी' पर एक विशेष आवरण व विरूपण का विमोचन 16 अप्रैल को किया। प्रयागराज प्रधान डाकघर के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में इस विशेष आवरण पर 'रामायण' पर जारी डाक टिकट लगाकर धनुष के चित्र के साथ इसका विरूपण किया गया।

मौके पर पोस्टमास्टर जनरल ने कहा कि भगवान श्री राम हमारे आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक मूल्यों की अभिव्यक्ति करते हैं। मानव इतिहास में राम-कथा की जितनी व्याप्ति है, शायद ही उसका कोई अन्यत्र उदाहरण मिलता हो। प्रयागराज से भी भगवान श्री राम का गहरा नाता रहा है। वनवास के बाद जब श्री राम सीता माता और लक्ष्मण के साथ अयोध्या से निकले तो प्रयागराज में निषादराज ने उन्हें अपनी नाव से गंगा पार कराया।

कृष्णर कुमार यादव ने कहा कि श्री राम देश के जनमानस में बहुत गहरे व्याप्त हैं। श्री राम का चरित्र सिर्फ भारत ही नहीं, बल्कि कई देशों की सभ्यताओं और संस्कृतियों को प्रभावित करता है। श्री राम मानवीय आचरण, जीवन मूल्यों और आत्मबल के ऐसे मानदंड बन गए कि उन्हें मयार्दा पुरुषोत्तम के रूप में स्वीकार किया गया। उनका धार्मिक ही नहीं सामाजिक, साहित्यिक और सांस्कृतिक महत्व भी है। वे सदियों से लोगों की चेतना को स्पंदित करते रहे हैं।




पोस्टमास्टर जनरल ने कहा कि डाक विभाग लोगों को अपनी विरासत और संस्कृति से जोड़ने के लिए तमाम डाक टिकटें और विशेष आवरण जारी करता है। भगवान श्री राम की महिमा डाक टिकटों के माध्यम से भी देश-दुनिया में प्रसारित हो रही है। भारत के साथ-साथ विश्व के 20 से ज्यादा देशों ने रामायण से जुड़े चरित्रों और कथानकों पर समय-समय पर डाक टिकट जारी किये हैं। यानी डाक टिकटों पर भी राम राज छाया हुआ है।

इसी क्रम में 'श्रीराम जन्मभूमि मंदिर' से लेकर 'रामायण' के विभिन्न प्रसंगों से जुड़े तमाम डाक टिकटों को भी समाहित किया गया है, ताकि युवा पीढ़ी डाक टिकटों के माध्यम से अपनी संस्कृति से अवगत हो सके। ये डाक टिकट पत्रों पर लगकर विदेशों में भी जायेंगे, जहां रामायण की गाथा को लोगों तक फैलाएंगे।

निदेशक डाक सेवाएं गौरव श्रीवास्तव ने कहा कि भगवान श्री राम का चरित्र सर्वव्याप्त और समावेशी है। सत्य, दया, करुणा, धर्म और मयार्दा के मार्ग पर चलते हुए उन्होंने नए प्रतिमान स्थापित किये।

प्रवर अधीक्षक डाकघर अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि राम नवमी पर जारी उक्त विशेष आवरण मय विरुपण 25 रुपये में फिलेटलिक ब्यूरो, प्रयागराज प्रधान डाकघर में उपलब्ध होगा।

इस अवसर पर निदेशक डाक सेवाएं गौरव श्रीवास्तव, प्रवर अधीक्षक डाकघर अभिषेक श्रीवास्तव, प्रयाग फिलाटेलिक सोसाइटी के अध्यक्ष प्रमोद कुमार बंसल, सचिव राहुल गांगुली, सीनियर पोस्टमास्टर राजेश श्रीवास्तव, सहायक निदेशक मासूम रजा रश्दी, तनवीर अहमद, उपाधीक्षक प्रमिला यादव सहित तमाम अधिकारी-कर्मचारी और फि लेटलिस्ट उपस्थित रहे।

# उपायुक्त ने स्वीप अंतर्गत मतदाता जागरूकता को लेकर एलईडी वैन को दिखायी हरी झंडी

- वैन के माध्यम से वर्चुअल तकनीक के जरिये लोगों को चुनाव संबंधी दी जायेगी जानकारी

**संवाददाता**

**रांची** : आगामी लोकसभा आम चुनाव 2024 को लेकर रांची जिला में स्वीप के तहत मतदाताओं को जागरूक करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज दिनांक 16 अप्रैल 2024 को जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, रांची श्री राहुल कुमार सिनहा द्वारा समाहरणालय परिसर से एलईडी (वर्चुअल रियलिटी) वैन को हरी झंडी



दिखाकर रवाना किया गया। इस दौरान सहायक निवार्ची पदाधिकारी, रांची विधानसभा उत्कर्ष कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी उर्वशी पांडेय एवं अन्य उपस्थित थे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा ने बताया कि जिले में लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारी सुनिश्चित कराई जा रही है। साथ ही मतदाताओं को जागरुक भी किया जा रहा है, इसी कड़ी में आज डिजिटल वैन को रवाना किया गया है, जो गांव, कस्बों, टोलों में जाकर वर्चुअल तकनीक के जरिए लोगों को मतदान और चुनावी प्रक्रिया के संबंध में जागरूक करेगा।

**25 अप्रैल 2024 तक मतदाता सूची में दर्ज करा सकते हैं नाम**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा ने बताया कि रांची के सामान्य निवासी जिनकी उम्र 1 अप्रैल 2024 को 18 वर्ष हो गई है, वो अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करा सकते हैं। इसके लिए उन्हें फॉर्म-6 भरकर बीएलओ को देना होगा या वो वोटर हेल्पलाइन ऐप के माध्यम से भी फॉर्म-6 भरकर आवेदन दे सकते हैं।

# रामनवमी पर रहेगा ड्राई डे, बंद रहेंगी शराब दुकानें

**संवाददाता**

**रांची**। रामनवमी के अवसर पर रांची जिला में 17 अप्रैल को ड्राई डे रहेगा। रांची उपायुक्त के आदेश पर सहायक आयुक्त उत्पाद ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। जिला में सभी प्रकार की खुदरा उत्पाद दुकानें, बार एवं क्लब सहित, थोक बिक्री परिसर, सभी देशी/विदेशी शराब के विनिर्माणशाला और सभी प्रकार की उत्पाद अनुज्ञप्ति परिसर 17 अप्रैल को बंद रहेंगे। किसी भी प्रकार से शराब की बिक्री एवं आपूर्ति करना प्रतिबंधित रहेगा।

निरीक्षक उत्पाद/सभी अवर निरीक्षक उत्पाद एवं मानव प्रदाता कम्पनी को अपने-अपने क्षेत्र/अंचल स्थित सभी खुदरा



उत्पाद दुकानों को सीलबंद सुनिश्चित करने का आदेश दिया गया है। साथ ही डोरन्डा, हिनू, धुर्वा, हिन्दपीढ़ी, सुखदेवनगर, बरियातु, कोकर जतराटांड़ थाना क्षेत्र में कड़ी निगरानी एवं सतर्कता रखते हुए सघन गश्ती एवं छापामारी करने का भी आदेश दिया गया है, ताकि कहीं भी अवैध शराब की बिक्री नहीं हो।

# 'सबके राम' विषय पर जनजातीय बेटियों ने बनाये प्रभु श्री राम के मनमोहक चित्र



**संवाददाता**

**रांची** : मंगलवार को श्री सनातन महापंचायत कला प्रकोष्ठ झारखंड कि ओर से रामनवमी महापर्व के शुभ अवसर पर बिरसा उच्च विद्यालय कांके रोड में 'सबके राम' विषय पर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अथिति के रूप में शंकर दुबे वरिष्ठ समाजसेवी, सनातन महापंचायत के मुख्य संयोजक ललित ओझा,वरिष्ठ संयोजक सनातन महापंचायत संजय मिनोचा, महानगर संयोजक सनातन महापंचायत युवराज पासवान, शिक्षाविद् डॉ सिद्धार्थ प्रकाश, समाजसेवी राज कुमार पोद्दार, सनातन महापंचायत के कला प्रदेश संयोजक आशुतोष द्विवेदी एव स्कूल कि प्राचार्या सुषमा कुमारी, उप प्राचार्य श्याम सर आदि कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। 500 वर्षो के बाद सभी सनातन भाई बहनों के अथक प्रयास के बाद अयोध्या में प्रभु श्री राम लला का ये भव्य मंदिर बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। प्रभु श्री राम शुभ परंपरा के परिचायक हैं और प्रभु राम के रूप में हम अपने भारतीय संस्कृति एव भारतीय सभ्यता के प्रति समर्पण की भावना रखते है। हमें अपने और हमारे बच्चो को अपनी जड़ों से दूर नहीं होने देना चाहिए। क्योंकि अपनी विरासत और संस्कृति को बचाना ही हमारा प्रथम लक्ष्य होना चाइए। इसी को ध्यान में रखते हुए आज जनजातीय बेटियों ने ₹सबके राम₹ विषय में अदभुत प्रभु श्री राम के चित्र बनाकर सभी का मन अपनी ओर मोह लिया। मयार्दा पुरषोत्तम श्री राम के मनमोहक चित्र बनाकर बच्चो ने कई संदेशों को भी चरितार्थ किया।

**चित्रांगन प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार है -**

**स्केच वर्ग में**

प्रथम - यसोधा कुमारी

द्वितीय -शिवानी कुमारी

तृतीय -पार्वती कुमारी

कलर वर्ग में

प्रथम -जनसिता बोदरा

द्वितीय -सलोनी कुमारी

तृतीय -गीता गारी

सभी चित्रांगन प्रतियोगिता के सभी विजेता प्रतिभागियों को सभी अतिथियों ने सयुक्त रूप से मिलकर उचित पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया।

### बच्चों के बीच शिक्षा सम्बन्धित और खेल सामग्री वितरण

**रांची** : मारवाड़ी महिला सम्मेलन रांची शाखा द्वारा चलो गांव खुशियों की और प्रकल्प के तहत रामपुर गांव के बच्चों के बीच कॉपी, पेंसिल और रबड़ का वितरण किया गया और सभी बच्चों के बीच कविता पाठ की प्रतियोगिता करवाई गई प्रत्येक बच्चे को कुछ-कुछ आकर्षक उपहार भी दिए गए बच्चों को ज्ञानवर्धक एवं अच्छी-अच्छी बातें भी सिखाई गई जैसे कि उनको हम लोगों ने बताया कि किस तरीके से अपने आप को स्वच्छ रख के वह अपने आप को स्वस्थ रख सकते हैं। पर्यावरण की रक्षा एवं जल संरक्षण के बारे में भी जानकारी दी गई। इस गांव के ग्रीन गार्डन स्कूल में निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरा बथवाल की तरफ से बच्चों के बीच में फुटबॉल, फुटबॉल की टीशर्ट, पेंट वितरित की गई यह सभी बच्चे रांची जिला की फुटबॉल टीम को रिप्रेजेंट करते हैं। इस कार्यक्रम को सफल बनाने मे पूर्व अध्यक्ष बिना मोदी, मंजू गाडोदिया, छाया अग्रवाल, रीना सुरेखा, और प्रीति पोद्दार ने सहयोग दिया।

# डोमपाड़ा झालदा मंडली बनी विजेता

- श्री महावीर मंडल कांके की राज्य स्तरीय अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता



**रांची**। डोमपाड़ा झालदा की मंडली श्री महावीर मंडल कांके द्वारा न्यू मार्केट में आयोजित राज्य स्तरीय अस्त्र- शस्त्र चालन प्रतियोगिता की विजेता बनी। अंतर राज्य वर्ग प्रतियोगिता में उसे प्रथम पुरस्कार मिला। द्वितीय स्थान धीवर समिति, झालदा और तृतीय स्थान कैंचीबांध समिति, झालदा को मिला।

राज्य स्तरीय वर्ग में श्रीश्री पवन पुत्र रामनवमी समिति, रामगढ़ को प्रथम, श्री बजरंग समिति, राजागढ़ को द्वितीय और श्री हनुमान समिति कुंवर टोला, रामगढ़ को तृतीय पुरस्कार दिया गया।

जिला स्तरीय वर्ग में बजरंग दल पड़रीटांड़, खलारी को प्रथम, श्री श्री महावीर मंडल मेढ़ी, खूंटी को द्वितीय और जनजागरण समिति, टेंडर को तृतीय पुरस्कार मिला। विशेष खेल के प्रदर्शन के लिए अमरदीप समिति, रामगढ़ को पहला, बजरंग समिति, राजागढ़ को दूसरा और विष्णु बाल मंडली, रामगढ़ को तीसरा पुरस्कार दिया गया।

प्रतियोगिता में 44 मंडलियों ने भाग लिए। विजेता सहित सभी मंडलियों को श्री महावीरी पताका, तलवार, नकद राशि और ट्राफी देकर पुरस्कृत किया गया।

पुरस्कार वितरण मुख्य अतिथि विधायक समरीलाल, अध्यक्ष अनिल महतो टाइगर, सरना समिति अध्यक्ष रंजीत टोप्पो, मुखिया सुमित सुरीन, रामलखन मुंडा, आलोक चौबे, मुकेश यादव, मनोज वर्मा, अरविंद राय, राजकिशोर वर्मा, इंद्रासन सिंह, हरेकृष्ण महतो आदि ने किया।

# फैमिली वोटिंग के संदेशवाली लघु फिल्म 'उड़ चली...' का हुआ लोकार्पण

**संवाददाता**

**रांची** : इस बार राज्य में दिन भर मतदान की व्यवस्था की गयी है। मतदान की अवधि पूर्वाह्न 7.00 बजे से अपराह्न 5.00 बजे तक है। जो भी मतदाता अपराह्न 5.00 बजे से पहले अपने मतदान केन्द्र पर पंक्तिबद्ध रहेंगे, वे अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। मतदाताओं का एक बड़ा वर्ग जो आवश्यक सेवाओं से जुड़े हैं तथा मतदान के दिन अपने कर्तव्य पर रहते हैं, वैसे मतदाताओं के लिए पोस्टल बैलेट के माध्यम से उनके मताधिकार के प्रयोग की व्यवस्था की गयी है। वैसी सेवाओं को 'आवश्यक सेवा' के रूप में अधिसूचित किया गया है। उक्त बातें मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने निर्वाचन सदन सभागार से लोकसभा निर्वाचन के विविध जागरूकता सामग्रियों के लोकार्पण कार्यक्रम में मीडिया प्रतिनिधियों को सम्बोधित करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग एवं 85 वर्ष से अधिक वैसे मतदाता जो मतदान केन्द्र जाने में सक्षम नहीं हैं, वैसे मतदाताओं के लिए पोस्टल बैलेट के जरिये होम वोटिंग की भी व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि कोई भी मतदाता छूटे नहीं, इस ध्येय से निर्वाचन आयोग कार्य कर रहा है। झारखण्ड के हर वर्ग तक निर्वाचन की अहमियत पहुंचे, लोग जागरूक बनें और मतदान में बढ़-चढ़ कर भाग लें, इसके लिए जागरूकता सामग्रियों का लोकार्पण किया जा रहा है।

**इन सामग्रियों का हुआ लोकार्पण**

**लघु फिल्म उड़ चली**

इस अवसर पर क्षेत्रीय कलाकारों द्वारा मतदाता जागरूकता के निमित्त बनायी गयी लघु फिल्म 'उड़ चली' को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा रिलीज किया गया। इसका निर्देशन झारखण्ड के सैकत चटर्जी द्वारा किया गया है। इस फिल्म के माध्यम से लोगों के बीच निर्वाचन और एक-एक वोट के महत्त्व को बताया गया है। साथ ही, परिवार




गढ़ने से पहले देश गढ़ने की बात कही गयी है। इस फिल्म में निर्वाचन को उत्सव की भांति मनाने एवं पूरे परिवार के साथ मतदान में भाग लेने जैसी बातों पर बल दिया गया है।

**झारखण्ड की 08 स्थानीय भाषाओं में 'चुनाव का पर्व-देश का गर्व' स्लोगन के डिजाइन का हुआ लोकार्पण**

भारत निर्वाचन आयोग का इस लोक सभा निर्वाचन का नारा है 'चुनाव का पर्व, देश का गर्व' इस नारे को झारखण्ड की 08 भाषाओं ; यथा, नागपुरी, कुडुख, हो, खड़िया, कुड़माली, खोरठा, मुंडारी एवं संताली में रूपांतरित कर पोस्टर बैनर के माध्यम से सम्बन्धी भाषाई क्षेत्र के लोगों के बीच प्रसारित किया जाना है, जिससे उन क्षेत्रीय भाषाओं वाले मतदाताओं तक भी भारत निर्वाचन आयोग का यह संदेश पहुंच सके।

**'चुनाव कर परब, देस कर गरब' नागपुरी गीत**

स्तानीय कलाकारों द्वारा निर्मित नागपुरी भाषा के वीडियो सॉन्ग 'चुनाव कर परब, देस कर गरब' को भी रिलीज किया गया। यह गीत किसान, बुजुर्ग, युवा, दिव्यांग हर वर्ग के लोगों को निर्वाचन के महत्व को बताते हुए इसमें उत्साहित होकर भाग लेने के लिए प्रेरित करता है।

**निर्वाचन सम्बन्धी कॉलर ट्यून एवं रिंगटोन**

इस अवसर पर निर्वाचन हेतु जागरूकता के लिए 'उड़ चली' लघु फिल्म के एक गीत को लिया गया है, जिसमें सभी वर्ग के मतदाताओं को अपने पूरे परिवार के साथ मिल कर मतदान करने के संदेश को बताया गया है। साथ ही, इस बार दिन भर मतदान सुबह 07 बजे से शाम 05 बजे तक के निर्वाचन के संदेश को जन-जन तक पहुंचाता है।

**कॉफी टेबल बुक का अनावरण**

जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा आड्रे हॉउस में आयोजित कला महोत्सव में कलाकारों द्वारा बनायी गयीं कलाकृतियों का फोटोग्राफ्स कॉफी टेबल बुक के रूप में बनाया गया है। जिसका विमोचन किया गया।

**'इस बार दिन भर मतदान' स्लोगन**

झारखण्ड में इस बार सुबह 07 बजे से शाम 05 बजे तक मतदात अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। इस बात को जन-जन तक पहुंचाने के ध्येय से मुख्य निर्वाचन कार्यालय द्वारा 'इस बार दिन भर मतदान, सुबह 07 बजे से 05 बजे शाम' नारे का भी लोकार्पण हुआ।

**होम वोटिंग एवं मीडिया के लिए पोस्टल बैलेट से सम्बन्धित वीडियो**

मुख्य निर्वाचन कार्यालय द्वारा वीडियो ट्यूटोरियल आई-भाई के जरिये लोगों को चुनाव से जुड़ी सभी प्रक्रियाओं का विस्तृत जानकारी देनेवाले वीडियो सीरीज में 85 वर्ष से अधिक के अथवा 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग जन जो मतदान केन्द्र आने में असक्षम हैं, उनके लिए घर से ही मतदान किस प्रकार करना है, इस बारे में बताया गया। साथ ही, मीडिया के प्रतिनिधि, जो मतदान के दिन अपने कर्तव्य पर रहेंगे, वे किस प्रकार पोस्टल बैलेट का इस्तेमाल करें, इसकी भी जानकारी दी गयी।

इस अवसर पर अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा, ओ एस डी गीता चौबे, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, उप निदेशक जन-सम्पर्क आनंद, उप निर्वाचन पदाधिकारी मुख्यालय संजय कुमार, उड़ चली लघु फिल्म के निर्देशक सैकत चटर्जी, नागपुरी गीत के गीतकार एवं गायक सुनील कुमार एवं उनकी पूरी टीम उपस्थित रही।

## संक्षिप्त

### जमुनिया नदी में गंगा आरती का आयोजन

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ में बासंती रामनवमी दुर्गा पूजा के एक सौ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में महासप्तमी की संध्या विष्णुगढ़ के उत्तरवाहिनी जमुनियां नदी में रामनवमीं महासमिति की ओर से गंगा आरती का आयोजन किया गया। यमुनिया नदी तट पर बने भगवान शिव माता पार्वती का मंदिर और नदी के बीचों बीच बने भगवान सूर्य मंदिर परिसर में हजारों की संख्या में आये पुरोहित एवं श्रद्धालु मंत्रोच्चार के साथ महाआरती में श्रद्धालु हुए।

### सम्मान समारोह कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**मेदिनीनगर :** शहर के शहर थाना परिसर में मोहर्रम इंतेजामिया कमिटी के द्वारा सम्मान समारोह कार्यक्रम का किया गया आयोजन। मोहर्रम इंतेजामिया कमिटी के जेनरल खलीफा शहरयार अली की अध्यक्षता में सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सम्मान समारोह कार्यक्रम के दौरान श्री महाबीर नव युवक दल जेनरल के अध्यक्ष पंकज जयसवाल समेत कमिटी के पूरे सदस्यों को पगड़ी, पोसी कर और मोमेंटो देकर समानित किया गया वही पुलिस प्रशासन के पदाधिकारी और पत्रकार लोग भी समानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान कमिटी के महामंत्री बिकास सिन्हा, गणेश गिरी, किशोर पांडेय, नागेंद्र बाबु सिंह, राजेश पासवान, प्रभात उदयपुरिया, मिथलेश सिंह, नरेश सोनी, मुमताज खान, अजहर पप्पू, कमल खान, अरविंद अग्रवाल, जी समेत शहर थाना प्रभारी देव व्रत पोद्दार, इंद्र देव पासवान और सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे।

### महावीर मंदिर ठाकुरबाड़ी में हुआ भंडारे का आयोजन

**लातेहार :** मेन रोड़ स्थित महावरी मंदिर ठाकुर बाडी पूजा समिति के तत्वधान में नवरात्र के शुभ अवसर भर भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। भंडारे की शुरूआत से पहले ठाकूर जी को भोग लगाया गया फिर जवाहर प्रसाद अग्रवाल के द्वारा भंडारे का उदघाटन किया गया। शाम में आज मंगला जुलूस का आयोजन किया जायेगा। यह जुलूस ठाकुरबाडी से निकल कर पहले थाना चौक जाएगा फिर वापस थाना चौक से लेकर महाबीर मंदिर, शहीद चौक, जुबली चौक, अम्बाटीकर चौक होते हुए बस स्टेंड तक जायेगा, फिर वापस महावीर मंदिर पहुंच जुलूस संपन्न हो जायेगा। आज के भंडारे में मुख्य रूप से राजेश प्रसाद अग्रवाल, रवि गुप्ता, विजय प्रसाद गुप्ता, बिपिन कुमार गुप्ता, पवन कुमार गुप्ता, अशोक कुमार गुप्ता, ब्रजेश अग्रवाल, राकेश साहू, प्रीतम गुप्ता सहित दर्जनों की संख्या में समिति के सदस्य मौजूद रहे।

### नहीं रहे समाजसेवी मोहम्मद पीना अंसारी

**गुमला :** गुमला शहर के अपने समय के मशहूर फुटबॉलर तथा समाजसेवी मोहम्मद अमीन अंसारी उर्फ पीना एजेंट 100 प्लस गुमला कब्रिस्तान में दफन किए गए कल गुमला सिसई रोड स्थित कब्रिस्तान में सैकड़ो लोगों ने नाम आंखों से उन्हें सुरपूरदे खाक किया जनाजे की नमाज पीर ए तरीकत हजरत अतहर ईमाम साहब अरमय शरीफ द्वारा पढ़ाई गई इस मौके पर काफी संख्या में सिसई लोहरदगा कुनकुरी डोरंडा रांची कांके आदि से लोग मिट्टी मंजिल में शामिल होने आए थे वरिष्ठ कांग्रेसी नेता आशिक अंसारी और पुराने फुटबॉल खिलाड़ी मोहम्मद मनीरूद्दीन ने कहा की पीना अंसारी अपने समय के एक बहुत ही अच्छे फुटबॉल खिलाड़ी के साथ ही साथ मोहर्रम के अखाड़े का लाठी और तलवार के बहुत अच्छे खिलाड़ी रहे हैं इनको मौत पर लाठी के उस्ताद कमरुद्दीन कुरैशी और मास्टर खालिद ने भी गहरा अशोक प्रकट किया इसके अतिरिक्त सामाजिक कार्यों में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते रहे हैं जबकि उनके बड़े पुत्र मोहम्मद शमीम अंसारी ने कहा कि हम सब पांच भाई और पांच बहन होते हैं। सभी की शादी हो चुकी है भरा पुरा परिवार छोड़कर हमारे पिता इस दुनिया से चले गए हैं दुख तो है लेकिन सबको जाना है।

# महाष्टमी के दिन हजारों की संख्या में निकली भव्य शौर्य यात्रा

संवाददाता

**विष्णुगढ़ :** श्री श्री चैत्र महारामनवमी त्यौहार को लेकर चैत्र माह एवं हिंदू नववर्ष के प्रवेश के साथ ही सनातनियों के बीच उत्साह का माहौल बनने लगता है। सम्पूर्ण विष्णुगढ़ प्रखंड प्रथम मंगला जुलूस के साथ ही भगवामय हो जाता है। इसी के साथ ही श्री श्री चैत्र महारामनवमी के शुभ अवसर पर महाष्टमी के दिन भव्य शौर्य यात्रा निकालने की परंपरा रही है। प्रत्येक वर्ष को भांति इस वर्ष भी मंगलवार को महाष्टमी के दिन रामनवमी महासमिति अध्यक्ष विनोद सिंह के नेतृत्व में अस्त्र-शस्त्र पूजन हेतु सार्वजनिक दुर्गा मंदिर, रमुआ से परंपरागत तरीके से भव्य शौर्य यात्रा निकाली गई। आयोजित शौर्य यात्रा में हजारीबाग लोकसभा से राजग प्रत्याशी मनीष जयसवाल बतौर मुख्य अथिति शामिल हुए। इस दौरान मनीष जयसवाल ने कहा की महासमिति द्वारा इस आत्मीय स्वागत के लिए वह विष्णुगढ़ वासियों के ऋणी रहेंगे। शौर्य यात्रा सार्वजनिक दुर्गा मंदिर रमुआ से हॉस्पिटल चौक, महंत अखाड़ा चौक, करोंज मोड़, जमुनिया नदी, नवादा होते हुए बनासो स्थित मां बागेश्वरी मंदिर के प्रांगण में पहुंची। मां बागेश्वरी मंदिर बनासो में विधिवत शस्त्र पूजन किया गया जिसके पश्चात महासमिति के सदस्यों के साथ साथ प्रबुद्धजनों को माला पहनाकर एवं अंगवस्त्र लेकर सम्मानित किया गया। महामाया मंदिर में प्रसाद ग्रहण कर नगर भ्रमण किया गया एवं यात्रा का समापन किया गया। इस मौके पर महासमिति अध्यक्ष विनोद सिंह, उपाध्यक्ष रविन्द्र कुमार बर्णवाल (दीपू भाई) रवि पांडेय, ओमकारनाथ शर्मा, अनुराग बर्मन, सचिव संदीप कुमार कसेरा,सह सचिव नीतीश कुमार बरनवाल, कोषाध्यक्ष विनोद सिंह, मीडिया प्रभारी ओमकारनाथ शर्मा, कार्यकारिणी सदस्यो में नवीन कुमार पांडेय, पप्पू मिश्रा, मुकेश विश्वकर्मा, दीपू कुमार अकेला, नरेश राम रवानी, अशोक सिंह, निरंजन सोनी, शंकर कुमार कसेरा, सुमित कुमार, पीयूष कुमार सिन्हा, कुन्दन मिश्रा, रामपवन कुमार वर्मा, रणधीर सोनी, संजय कसेरा, महेश पाण्डेय, शशि लाहकार, अजय प्रसाद साव, राजेश सोनी, पूर्व महासमिति अध्यक्ष लखन प्रसाद (मंडी), वरुण कुमार, किशोर कुमार मंडल, गुरु प्रसाद साव, शंकर सोनी, रीना बर्मन, यशोदा देवी, हिरामन महतो, मुकेश कुमार, रवि कुमार पांडेय, विजय कुमार, विजय नंदन पाण्डेय, विजय कुमार, राजकिशोर पाण्डेय, नीलकंठ पाण्डेय, गौतम भारती, रोहित कुमार दास, लक्ष्मीकांत पाण्डेय, रवि कुमार राणा, महेंद्र प्रजापति, विशाल कुमार, कृष्णा प्रसाद, विशाल सोनी, मनोज कुमार साहू, प्रयाग साव, राजू श्रीवास्तव, विजय कुमार गुप्ता,पप्पू मिश्रा, सुनील अकेला समेत हजारो की संख्या में रामभक्त उपस्थित थे।



## पुलिस ने किया मॉक ड्रिल, उपद्रवियों से निपटने की पुलिस की है फुलप्रूफ तैयारी

**पलामू :** रामनवमी को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करने के लिए पलामू जिला प्रशासन कई स्तरों पर तैयारी कर रहा है। जुलूस के रूट पर नजर रखने के साथ-साथ उपद्रवियों से भी निपटने की तैयारी की गई है। इस कड़ी में अपनी तैयारी को परखने के लिए पलामू पुलिस प्रशासन ने पुलिस लाइन स्टेडियम में मॉक ड्रिल किया। पुलिस के ही जवान उपद्रवी बनकर सामने आए और उनसे निपटने के लिए पुलिस जवान और पदाधिकारियों ने हर तैयारी को जांची। पुलिसकर्मियों ने टियर गैस छोड़ने, लाठी चार्ज की, आपाता स्थिति में भीड़ को रोकने के लिए फायरिंग की, फायर ब्रिगेड ने वाटर कैनन से स्थिति से निपटने की अपनी तैयारी को अंतिम रूप दिया। एंबुलेंस से घायल उपद्रवियों को अस्पताल ले जाने की प्रक्रिया भी पूरी की गई। जिले के सभी प्रखंडों में रामनवमी पर्व के मद्देनजर शोभायात्रा जुलूस निकाला जाता है। ऐसे में पुलिस की कोशिश है कि हर स्तर पर तैयारी पूरी रहे। किसी एरिया में अगर उपद्रवियों की हरकत सामने आती है तो पुलिस तत्काल उनसे निपट सके। जिले के एसपी रीष्मा रमेशन ने जानकारी दी कि पलामू पुलिस ने मॉक ड्रिल अभ्यास किया। जिले भर में विभिन्न स्थानों से रामनवमी पर शोभा यात्रा जुलूस निकाला जाता है।

## जानकी प्रसाद यादव ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ भाजपा पार्टी छोड़ी



संवाददाता

**बरकट्ठा :** विधानसभा के पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव के आवासीय कार्यालय परिसर में भाजपा की एक चिंतन बैठक का आयोजन बरकट्ठा भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष गोपाल प्रसाद के अध्यक्षता में आयोजित किया गया ,जबकी संचालन भाजपा बरकट्ठा बेडोकला के पूर्व मंडल अध्यक्ष बीरेंद्र यादव के द्वारा किया वरिष्ठ नेता महाबीर यादव के नेतृत्व में सैकड़ो समर्थको के साथ लिए गए प्रस्ताव के आलोक में पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव अपने समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया पूर्व विधायक ने जानकारी देते हुए कहा कि भाजपा के द्वारा पिछले पांच वर्षों से उपेक्षित महसूस कर रहा था मेरे समर्थकों व कार्यकर्ताओं को हासिये पर रख पिछले 2019 विधानसभा चुनाव में भाजपा के खिलाफ अनर्गल बयानबाजी करने वाले को इस बार भाजपा लोकसभा में संयोजक बना दी है, इस तरह की उपेक्षा अपने कार्यकर्ताओं की नही देख सकते हैं, जानकी यादव संघर्ष का दूसरा नाम है हम पुनः संघर्ष करेंगे जनता के बीच जाएंगे। वहीं, बैठक में मौजूद नेताओ व कार्यकर्ताओ ने पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव का समर्थन करते हुए भाजपा के प्राथमिक सदस्यता व पदों से इस्तीफा दिया ।मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए पूर्व विधायक ने कहा लोकसभा में उनकी क्या भूमिका रहेगी यह कार्यकर्ताओ के साथ बैठकर निर्णय लेंगे। चिन्तन बैठक में मुख्य रूप से पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष चंदन देवी, चंपा देवी, बीरेंद्र यादव, बाबूलाल बिहारी, देवीलाल साव, केदार यादव, दुर्गा चौधरी, पूर्व मुखिया गोपाल प्रसाद, पूर्व मुखिया बसन्त साव, कुमार रवि चौधरी, सांसद प्रतिनिधि सह मुखिया सुखदेव यादव, मनोहर चौधरी, महेन्द्र प्रसाद, शमशेर अंसारी, राजकुमार नायक, बासुदेव साव, दशरथ यादव, मुखिया आलोक सिंह, देवानन्द प्रसाद, उपेन्द्र शर्मा, सुरेश पांडेय, राजकुमार चौधरी, समेत बड़ी संख्या में नेता कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### विनोद सिंह की जमानत पर सुनवाई 18 अप्रैल को

**रांची :** जमीन घोटाला मामले में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के सहयोगी आर्किटेक्ट विनोद सिंह के जमानत याचिका पर 18 अप्रैल को ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में सुनवाई होगी। मामले में विनोद सिंह ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से सोमवार को कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की थी। फिलहाल इस मामले में आरोपित पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और बड़गाईं अंचल के हल्का कर्मचारी भानु प्रताप बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में न्यायिक हिरासत में बंद हैं। ईडी ने हेमंत सोरेन को मुख्यमंत्री के पद से इस्तीफा देने के बाद मनी 31 जनवरी की रात को गिरफ्तार किया था। ईडी ने बड़गाई अंचल के 8.5 एकड़ जमीन घोटाले में हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किया था।

## रामनवमी को लेकर सोशल मीडिया के लिए निर्देश जारी




हजारीबाग। रामनवमी को लेकर सोशल मीडिया के ग्रुप एडमिन और सदस्यों के लिए निर्देश जारी किए गए हैं। इसका उल्लंघन करने वालों पर कानूनी कार्रवाई भी की जा सकती है।

एसपी कार्यालय की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि सोशल मीडिया के सभी ग्रुप एडमिन और ग्रुप सदस्यों को सूचित किया गया है कि रामनवमी पर्व-2024 के अवसर पर आपसी सामाजिक सौहार्द बनाये रखने एवं शांति व्यवस्था के लिए अपने-अपने पुष में किसी के द्वारा साम्प्रदायिक / आपत्तिजनक पोस्ट नहीं करने की अपील करेगें। यदि किसी प्रकार की सूचना प्राप्त होती है तो इसकी प्रशासनिक पुष्टि करना सुनिश्चित करेगें। किसी प्रकार की अफवाह पर ध्यान नहीं देगें। उल्लेखनीय है कि झारखंड के विभिन्न हिस्से में पूर्व में ग्रुप के कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा टिप्परणी किये जाने के कारण उनके विरुद्ध विधि-सम्मत कानूनी कार्रवाई की जा चुकी है। एसपी ने विश्वास जताया कि सभी मिलकर अपने-अपने कर्तव्यों / जिम्मेदारी एवं सौपें गये दायित्वों का भली शांति निर्वहन करना सुनिश्चित करेगें। अफवाह फैलाना या समाज में अशांति फैलाना एक दंडनीय अपराध है, जिसके लिए दोषी व्यक्तियों को जेल हो सकती है।

## भाजपा नेता ने नाबालिग से किया दुष्कर्म, पार्टी ने पद से हटाया



संवाददाता

**मेदिनीनगर :** पलामू में नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी भाजपा मंडल अध्यक्ष को पार्टी ने हटा दिया है ।इस पूरे मामले में मंडल अध्यक्ष सत्येंद्र यादव के खिलाफ मनातू थाना में पोक्सो और दुष्कर्म की धाराओं में एफआईआर दर्ज किया गया है ।भाजपा के पलामू जिला अध्यक्ष अमित तिवारी ने मंडल अध्यक्ष सत्येंद्र यादव को पद से हटाए जाने की पुष्टि की है। इससे पहले उन्होंने ने ही पार्टी आलाकमान को पत्र लिखकर मंडल अध्यक्ष के खिलाफ कार्रवाई करने की अनुशंसा की है। क्यों की मनातू थाना क्षेत्र में भाजपा के मंडल अध्यक्ष सत्येंद्र यादव पर एक नाबालिग के साथ दुष्कर्म का आरोप लगा है। रविवार 14 अप्रैल को मनातू थाना क्षेत्र में दुष्कर्म की घटना के बाद नाबालिग के साथ दुष्कर्म के आरोप लगा है। ग्रामीणों ने बताया कि शुरूआत में मामले को रफा दफा करने की कोशिश की गई थी और पीड़िता को थाना जाने से मना किया गया था। लेकिन बाद में पीड़िता थाना गई थी, जिसके बाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर लिया है। मनातू थाना प्रभारी निर्मल उरांव ने बताया कि सत्येंद्र यादव की गिरफ्तारी के लिए कई इलाकों में छापेमारी की जा रही है. पुलिस पूरे मामले में आगे की करवाई के साथ छानबीन भी कर रही है। सत्येंद्र यादव फिलहाल फरार चल रहा है।

इस मामले में पुलिस आरोपी सत्येंद्र यादव की गिरफ्तारी के लिए कई इलाकों में छापेमारी कर रही है। पीड़िता नाबालिग मनातू के इलाके में ननिहाल में रहा करती थी। रविवार को वह महुआ चुनने के लिए जंगल गई थी, घर वापस लौटने के क्रम में उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया।

## हाइवा चालक हत्याकांड में सात गिरफ्तार, हथियार बरामद

संवाददाता

**जमशेदपुर :** पुलिस ने हाइवा चालक हत्याकांड में सात आरोपितों को गिरफ्तार कर कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इनमें प्रवीर सिंह उर्फ छोटू, राहुल सिंह उर्फ राहुल बच्चा, अर्जुन महतो उर्फ अर्जुन बच्चा, राहुल राय, अभिषेक साह, रौनक शर्मा और आशीष बर्मन हैं। इनके पास से दो मोटरसाइकिल, एक ऑटो, तीन पिस्टल, 3 देसी कट्टा, 11 राउंड जिंदा कारतूस और तीन मैगजीन बरामद हुई हैं। यह जानकारी मंगलवार को एसएसपी किशोर कौशल ने प्रेसवार्ता में दी। एसएसपी ने बताया कि 14 अप्रैल को उलीडीह थाना अंतर्गत वसुंधरा एस्टेट के समीप हुए चालक सन्नी यादव हत्याकांड में



सातों शामिल थे। घटना के बाद सिटी एसपी के नेतृत्व में एक एसआईटी का गठन किया गया था। एसआईटी ने सबसे पहले अभिषेक शाह और रोहित शर्मा को घाटशिला से गिरफ्तार किया। उनकी निशानदेही पर बिरसानगर के हुरलुंग स्थित एक भट्ठे से बाकी पांच लोगों की गिरफ्तारी की गई। उन्होंने बताया कि पिछले दिनों शहर में हुए प्रदीप और राजा हत्याकांड मामले में इन्हें शक था कि सन्नी यादव ने उनकी हत्या करवाई थी। उसी का बदला लेने के उद्देश्य से सातों ने मिलकर सन्नी यादव की हत्या कर डाली। सभी ने अपने अपराध स्वीकार कर लिये हैं।

## विजय शंखनाद संस्था सभी झांकियां व रामभक्तों पर करेगी पुष्प वर्षा

**हजारीबाग :** विजय शंखनाद संस्था द्वारा एक प्रेस वार्ता प्रेस क्लब सभागार में आयोजित की गई। संस्था के अध्यक्ष अमरदीप यादव ने बताया कि 500 वर्षों बाद अयोध्या में भव्य राम मंदिर में रामलला विराजमान हुए और 22 जनवरी 2024 को प्राण प्रतिष्ठा हुआ है। पूरी दुनिया के सनातन धर्म प्रेमी गौरान्वित है इसलिए इस शुभ वर्ष में संस्था अपने शिविर से सभी झांकियों और रामभक्तों पर पुष्प वर्षा करेगी। अधिक फूल उपलब्ध कराने के लिए फूल विक्रेताओं से संपर्क किया गया है। अमरदीप ने जानकारी देते हुए बताया कि भारत सरकार के पर्यटन विभाग के वेबसाइट utsav.gov.in में हजारीबाग रामनवमी का संक्षिप्त इतिहास और तस्वीरें अपडेट कर दिया गया है। इससे विदेशी पर्यटक हजारीबाग इंटरनेशनल राममवमी के बारे में जानकारी प्राप्त कर रामनवमी में हजारीबाग रामनवमी, विजयादशमी और एकादशी जुलूस देखने आने के लिए आकर्षित और प्रेरित होंगे। इससे रोजगार की संभावनाएं बढ़ेगी। इसके लिए भारत सरकार बधाई के पात्र हैं। 27 फरवरी 2022 से संस्था ने इस विषय को सरकार को ध्यान आकृष्ट कराया था।

## आम जनता के संघर्ष को आगे करने के लिए सीपीआई प्रत्याशी के पक्ष में करें मतदान : रूचिर



संवाददाता

**मेदिनीनगर :** भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के लोकसभा उम्मीदवार अभय कुमार भूइंया जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रूचिर कुमार तिवारी वरिष्ठ कम्युनिस्ट नेता सूर्यपत सिंह, राज्य कार्यकारिणी सदस्य जितेंद्र सिंह, सुरेश ठाकुर, अभिषेक भूइंया ने छतरपुर अंचल के ग्राम -चरू, भलही, टेनपा, सरवसवा, आदि दर्जनों गांव में जनसंपर्क अभियान किया एवं आम जनता से मिलकर भाकपा के उम्मीदवार अभय कुमार भूइंया के पक्ष में मतदान करने को कहा। मौके पर वरिष्ठ कम्युनिस्ट नेता सूर्यपत सिंह ने कहा कि कम्युनिस्ट पार्टी शुरू से इस इलाका में गरीब में किसान मजदूर के हित में काम करते आई है एवं जमींदार परिवार से जमीन छीनकर गरीबों के बीच बांटने का काम किया है और आज जरूरत है अडानी अंबानी जैसे बड़े कॉर्पोरेट पक्षी सरकार को हराने के लिए हसुआ वाली में वोट दे। जिला सचिव श्री रुचिर तिवारी ने कहा कि पलामू जिला के एकमात्र युवा, कर्मठ शिक्षित एवं स्थानीय प्रत्याशी पलामू के पुत्र को भाकपा में उम्मीदवार बनाया है पलामू वासी एकमत होकर एक राय होकर गरीब मजदूर दलित पिछले की आवाज की पार्टी को जीतने का संकल्प लें एवं पलामू के विकास में एक नई गाथा लिखें। झूठ बोलने वाले भाजपा के सांसद बीडी राम को हराकर यहां की जनता वापस उन्हें बक्सर भेजने का काम करें। बैठक में नरेश राम,सजीवन भूइंया, रामसागर राम, रानती देवी,लखन राम, मोमुदीन अंसारी, बिनोद भूइंया सहित कई लोग उपस्थित थे।

# बनवारी साहु महाविद्यालय में धूमधाम से मनाया गया 41वां स्थापना वर्ष

संवाददाता

**लातेहार :** बनवारी साहु महाविद्यालय का 41वां स्थापना वार्षिकोत्सव समारोह धुम-धाम से मनाया गया। सर्वप्रथम महाविद्यालय के संस्थापक सदस्य कृष्णा प्रसाद गुप्ता, सचिव अंजू गुप्ता तथा प्राचार्य प्रदीप कुमार तिवारी तथा कर्मियों के द्वारा बनवारी साहु की प्रतिमा पर माल्यार्पन किया गया तत्पष्चात दीप प्रज्जवलीत कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। छात्र-छात्राओं के द्वारा स्वागत गीत गाया गया तथा प्राचार्य के द्वारा स्वागत भाषण दिया गया। स्वागत भाषण में प्राचार्य ने बताया की महाविद्यालय की स्थापना 15 अप्रैल 1984 में उस परिस्थिति में किया गया जब यहां उच्च षिक्षा का नितांत अभाव था। उस समय बनवारी साहु के पत्नियों के द्वारा भुमिदान किया गया एवं संस्थापक सचिव स्व. केदार प्रसाद गुप्ता के द्वारा महाविद्यालय को मुर्त रूप दिया गया। महाविद्यालय के कर्मि अल्प राषि पर जिवित रह कर विद्या दान देना प्रारंभ किये। महाविद्यालय कई प्रकार के थपेडों एवं झंझावातों को झेलते हुए आगे बढ़ते रहा। सन 2011 ई. में महाविद्यालय के इतिहास में एक नया मोड़ आया क्योंकी इसी महाविद्यालय के छात्र रह चुके श्री बैद्यनाथ राम षिक्षा मंत्री का




पद सुषेभित किये तथा महाविद्यालय को अपने मंत्रित्व काल में न सिर्फ स्थायी संबद्धता प्रदान किया बल्की महाविद्यालय को अनुदानित महाविद्यालय की श्रेणी में खड़ा कर दिया। यु0जी0सी के द्वारा नैक से मुल्यांकण अनिवार्य करने के कारण महाविद्यालय के सचिव अंजू गुप्ता के अथक प्रयास से महाविद्यालय को नैक के द्वारा ग्रेड बी की मान्यता प्रदान की गयी और महाविद्यालय अच्छे गुणवत्ता वाले महाविद्यालयों की श्रेणी में आ खड़ा हुआ। वर्तमान में महाविद्यालय विज्ञान संकाय तथा व्यवसायिक षिक्षा की मान्यता के लिए प्रयासरत है। महाविद्यालय की सचिव अंजू गुप्ता ने बताया की हमारी सासु मां चाहती तो धर्मषाला अथवा मंदिर का निर्माण करवा सकती थी परन्तु उन्होंने ने षिक्षा का महत्व दिया जहाँ प्रत्येक धर्म एवं समुदाय के लोग षिक्षा ग्रहण कर सके। आज हमलोग महाविद्यालय का उदेष्य पुरा होते देखकर बहुत हीं उत्साहित हैं। इस अवसर पर बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया एवं वाहवाहियां लूटी। कार्यक्रम के अंत में विजेताओं के बीच पुरूषकार वितरित किया गया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन महाविद्यालय के वरिष्ठतम षिक्षक प्रो. सुरेष प्रसाद के द्वारा किया गया, मंच संचालन श्री अनुपम मिश्रा के द्वारा तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम का संचालन प्रो0 नवल किशोर प्रसाद के देखरेख में किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षक कर्मी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त

### अवैध शराब भट्ठी को जवानों ने किया नष्ट

**बोकारो :** बोकारो उपायुक्त के निदेशानुसार सहायक आयुक्त उत्पाद बोकारो के मार्गदर्शन एवं निरीक्षक उत्पाद के पर्यवेक्षण में बोकारो थर्मल थाना के सहयोग से बोड़िया बस्ती में कोनार नदी किनारे संचालित अवैध शराब निर्माण स्थलों पर छापेमारी की गई। इस दौरान जावा महुआ 9800 किग्रा व 365 लीटर अवैध चुलाई शराब जब्त की गई। इस क्रम में संदिग्ध अभियुक्तों पर उत्पाद अधिनियम के आधार पर मामला दर्ज किया गया है। छापेमारी दल में निरीक्षक उत्पाद संजीत देव, अवर निरीक्षक सदर कृष्णा प्रजापति, दीपिका कुमारी, अवर निरीक्षक तेनुघाट, पुलिस अवर निरीक्षक धनंजय कुमार सिंह, पुलिस अवर निरीक्षक अजीत कुमार, सहायक अवर निरीक्षक बैजू सहित सशस्त्र बल शामिल थे।

### अपराधियों ने की फायरिंग दो खोखा बरामद

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के गोलमुरी थाना अंतर्गत केबुल कंपनी मोड़ के पास मंगलवार दोपहर अपराधियों ने स्कूटी से जा रहे दो युवकों पर फायरिंग कर दी. इस घटना में संदीप सिंह और उसका साथी सूरज सिंह बाल-बाल बच गए।घटना के अपराधी मौके से फरार हो गए।इधर, घटना की सूचना पाकर गोलमुरी पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई।घटना स्थल से पुलिस ने दो खोखा भी बरामद किया है।पुलिस संदीप और सूरज को अपने साथ पूछताछ के लिए थाना ले गई वहीं पुलिस आस-पास के सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है। मुखबिरी के शक में चलाई गोली सदीप ने बताया कि वो अपने साथी सूरज के साथ स्कूटी से केबुल टाउन पांच नंबर से अपने घर की ओर जा रहा था।रास्ते में लड्डू सिंह, वीर सिंह, अमरजीत, सुमित यादव समेत अन्य युवक कार से आए और अचानक फायरिंग कर दी।संदीप ने बताया कि मौके पर कुल पांच राउंड फायरिंग की गई।घटना को अंजाम देने के बाद सभी फरार हो गए।संदीप के अनुसार सभी आरोपी केबुल कंपनी में चोरी करते है।

### भतीजा को चाकू मारकर किया घायल

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के मानगो थाना अंतर्गत कुंवर बस्ती निवासी संदीप यादव उर्फ राजा यादव को उसके चाच बालेश्वर यादव ने चाकू मार कर घायल कर दिया. घटना सोमवार देर रात की है। घटना के बाद परिजनों ने संदीप को इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल पहुंचाया। वहां संदीप का इलाज किया गया। संदीप के दाएं कंधे में चाकू से वार किया गया है। संदीप की पत्नी ज्योति को भी अंदरूनी चोट आई है। इधर, घटना की सूचना मिलने पर मानगो पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी बालेश्वर को हिरासत में ले लिया। इस संबंध में ज्योति देवी ने मानगो थाना में लिखित शिकायत की है। संदीप के साले अनिल यादव ने बताया कि बालेश्वर यादव उनकी बहन से साथ हाथापाई करते हुए छेड़खानी कर रहे थे। इसी बीच उसके जीजा संदीप यादव घर पहुंचे और इसका विरोध किया। विरोध करने पर बालेश्वर यादव ने जीजा पर चाकू से हमला कर दिया। बहन ने फोन पर जानकारी दी। इसके बाद वह बहन के घर पहुंचा। अनिल ने बताया कि बालेश्वर यादव घर पर अवैध शराब का भी कारोबार करता है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### बजरंगबली पूजा समिति ने निकाली कलश यात्रा

**चांडिल।** क्षेत्र में लोगों के बीच धार्मिक आस्था दिन पर दिन बढ़ती जा रही है. गांव गांव में मंदिर बनाए जा रहे हैं. आराध्य देव की मूर्ति स्थापित की जा रही है और धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को रघुनाथपुर के दास टोला में बजरंगबली पूजा समिति द्वारा बजरंग बली की मूर्ति स्थापित किया गया।यहां बजरंग बली हनुमान का मंदिर निमार्णाधीन है। नव स्थापित बजरंग बली हनुमान जी की मूर्ति का प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान पुजारी शिबू बनर्जी के द्वारा संपन्न कराया गया।

# रामनवमी आज, जगह-जगह से निकलेंगे भव्य जुलूस

## महावीरी झंडों से पटा इस्पातनगरी का कोना-कोना, प्रशासन अलर्ट



संवाददाता

**बोकारो :** इस्पातनगरी बोकारो में बुधवार को भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव रामनवमी मनाए जाने की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्रतिमा स्थापित होने के बाद की पहली रामनवमी को लेकर इस बार विशेष उत्साह देखा जा रहा है। चास-बोकारो का कोना-कोना महावीरी झंडों से पटा हुआ है। हर गली मोहल्लों में केसरिया ही केसरिया नजर आ रहा है। भारी तादाद में शहरवासियों ने मंगलवार को बांस व झंडों की खरीदारी की। बुधवार को विधिवत पूजा के बाद वे अपने घरों में महावीरी ध्वजा फहराएंगे। दुंदीबाद बाजार, सेक्टर-1 श्री राम मंदिर, सेक्टर-4, चास चेकपोस्ट आदि बाजारों में खूब बिक्री हुई। जहां 100 रुपए से पांच हजार तक के झंडे बिक रहे थे। इसके अलावा पूजा सामग्री की दुकानों में भी भीड़ देखी गई।

इधर, शहर में चारों तरफ का वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। मंदिरों में अखंड कीर्तन जैसे अनुष्ठान शुरू हो चुके हैं। पूरा शहर राममय बना हुआ है। हर तरफ आस्था और उत्साह का माहौल है। वहीं रामनवमी को लेकर सभी अखाड़ा समितियों की ओर से तैयारी पूरी कर ली गई है। दूसरी तरफ, अखाड़ा समिति की ओर से झांकी व शोभायात्रा निकाली जाएगी। झांकी व शोभायात्रा विभिन्न स्थानों से निकलकर सेक्टर-1 स्थित श्री राम मंदिर चौक गोलंबर पर पहुंचेगी। रामनवमी जुलूस रेलवे फाटक रितुडीह, झोपड़ी कालोनी, एलएच मोड़, माराफारी, चास व बीएस सिटी के सभी क्षेत्रों से गाजे-बाजे, झंडा के साथ झांकियां एवं जुलूस के साथ 3 बजे से झांकी निकालकर रात्रि 7 बजे तक सेक्टर-1 स्थित श्री राम मंदिर चौक पहुंचेगी। वहां सभी अखाड़ा व झांकी का स्वागत करेगी व सम्मानित किया जाएगा। वहीं, रामनवमी को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। डीसी विजया जाधव एवं एसपी पूज्य प्रकाश के नेतृत्व में प्रशासन-पुलिस के अधिकारी खुद सतर्क हैं। सीसीटीवी और ड्रोन कैमरों से जुलूस पर नजर रखी जाएगी। पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात किए गए हैं। एहतियातन विद्युत व्यवस्था भी प्रभावित रहेगी। रामनवमी जुलूस को लेकर सुरक्षा के दृष्टिकोण से चास क्षेत्र में अपराह्न 01 बजे से रात्रि 11 बजे तक एवं तेनुघाट क्षेत्र में अपराह्न 02 बजे से रात्रि 11 बजे तक बाधित रहेगी। जबकि, इस्पातनगरी बोकारो में बिजली आपूर्ति संध्या 4 से रात 10 बजे तक बंद रखी जाएगी।

### बेकाबू भीड़ नियंत्रित करने को लेकर पुलिस ने की मॉक ड्रिल



**बोकारो :** रामनवमी और आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सेक्टर-12 स्थित पुलिस लाइन मैदान में मंगलवार को सिटी डीएसपी आलोक रंजन के नेतृत्व में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। जिला पुलिस के द्वारा अनियंत्रित भीड़ को रोकने के लिए मॉक ड्रिल की। रामनवमी पर्व के दिन जिले में अधिकांश मंदिरों से जुलूस निकलता है। रामनवमी के जुलूस में शामिल भीड़ के द्वारा हथियार का खेल खेला जाता है। इस दौरान किसी प्रकार का व्यवधान ना हो और उपद्रवियों से निपटने के लिए पुलिस प्रशासन ने मॉक ड्रिल अभ्यास किया। सिटी डीएसपी कि ने कहा कि रामनवमी पर्व में किसी भी विशेष परिस्थिति और संकट उत्पन्न होने पर पुलिस किस प्रकार उस पर नियंत्रण करती है, उसी को लेकर यह मॉक ड्रिल अभ्यास किया गया। बताया कि जिला पुलिस के द्वारा शांति समिति की बैठक भी सभी थाना में किया गया है ताकि पर्व शांति, भाईचारा और स्वस्थ माहौल में खुशी-खुशी मनाया जाए।

## संकटमोचन हनुमान मंदिर में हुई प्राण-प्रतिष्ठा

संवाददाता

**बोकारो :** नगर के सेक्टर-4 जी मोड़ में धर्मस्थान, सेक्टर 4जी मोड़ स्थित नवनिर्मित संकटमोचन हनुमान मंदिर में सोमवार को हनुमान जी की प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा की गई। यह एकदिवसीय प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम पूरे विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर आयोजित किया गया।

इस अनुष्ठान को संपन्न कराने में पंडित अशोक पांडेय शास्त्री, मुख्य यजमान मधुसूदन यादव, आरती यादव, कलश स्थापना राजेश चौधरी, अर्चना चौधरी सहित स्वरूप शेखर पांडेय, अनुराग कुमार उर्फ भज्जु, रजनी कांत पाठक, सरोज कुमार मिश्रा, अरुण पाठक, मुन्ना, डेजी, सरयू चौधरी, लक्ष्मी सिन्हा, पवन, नागेन्द्र सिंह आदि की प्रशंसनीय भूमिका रही। मंदिर के लिए हनुमान जी की मूर्ति दान रजनी कांत पाठक ने किया। आयोजन के दौरान भक्ति गीतों से पूरा वातावरण गुंजायमान रहा।आयोजन में आस पास के श्रद्धालुओं की उत्साहपूर्ण भागीदारी प्रशंसनीय रही।

## बोकारो थर्मल में रामनवमी को लेकर पुलिस का बाइक से फ्लैग मार्च



संवाददाता

**बोकारो थर्मल :** बोकारो थर्मल थाना के इंस्पेक्टर शैलेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में मंगलवार को स्थानीय थाना क्षेत्र में रामनवमी एवं वासंती दुर्गा पूजा त्योहार के दौरान शांति व्यवस्था की बहाली को लेकर बाइक एवं पुलिस के वाहनों से फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च बोकारो थर्मल के विभिन्न मुख्य सड़कों व गलियों से होते हुए कथारा, जारंगडीह से होकर लौटकर थाना परिसर में समाप्त किया गया। इंस्पेक्टर ने थाना क्षेत्र के आमजनों से मिलकर आपसी सौहार्द के साथ रामनवमी एवं वासंती दुर्गा पूजा का त्योहार मनाने की अपील की। कहा कि रामनवमी को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से हाई अलर्ट पर है। फ्लैग मार्च के माध्यम से इलाके में शांति व्यवस्था बरकरार रखते हुए पर्व को आपसी सौहार्द के वातावरण में मनाने की अपील करते हुए कहा कि असामाजिक तत्वों पर पुलिस प्रशासन की पैनी नजर है। किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान नहीं देना है और शांति व्यवस्था भंग करने वाले तत्वों पर कड़ी कारवाई करने की बात भी कही। फ्लैग मार्च में थाना के पुलिस पदाधिकारियों में बिरेंद्र हांसदा, अजीत कुमार, धनंजय सिंह, धर्मेंद्र कुमार, भागीरथ महतो, दीपक कुमार पासवान, जी. बानरा, सअनि अरविंद सिंह, पंकज कुमार भारद्वाज, अरविंद मेहता, एस मुर्मू, बैजून मरांडी, मनोज कुमार मंडल, सुरक्षा बलों एवं डीवीसी होमगार्ड के जवान शामिल थे।

## बीएसओए की आमसभा में नई समिति ने संभाला पदभार

- अधिकारियों की सुविधा, सुरक्षा का रखेंगे ख्याल : महासचिव



संवाददाता

**बोकारोः** बोकारो स्टील ऑफिसर्स एसोसिएशन (बीएसओए) की नई समिति ने अपना पदभार संभाल लिया। सोमवार देर रात तक चली पूर्व निर्धारित जनरल बॉडी मीटिंग समाप्त हुई, जिसमें पुरानी कमेटी से नई कमेटी को कार्यभार सौंप दिया गया। इस अवसर पर अधिकारियों की सुविधाओं, सुरक्षा सहित विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। नए ऑडिटर की नियुक्ति पर चर्चा हुई एवं पूर्व कमेटी के कोषाध्यक्ष ने जनवरी 2024 तक का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। आमसभा में बीएसओए के माध्यम से मेडिकल इंश्योरेंस पर भी विशेष चर्चा हुई। महासचिव अजय कुमार पाण्डेय ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि मेडिकल इंश्योरेंस के लिए एक कमेटी गठित कर दी गई है। इस पर बीते 9 अप्रैल को नवनियुक्त बीएसओए काउंसिल की मीटिंग हुई थी, जिसमें जल्द ही मेडिकल इंश्योरेंस पॉलिसी के लिए कार्य प्रारंभ करने का निर्णय लिया जा चुका है। उन्होंने यह भी बताया कि एसोसिएशन की नई टीम एकजुट होकर सभी अधिकारियों की सुविधा, उनके सम्मान, अस्पताल व्यवस्था, कंपनी क्वार्टर के रखरखाव आदि में सुधार एवं अधिकारियों के घर परिवार की सुरक्षा को दुरुस्त करने की दिशा में जल्द ही संबंधित विभाग अथवा एजेंसी के साथ मीटिंग करेगी। श्री पांडेय ने कहा- हम सब बीएसओए की नई टीम एक साथ मिलकर अधिकारी वर्ग की भलाई के लिए कार्य करने को कृत संकल्प है और नई टीम कुछ नया कर एक मिसाल कायम करेगी। नई कार्यसमिति में अशोक कुमार उपाध्यक्ष, मनोज कुमार उप महासचिव, वीएस नारायण कोषाध्यक्ष, कौशल कुमार राय, संयुक्त कोषाध्यक्ष तथा रंजक पांडे, प्रवीण कुमार, शरद गंगवार, ओम प्रकाश, सुजीत रावत एवं लखविंदर सिंह विभिन्न विभागों के लिए सचिव बनाए गए हैं।

## डीपीएस चास के दक्षेश बने सिल्वर जोन ओलंपियाड टॉपर



संवाददाता

**बोकारो :** डीपीएस चास के प्रतिभावान विद्यार्थियों ने एक बार फिर विद्यालय तथा राज्य का नाम गौरवान्वित किया है। सिल्वर जोन द्वारा आयोजित ओलंपियाड परीक्षा में इस विद्यालय में छठी कक्षा के छात्र दक्षेश गोस्वामी ने ओलंपियाड टॉपर बनकर राष्ट्रीय स्तर पर शानदार सफलता प्राप्त की है। इसके साथ ही कक्षा नौवीं के राज आर्यन तथा दसवीं के उत्पल कुमार स्टेट टॉपर रहे। दक्षेश गोस्वामी को सिल्वर जोन ओलंपियाड संस्था द्वारा मेडल तथा पाँच हजार रुपये का चेक प्रदान कर सम्मानित किया गया। रामनवमी की पूर्व संध्या पर विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया था, जिसमें विद्यालय की प्रभारी प्रधानाचार्या दीपाली भुस्कुटे ने तीनों विद्यार्थियों को मंच पर सम्मानित किया। विशेष प्रार्थना सभा में संगीत शिक्षक की निगरानी में विद्यार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। बच्चों की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर विद्यालय की चीफ मेंटर डॉ हेमलता एस मोहन तथा डीएस मेमोरियल सोसायटी चास के सचिव सुरेश अग्रवाल ने बच्चों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## बोकारो थर्मल में महावीरी झंडे से पटा है बाजार



**बोकारो थर्मल :** बोकारो थर्मल में रामनवमी एवं वासंती चैती दुर्गा पूजोत्सव को लेकर पूजा एवं पंडाल का निर्माण स्थानीय संकट मोचन मंदिर प्रांगण में किया गया है। दूसरी ओर रामनवमी को लेकर स्थानीय बाजार की दुकानें एवं मेन रोड के किनारे लगाई गईं अस्थाई दुकानें महावीरी झंडे से पटी पड़ी हैं। रामनवमी को लेकर बाजार में काफी रौनक बढ़ गई है। स्थानीय बाजार के मुस्लिम भाइयों के द्वारा महावीरी झंडे वर्षों से बनाये जातें हैं, जो कि आपसी सौहार्द एवं भाईचारे को दशार्ता है। बाजार में सभी प्रकार एवं रेंज के झंडे बिक्री हेतु लाये गये हैं, दूसरी ओर वासंती दुर्गा पूजा पंडाल में महाअष्टमी के दिन पूजा करने को लेकर श्रद्धालुओं की काफी भीड़ देखी गई।

## जमशेदपुर में हाइवा चालक हत्याकांड में सात गिरफ्तार, हथियार बरामद

**जमशेदपुर।** पुलिस ने हाइवा चालक हत्याकांड में सात आरोपितों को गिरफ्तार कर कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इनमें प्रवीर सिंह उर्फ छोटू, राहुल सिंह उर्फ राहुल बच्चा, अर्जुन महतो उर्फ अर्जुन बच्चा, राहुल राय, अभिषेक साह, रौनक शर्मा और आशीष बर्मन हैं। इनके पास से दो मोटरसाइकिल, एक ऑटो, तीन पिस्टल, 3 देसी कट्टा, 11 राउंड जिंदा कारतूस और तीन मैगजीन बरामद हुई हैं। यह जानकारी मंगलवार को एसएसपी किशोर कौशल ने प्रेसवार्ता में दी। एसएसपी ने बताया कि 14 अप्रैल को उलीडीह थाना अंतर्गत वसुंधरा एस्टेट के समीप हुए चालक सन्नी यादव हत्याकांड में सातों शामिल थे। घटना के बाद सिटी एसपी के नेतृत्व में एक एसआईटी का गठन किया गया था। एसआईटी ने सबसे पहले अभिषेक शाह और रोहित शर्मा को घाटशिला से गिरफ्तार किया। उनकी निशानदेही पर बिरसानगर के हुरलुंग स्थित एक भट्ठे से बाकी पांच लोगों की गिरफ्तारी की गई। उन्होंने बताया कि पिछले दिनों शहर में हुए प्रदीप और राजा हत्याकांड मामले में इन्हें शक था कि सन्नी यादव ने उनकी हत्या करवाई थी।

# बीएसएल की अग्नि-सुरक्षा में जुड़ा नया आयाम

## पानी और फोम से आग बुझाने वाले 10 और दमकल ब्रिगेड में हुए शामिल



संवाददाता

**बोकारो :** बोकारो इस्पात संयंत्र की अग्नि-सुरक्षा में नया आयाम जुड़ गया है। बीएसएल के अग्निशमन सेवा विभाग में पानी और फोम से आग बुझाने वाले और नए 10 फायर टेंडर हुए शामिल हो गए हैं।राष्ट्रीय अवसंरचना के विकास के लिए अग्नि सुरक्षा में जागरूकता के लिए 14 से 20 अप्रैल तक मनाए जाने वाले अग्निशमन सेवा सप्ताह के अंतर्गत बीएसएल के अधिशासी निदेशक (संकार्य) बीरेंद्र कुमार तिवारी की उपस्थिति में मंगलवार को बोकारो स्टील प्लांट के मुख्य अग्निशमन विभाग में 10 नए वाटर सह फोम टेंडर को औपचारिक रूप से शामिल किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से मुख्य महाप्रबंधक (अनुरक्षण) पीके बैसाखिया, मुख्य महाप्रबंधक (सुरक्षा एवं अग्निशमन सेवा) बीके सरतापे, मुख्य महाप्रबंधक (सामग्री प्रबंधन) हर्ष निगम, मुख्य महाप्रबंधक (मैकेनिकल) वीके सिंह, कमांडेंट (केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल) नितिन त्यागी के साथ अग्निशमन विभाग के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

### सुदृढ़ होगी अग्निशमन क्षमता : ईडी

मौके पर अधिशासी निदेशक (संकार्य) बीरेंद्र कुमार तिवारी ने कहा कि अग्निशमन विभाग में 10 नए वाटर सह फोम टेंडर के शामिल होने से बोकारो स्टील प्लांट के अलावा बोकारो स्टील सिटी की अग्निशमन क्षमता सुदृढ़ होगी।

उन्होंने अग्नि सुरक्षा में जागरूकता के लिए 14 से 20 अप्रैल तक मनाए जाने वाले अग्निशमन सेवा सप्ताह के लिए केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की अग्निशमन शाखा को बधाई देते हुए आनेवाले गर्मी के मौसम में और सजग रहने के लिए कहा। कार्यक्रम का संचालन सहायक महाप्रबंधक (अग्निशमन सेवा) कुमार रजनीश और सहायक कमांडेंट (केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल) मनोज चौहान ने किया।

## शिक्षकों और विद्यार्थियों को बताए अग्नि-सुरक्षा के गुर



संवाददाता

**बोकारो थर्मल :** राष्ट्रीय अग्नि सुरक्षा सप्ताह के तहत मंगलवार को बोकारो थर्मल स्थित सीआईएसएफ यूनिट फायर की टीम के द्वारा केंद्रीय विद्यालय में अग्नि सुरक्षा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में काफी संख्या में स्कूल के छात्र-छात्राएं एवं शिक्षकगण शामिल हुए। शिविर में सीआईएसएफ फायर की टीम के निरीक्षक अनिल कुमार सहित सदस्यों एवं अधिकारियों के द्वारा अग्नि दुर्घटना रोकने एवं उससे बचाव का प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही साथ स्कूली बच्चों के बीच चित्रांकन एवं निबंध प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। अंत में अग्निशमन प्रदर्शन कर विभिन्न प्रकार के अग्निशामक को चलाने की व्यवहारिक शिक्षा उप निरीक्षक फायर चंद्र भान सिंह एवं उनकी टीम के द्वारा दिया गया। शिविर को सफल बनाने में सीआईएसएफ फायर के हेड कांस्टेबल केसीएस राव, लघुतम, किरण कुमार, योगेंद्र सिंह सहित स्कूल के प्राचार्य डॉ बलराम डे, शशिरंजन, विभा रानी श्रीवास्तव, राजश्री सिंह, शाइना परवीन ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जबकि धन्यवाद ज्ञापन शिक्षक वीएन सिंह ने की।

# सदैव अनुकरणीय रहेंगे भगवान श्रीराम के आदर्श



योगेश कुमार गोयल

**कहा जाता है कि जब सीता का विरह श्रीराम से नहीं सहा गया तो उन्होंने साधारण मनुष्य की भांति विलाप किया लेकिन हिम्मत न हारते हुए सीता जी की खोज में राम-लक्ष्मण जंगलों में भटकने लगे। इसी दौरान उनकी भेंट श्रीराम के अनन्य भक्त हनुमान से हुई, जिन्होंने राम-लक्ष्मण को वानरराज बाली के छोटे भाई सुग्रीव से मिलाया, जो उस समय बाली के भय से यहां-वहां छिपता फिर रहा था।**

समूचे भारतवर्ष में प्रतिवर्ष चैत्र मास की शुक्ल पक्ष नवमी को रामनवमी का त्यौहार भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है, जो इस वर्ष 17 अप्रैल को मनाया जा रहा है। मान्यता है कि त्रेता युग में इसी दिन अयोध्या के महाराजा दशरथ की पटरानी महारानी कौशल्या ने मयार्दा पुरूषोत्तम श्रीराम को जन्म दिया था। रामनवमी के दिन श्रीराम की जन्मस्थली अयोध्या में उत्सवों का विशेष आयोजन होता है, जिनमें भाग लेने के लिए देशभर से हजारों भक्तगण अयोध्या पहुंचते हैं। अयोध्या में बन रहे भव्य राम मंदिर में जनवरी महीने में हुई भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के बाद इस बार पहली बार रामनवमी बेहद खास होगी। समूची अयोध्या नगरी इस दिन पूरी तरह राममय नजर आएगी और हर तरफ भजन-कीर्तनों तथा अखण्ड रामायण के पाठ की गूंज सुनाई पड़ेगी। रामनवमी के अवसर पर भगवान राम के दर्शन के लिए इस बार लाखों लोगों के अयोध्या पहुंचने का अनुमान है और इसके लिए राम मंदिर ट्रस्ट द्वारा खास प्रबंध किए गए हैं।

विधि के विधान के अनुसार भगवान श्रीराम को दुष्ट राक्षसों का विनाश करने के लिए ही वनवास मिला था। उन्होंने अपने मानव अवतार में न तो भगवान श्रीकृष्ण की भांति रासलीलाएं खेली और न ही कदम-कदम पर चमत्कारों का प्रदर्शन किया बल्कि उन्होंने सृष्टि के समक्ष अपने क्रियाकलापों के जरिये ऐसा अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया, जिसकी वजह से उन्हें ह्यमयार्दा पुरूषोत्तमह्ण कहा गया। मयार्दा पुरूषोत्तम श्रीराम में सभी के प्रति प्रेम की अगाध भावना कूट-कूटकर भरी थी। उनकी प्रजा वात्सल्यता, न्यायप्रियता और सत्यता के कारण ही उनके शासन को आज भी ह्यआदर्शह्ण शासन की संज्ञा दी जाती है और आज भी अच्छे शासन को ह्यरामराज्यह्ण कहकर परिभाषित किया जाता है। श्रीराम का चरित्र बेहद उदार प्रवृत्ति का था। उन्होंने उस अहिल्या का भी उद्धार किया, जिसे उसके पति ने देवराज इन्द्र द्वारा छलपूर्वक उसका शीलभंग किए जाने के कारण पतित घोषित कर पत्थर की मूर्त बना दिया था। जिस अहिल्या को निर्दोष मानकर किसी



ने नहीं अपनाया, उसे भगवान श्रीराम ने अपनी छत्रछाया प्रदान की। लोगों को गंगा नदी पार कराने वाले एक मामूली से नाविक केवट की अपने प्रति अपार श्रद्धा व भक्ति से प्रभावित होकर भगवान श्रीराम ने उसे अपने छोटे भाई का दर्जा दिया और उसे मोक्ष प्रदान किया। अपनी परम भक्त शबरी नामक भीलनी के झूठे बेर खाकर शबरी का कल्याण किया।

महारानी केकैयी ने महाराजा दशरथ से जब राम को 14 वर्ष का वनवास दिए जाने और अपने लाड़ले पुत्र भरत को राम की जगह राजगद्दी सौंपने का वचन मांगा तो दशरथ गंभीर धर्मसंकट में फंस गए थे। वह बिना किसी कारण राम को 14 वर्ष के लिए वनों में भटकने के लिए भला कैसे कह सकते थे और श्रीराम में तो वैसे भी उनके प्राण बसते थे। दूसरी ओर वचन का पालन करना रघुकुल की मयार्दा थी। ऐसे में जब श्रीराम को माता केकैयी द्वारा यह वचन मांगने और अपने पिता महाराज दशरथ के इस धर्मसंकट में फंसे होने का पता चला तो उन्होंने खुशी-खुशी उनकी यह कठोर आज्ञा भी सहज भाव से शिरोधार्य की और उसी समय 14 वर्ष का वनवास भोगने तथा छोटे भाई भरत को राजगद्दी सौंपने की तैयारी कर ली। श्रीराम द्वारा लाख मना किए जाने पर भी उनकी पत्नी सीता जी और अनुज लक्ष्मण भी उनके साथ वनों में निकल पड़े। वनवास की यात्रा की शुरूआत श्रृंगवेरपुर नामक स्थान से प्रारंभ कर वहां से वे भारद्वाज मुनि के आश्रम में चित्रकूट पहुंचे। उसके बाद विभिन्न स्थानों की यात्रा के दौरान पंचवटी में उन्होंने अपनी कुटिया बनाने का निश्चय किया। यहीं पर रावण की बहन शूर्पणखां की नाक काटे जाने की घटना हुई। उसी घटना के कारण वहां खर-दूषण सहित 14 हजार राक्षस राम-लक्ष्मण के हाथों मारे गए। यहीं से श्रीराम व लक्ष्मण की अनुपस्थिति में लंका का राजा रावण माता सीता का अपहरण कर उन्हें अपने साथ लंका ले गया।

कहा जाता है कि जब सीता का विरह श्रीराम से नहीं सहा गया तो उन्होंने साधारण मनुष्य की भांति विलाप किया लेकिन हिम्मत न हारते हुए सीता जी की खोज में राम-लक्ष्मण जंगलों में भटकने लगे। इसी दौरान उनकी भेंट श्रीराम के अनन्य भक्त हनुमान से हुई, जिन्होंने राम-लक्ष्मण को वानरराज बाली के छोटे भाई सुग्रीव से मिलाया, जो उस समय बाली के भय से यहां-वहां छिपता फिर रहा था। श्रीराम ने बाली का वध करके सुग्रीव तथा बाली के पुत्र अंगद को किष्किंधा का शासन सौंपा और उसके बाद सुग्रीव की वानरसेना के नेतृत्व में लंका पर आक्रमण कर देवताओं पर भी विजय पाने वाले महाप्रतापी, महाबली, महापंडित तथा भगवान शिव के घोर उपासक लंका नरेश राक्षसराज रावण का वध कर सीता को उसके बंधन से मुक्त कराया और लंका पर खुद अपना अधिकार न जमाकर लंका का शासन रावण के छोटे भाई विभीषण को सौंप दिया तथा वनवास की अवधि समाप्त होने पर भैया लक्ष्मण, सीता जी व हनुमान सहित अयोध्या लौट आए। एक ओर जहां रावण अन्याय, अत्याचार व अनाचार का प्रतीक था तो श्रीराम सत्य, न्याय एवं सदाचार के प्रतीक थे। सीता जी के अपहरण के बाद भी श्रीराम ने अपनी मयार्दाओं को कभी तिलांजलि नहीं दी। उन्होंने इसके बाद भी रावण को एक महाज्ञानी के रूप में सदैव सम्मान दिया और यह इससे साबित भी हुआ कि रावण की मृत्यु से कुछ ही क्षण पूर्व श्रीराम ने लक्ष्मण को रावण के पास ज्ञान अर्जन के लिए भेजा था।

(लेखक 34 वर्षों से साहित्य एवं पत्रकारिता में निरन्तर सक्रिय वरिष्ठ पत्रकार हैं)

## संपादकीय

### ईरान की दृढ़ता

ईरान की ओर से शनिवार देर रात इजराइल पर किये गये ड्रोन और मिसाइल हमलों से पश्चिमी एशिया में एक नया शक्ति समीकरण उभरने के संकेत मिल रहे हैं। एक अप्रैल को सीरिया में ईरानी दूतावास पर इजराइली हमले के बाद तेहरान ने तेल अवीव पर हमला करने की घोषणा कर दी थी। हांलाकि अमेरिका और पश्चिमी देशों ने ईरान पर बदले की कार्रवाई करने से दूर रहने का काफी दवाब बनाया था। लेकिन ईरान का नेतृत्व हमला करके राजनीतिक इच्छा शक्ति का प्रदर्शन किया है। संयुक्त राष्ट्र में ईरान के प्रतिनिधि ने साफ तौर पर कहा है कि इजराइल पर हमला उसकी हरकत का ही जवाब है और ईरान ने अपने आत्म रक्षा के अधिकार का इस्तेमाल किया है। उन्होंने यह भी कहा है कि जवाबी सैन्य कार्रवाई के बाद इस मामले को खत्म समझा जाये। लेकिन अगर इजराइल की ओर से अब कोई हमला होता है तो इसके परिणाम बहुत बुरे होंगे। यह संघर्ष ईरान और इजराइल के बीच का है और अमेरिका को इससे दूर रहना चाहिए। जाहिर है ईरान के नेतृत्व का यह रुख बताता है कि वह पश्चिमी एशिया में अमेरिका और पश्चिमी देशों के दबावों का कड़ा प्रतिरोध करेगा ईरान की इस दृढ़ता से इस क्षेत्र में उसकी नयी साख बनी है। ईरान और इजराइल संघर्ष के मुद्दे पर सुरक्षा परिषद में विचार विमर्श हुआ जिसमें रूस खुलकर ईरान के पक्ष में आ गया है और चीन की भी



तेहरान के साथ सहानुभूति है। गौर करने वाली बात यह है कि किसी भी मुस्लिम देश ने ईरान का समर्थन नहीं किया है। लेकिन सुरक्षा परिषद में इजराइल के प्रधान प्रतिनिधि ने विभाजनकारी बयान देते हुए कहा है कि ईरान शिया वर्चस्व स्थापित करने का प्रयास कर रहा है। सीरिया, इराक, लेबनान का हिजबुल्ला और यमन के हूती विद्रोही शिया समुदाय के हैं। हैरानी की बात यह भी है कि हमास सुन्नी है और हिजबुल्ला तथा हूती जैसे संगठन हमास का समर्थन कर रहे हैं। गाजा में पिछले छह महीनों से इजराइल द्वारा नरसंहार जारी हैं जिसके कारण पश्चिमी एशिया का पूरा क्षेत्र अशांत बना हुआ है। शायद यही वजह है कि अमेरिका और पश्चिमी देश ईरान और इजराइल संघर्ष को और बढ़ाने के पक्ष में दिखाई नहीं दे रहे हैं। राष्ट्रपति बाइडन ने संकेत दिया है कि अगर इजराइल ईरान के विरुद्ध जवाबी कार्रवाई करता है तो अमेरिका उसका साथ नहीं देगा। भारत ने दोनों पक्षों से संयम की अपील की है। उसने यूक्रेन संघर्ष के दौरान रूसी हमले की निंदा नहीं की थी। इसी तरह ईरानी हमले की भी निंदा नहीं की है। फिलहाल भारत की प्राथमिकता ईरान के कब्जे वाले जहाज से 17 भारतीयों की रिहाई कराने की है।

## चिंतन-मनन

### प्रेम और सहयोग का नाम है परिवार

पारिवारिक सदस्यों के त्याग, सहयोग, स्वच्छता, प्रेम, संतुष्टि व व्यसनमुक्ति से ही परिवार संयुक्त और समृद्धिशाली बनता है। वे सौभाग्यशाली हैं जो संयुक्त परिवार में रह रहे हैं तथा जिन्हें माता -पिता का सान्निध्य प्राप्त हो रहा है। विश्व बंधुत्व की बात करने वालों को पहले अपने परिवार में बंधुत्व बनाए रखने के लिए प्रयत्न करना चाहिए। आज छोटी-छोटी बातों को लेकर परिवार टूट रहे हैं। हम अधिकारों की बजाए एक-दूसरे के हितों का ध्यान रखेंगे, तभी हमारे परिवार खुशहाल और सुदृढ़ होंगे।

एक माता-पिता अपने पाँच-पाँच बच्चों को पाल पोसकर बड़ा करके योग्य बना देते हैं जबकि पाँच-पाँच बच्चे बुढ़ापे में अपने एक माता-पिता को संभालने से कतराते हैं। आज हम जितने बूढ़े दादा-दादी के प्रति लापरवाह हैं यदि हमारे बचपन में वे हमारे प्रति इतने ही लापरवाह होते तो हमारी क्या दुर्गति हो गई होती। इस बात को युवा पीढ़ी को अच्छी तरह ध्यान रखना चाहिए।

परिवार में ब्याह कर आई नई बहू को चाहिए कि जितने उम्र का पति उसे मिला है कम से कम उतने साल तो सास-ससुर का फर्ज मानकर उन्हें निभा देना चाहिए। इस पीढ़ी को व्यसनमुक्त होकर अपने माता-पिता की सेवा करने, उनके प्रणाम करने के तरीको को जीवन में अपनाना चाहिए। जीवन में सदाचार को अपना कर हमें अपने विचारों को बदलना होगा। विचार जीवन का प्रतिबिंब है। संतों की संगति से अच्छे विचार आते हैं। विचार अच्छे होना हमारी जागरूकता को दशार्ता है। हमारे विचार हमारे जीवन का परिचय देते हैं। रुपया-पैसे का लालच छोड़कर हमें जीवन में धार्मिक आराधना करते रहना चाहिए। जिससे हमारा जीवन और हमारे परिवार का जीवन सार्थक होगा।

## इजरायल ईरान युद्ध की आशंका से शेयर बाजार में निवेशकों के लाखों करोड़ डुबे



सनत जैन



इजराइल और ईरान युद्ध की आहट और आशंका के चलते दुनिया भर के शेयर बाजारों में हाहाकार मच गया है। भारतीय शेयर बाजार में एक दिन के अंदर 8.21 लाख करोड़ रुपए निवेशकों के डूब गए हैं। इजराइल और ईरान के बीच जिस तरह से तनातनी बढ़ रही है। अमेरिका और यूरोप के देश इजराइल के समर्थन में एकजुट हैं। वहीं ईरान के समर्थन में रूस और चीन जैसी महाशक्तियों के एकजुट होने से तृतीय विश्व युद्ध की आशंका से सारी दुनिया भयाक्रान्त हैं। भारत के शेयर बाजार में इसका सबसे ज्यादा असर पड़ा है। दुनिया में भारत का शेयर बाजार ही ऐसा बाजार था, जो बेलगाम घोड़े की तरह भाग रहा था। शेयर बाजार को नियंत्रित करने वाले अडानी और अंबानी भी इस घाटे से नहीं बचे। सेंसेक्स और निफ्टी बुरी तरह से टूट कर बंद हुआ। 75000 की छलांग लगाने वाला सेंसेक्स 73400 के स्तर पर बंद हुआ। इस कारण भारतीय निवेशकों के 8.1 लाख करोड रुपए कुछ ही घंटे के अंदर स्वाहा हो गए। इजराइल- हमास युद्ध में ईरान के शामिल हो जाने के कारण, मिडिल ईस्ट के देशों में तनाव दिन प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है। यही तनाव दुनिया के अन्य देशों के बीच देखने को मिलने लगा है। संयुक्त राष्ट्र संघ और सुरक्षा परिषद जैसी अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों को इस तनाव को कम करने के लिए, जिन महाशक्तियों के माध्यम से शांति कराने के प्रयास करने थे, वही शांति के स्थान पर अशांति फैलाने का काम कर रहे हैं। 7 अक्टूबर 2023 के बाद से मिडिल ईस्ट के देशों के साथ तनाव बढ़ता ही जा रहा है। हाल ही में ईरान ने इजराइल पर 300 से ज्यादा ड्रोन मिसाइल से हमला किया। इसके पहले ईरान की सेना के अधिकारियों की दूतावास में हत्या के बाद से यह मामला तूल पकड़ता जा रहा है। संयुक्त राष्ट्र संघ की सुरक्षा परिषद ने एक आपातकालीन बैठक जरूर बुलाई है। इस बैठक को संबोधित करते हुए ईरान के राजदूत अमीर सईद इरावनी ने कहा, ईरान अपनी आत्म रक्षा के अधिकार का प्रयोग करेगा। ईरान ने कहा वह किसी भी हमले और आक्रामकता का मुंह तोड़ जवाब देगा। वहीं इजरायल के रक्षा मंत्री योव गैलेंट द्वारा जवाबी हमले की धमकी दी गई है। इजरायल मंत्रिमंडल की युद्ध कैबिनेट की बैठक हुई, जिसमें इजरायल द्वारा कहा गया, कि वह ईरान से इजराइल पर किए गए हमले की कीमत वसूलेगा। देर सबेरे इजरायल बदला जरूर लेगा। पिछले कई माह से रूस और यूक्रेन के बीच भीषण युद्ध चल रहा है। नाटो देशों ने रूस को अपना निशाना बनाया हुआ है। रूस और यूक्रेन के लाखों लोग इसके शिकार हुए हैं। फिलिस्तीन और इजरायल के बीच में भी पिछले कई माह से घातक युद्ध चल रहा है। हजारों निर्दोष नागरिकों की मौत हो चुकी है। इसका असर सारी दुनिया के देशों पर पढ़ रहा है। अंतरराष्ट्रीय एजेंसियां हाथ पर हाथ रखकर बैठी हुई है। उसका भी मुख्य कारण है, जिन महाशक्तियों को इस युद्ध को रोकने के लिए पहल करनी चाहिए थी, वही तनाव को बढ़ाने का काम कर रही हैं। अंतरराष्ट्रीय जगत में अब ऐसा कोई देश या राजनेता नहीं है, जो तृतीय विश्व युद्ध को रोकने के लिए आगे आए। दुनिया के देश अंतरराष्ट्रीय समुदाय की बात को मानते हुए शांति बनाए रखने के लिए फैसला कर सकें। इजराइल और फिलीस्तीन के युद्ध को रोकने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जो प्रस्ताव पास किए गए। उनका पालन नहीं हुआ। अमेरिका, चीन, रूस जिस तरह से आग में घी डालने का काम कर रहे हैं, वह सबसे बड़ी चिंता का कारण बन गया है। सारी दुनिया के देशों में जिस तरह से आणविक और एटम बम के साथ अत्याधुनिक हथियारों के बल पर तृतीय विश्व युद्ध के लड़ने की तैयारी की जा रही है। इसकी आशंका मात्र से दुनिया भर के देशों के नागरिकों में अज्ञात भय देखा जा रहा है। द्वितीय विश्व युद्ध को समाप्त हुए करीब 80 वर्ष हो चुके हैं। प्रथम विश्व युद्ध और द्वितीय विश्व युद्ध की तबाही भी सारी दुनिया के देशों को पता है। 80 वर्षों में जो विकास सारी दुनिया के देश कर पाए थे। इस विकास को नष्ट करने में दुनिया के शक्तिशाली देश लग गए हैं। इससे आम नागरिकों की चिंता बढ़ना स्वाभाविक है। 1993 से सारी दुनिया के देश का एक दूसरे के साथ व्यापार संधि को लेकर समझौता किया। यह माना जा रहा था, कि इससे एक नए वैश्विक युग की शुरूआत होगी। सारी दुनिया के देशों को वैश्विक व्यापार संधि के बाद पूंजीवाद और कर्जवाद ने जकड़ लिया है। यही सबसे बड़े विनाश का कारण बन रहा है। पिछले 20 वर्षों में दुनिया के देशों में जो भी सत्ता पर बैठे हुए लोग हैं। वह अपने अहंकार के आगे कुछ भी सोचने समझने लायक नहीं रहे। जिसका खामियाजा अब दुनिया के देशों के आम नागरिकों को भुगतना पड़ रहा है, यही कहा जा सकता है।

## फार्मा सेक्टर : आर्थिक तेज की दवा भारत के पास



संदीप भूषण



कोविड के दौरान और उसके बाद दुनियाभर के फार्मा सेक्टर में नई चुनौतियों के साथ कई सकारात्मक बदलाव आए। दवा बनाने वाली कंपनियां और सरकार आज लोगों को किफायत और गुणवत्ता के नाम पर अपने साथ जोड़ने में जुटी हैं। खासकर दक्षिण एशियाई देशों की सरकारें अपने यहां फार्मा कंपनियों को प्रोत्साहित कर रही हैं। यह प्रोत्साहन नीतिगत तो है ही वित्तीय भी है। इसका एक बड़ा प्रभाव आज हर तरफ दिख रहा है। विकसित के साथ विकाशील देशों के बाजार में भी ब्रांडेड दवा की हिस्सेदारी घटी है। वैसे ग्लोबली देखें तो 56 फीसद बाजार हिस्सेदारी के साथ अब भी ब्रांडेड दवाओं का बड़ा दखल है। बड़ा परिवर्तन यह जरूर है कि 36 फीसद हिस्सेदारी के साथ जेनिरक और ब्रांडेड जेनरिक दवाओं ने ग्रोथ दिखाया है। इस बदलाव ने फार्मा सेक्टर को चर्चा में ला दिया है।

ट्रेड और बिजनेस मैगजीन्स की मानें तो फार्मा सेक्टर आज ग्लोबली तकरीबन सात फीसद के सालाना दर से बढ़ रहा है। 2025 तक इसके 1.6 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर पहुंचने की संभावना है। इस ग्लोबल ग्रोथ में 120 वर्ष से भी पुराना भारत का फार्मा सेक्टर बहुत आगे चल रहा है। भारत आज दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा फॉर्मा उत्पाद बनाने वाला देश है। यह उपलब्धि असाधरण है। फार्मा सेक्टर के इस ग्रोथ के समांतर एक दूसरी स्थिति भी है। कोविड के बाद वैंकि स्तर पर इलेक्ट्रॉनिक का बाजार भी खूब गरमाया। इस दौरान भारत भी एक बड़े इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादक देश के रूप में उभरा।

अमेरिका और यूरोपीय देशों की कंपनियां इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पाद बनाने के लिए चीन की जगह भारत की तरफ आकर्षित हुई। दोनों स्थितियों को मिलाकर देखें तो इलेक्ट्रॉनिक और फार्मा दोनों ने एक साथ भारत में जोर पकड़ा। अलबत्ता यह जरूर है कि भारतीय संदर्भ में इलेक्ट्रॉनिक्स के मुकाबले फार्मा सेक्टर के ग्रोथ को बड़ा बताया जा रहा है। ऐसा इस सेक्टर से जुड़ी भविष्य की संभावनाओं और सरकार के नीतिगत समर्थन के कारण भी है। जो स्थिति है उसमें अमेरिका और ब्रिटेन जैसे देशों में दवाओं का हमारा निर्यात बढ़ रहा है। एक्टिव फार्मास्यूटिकल्स इंग्रेडिएंट्स (एपीआई) के घरेलू निर्माण के प्रोत्साहन के लिए प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआइ) स्कीम शुरू होने के बाद दवा बनाने के लिए कच्चे माल का उत्पादन भी तेज हुआ है, जिससे हमारी चीन जैसे देशों पर निर्भरता कम हुई है।

भारतीय फार्मा कंपनियों के बढ़ते रु तबे का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि कोरोना काल में जब पूरी दुनिया थम गई थी, तब विश्व में कुल वैक्सीन की 60 प्रतिशत भारत से निर्यात की गई। इसी प्रकार जेनिरक दवाओं में भी वैंकि जरूरत का 20 प्रतिशत से अधिक दवाएं भारतीय कंपनियों ने भेजीं। अमेरिका और यूरोपीय देशों में दवा व्यापार के लिए खासा सख्त कानून है, लेकिन बीते कुछ वर्षो में भारतीय कंपनियों ने इन बाजारों में भी अपनी पैठ बनाई है। इन्वेस इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक भारत का दवा उद्योग आज 50 बिलियन डॉलर से बड़ा हो गया है। भारत सरकार के डिपार्टमेंट ऑफ फार्मास्यूटिकल के एक सर्वे के मुताबित देश के 19 राज्य और केंद्र शासित प्रदेश में 118 फार्मा क्लस्टर हैं। इनमें सबसे ज्यादा 40 फार्मा क्लस्टर महाराष्ट्र में हैं।

इसके बाद गुजरात में 13, आंध्र प्रदेश में 8, हिमाचल प्रदेश में 7, राजस्थान में छह, उत्तर प्रदेश में छह, गोवा, कर्नाटक और तमिलनाडु में 5-5 हैं। इसके अलावा हरियाणा, उत्तराखंड, पंजाब, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, ओडिशा, पुडुचेरी, सिक्किम, पश्चिम बंगाल और झारखंड में भी फार्मा क्लस्टर हैं। इन राज्यों में बनने वाली दवाओं का बड़े स्तर पर विकसित देशों में निर्यात किया जा रहा है, जो हमारी अर्थव्यवस्था में संजीवनी की तरह काम कर रहा है। बीते कुछ वर्षो में भारत में केंद्र के साथ राज्यों ने अलग से निवेश आकर्षित करने के बड़े प्रयास किए हैं। उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, मध्य प्रदेश, ओडिशा आदि जैसे पिछड़े माने जाने वाले राज्य हर वर्ष अपने यहां ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट कर रहे हैं। ऐसे में पहले से विकसित प्रदेश भला पीछे कैसे रह सकते हैं। गोवा इस लिहाज से एक बड़ा उदाहरण है। गोवा ने हाल के दिनों में अपने यहां इससे अलग निवेश की कई संभावनाएं खोली हैं।

डॉ. प्रमोद सावंत की नेतृत्व वाली राज्य सरकार अपने फार्मा सेक्टर को बढ़ाने पर विशेष जोर दे रही है। नतीजा है कि भारत में निर्मिंत कुल दवाओं का 12 फीसद उत्पादन अकेले गोवा कर रहा है। यहां की बनी लगभग 70 फीसद दवाएं विकसित देशों को निर्यात हो रही हैं। पर्यटन के लिए मशहूर इस राज्य में 2.40 बिलियन अमेरिकी डॉलर की दवाओं का उत्पादन सालाना हो रहा है। इसके अलावा महाराष्ट्र, गुजरात, हिमाचल आदि राज्य भी भारत के फार्मा सेक्टर को आगे बढ़ाने में बड़ी भूमिका निभा रहे हैं। दरअसल, वैंकि अर्थव्यवस्था में भारत की मजबूत हिस्सेदारी जमाने के लिए फार्मा सेक्टर का बढ़ना सोने पर सुहागा है। आने वाले एक दशक फार्मा सेक्टर के ग्रोथ के लिहाज से बेहद महत्त्वपूर्ण हैं और भारत अपने सामर्थ्य से इस सेक्टर में नंबर वन बनने की तरफ तेजी से कदम बढ़ा रहा है।



# 17 अप्रैल को राम नवमी, जानिए पूजा का शुभ मुहूर्त, विधि और महत्व

इस वर्ष राम नवमी पर प्रभु श्रीराम की पूजा के लिए शुभ मुहूर्त का समय 17 अप्रैल को सुबह 11 बजकर 03 मिनट से लेकर दोपहर 01 बजकर 38 मिनट तक रहेगा।

हिंदू धर्म में राम नवमी के त्योहार का विशेष महत्व होता है। वैदिक पंचांग के अनुसार हर वर्ष चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को राम नवमी का त्योहार बड़े ही धूमधाम उत्साह के साथ मनाया जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इसी तिथि पर मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम का जन्म हुआ है। राम नवमी का पर्व चैत्र नवरात्रि का आखिरी दिन होता है। राम नवमी के साथ ही चैत्र नवरात्रि का समापन हो जाता है। राम नवमी पर भगवान राम की विशेष पूजा पूजा और आराधना की जाती है। इस दिन भगवान राम संग माता सीता, लक्ष्मण और हनुमान जी की पूजा की जाती है। आइए जानते हैं राम नवमी की पूजा विधि, शुभ मुहूर्त और कथा।

वैदिक पंचांग की गणना के अनुसार, चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि की शुरुआत 16 अप्रैल को दोपहर 01 बजकर 23 मिनट से शुरू हो जाएगी। नवमी तिथि का समापन 17 अप्रैल को दोपहर 03 बजकर 15 मिनट पर होगा। ऐसे में उदयातिथि के आधार पर राम नवमी का त्योहार 17 अप्रैल 2024 को मनाया जा जाएगा।

## राम नवमी शुभ मुहूर्त

इस वर्ष राम नवमी पर प्रभु श्रीराम की पूजा के लिए शुभ मुहूर्त का समय 17 अप्रैल को सुबह 11 बजकर 03 मिनट से लेकर दोपहर 01 बजकर 38 मिनट तक रहेगा। इस तरह से राम नवमी पर पूजा के लिए कुल 2 घंटे और 35 मिनट का समय मिलेगा।

राम नवमी मध्याह्न का समय- 12. 20

विजय मुहूर्त - दोपहर 02 बजकर 34 मिनट से लेकर 03 बजकर 24 मिनट तक।

गोधूलि मुहूर्त- शाम 06 बजकर 47 मिनट से 07 बजकर 09 मिनट तक।

## राम नवमी पूजा विधि

राम नवमी का त्योहार हिंदुओं का एक प्रमुख त्योहार होता है, जिसे देश-दुनिया में बहुत श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाया जाता है। राम नवमी के दिन सबसे पहले सुबह जल्दी उठकर स्नान करके पवित्र होकर और साफ-सुथरे कपड़े धारण करें। फिर इसके बाद पूजा स्थल की सफाई करें। हाथ में अक्षत लेकर व्रत करने का संपल्प लें फिर भगवान राम की पूजा-अर्चना पूजन सामग्री के साथ आरंभ करें। सबसे पहले भगवान राम, माता सीता, भाई लक्ष्मण और भगवान हनुमान की प्रतिमा को स्थापित करें और सबको रोली, चंदन, धूप, फूल, माला, इत्र आदि से षोडशोपचार पूजन करें। फिर इसके बाद भगवान राम की पूजा में कई तरह फल, मिष्ठान, फूल और गंगाजल का इस्तेमाल करें। भगवान राम की पूजा में तुलसी के पत्तों और कमल के फूल का प्रयोग अवश्य करें। इसके बाद अपनी इच्छा के अनुसार रामचरितमानस, रामायण और रामरक्षास्तोत्र का पाठ करें। अंत में भगवान राम, माता सीता और हनुमान जी की आरती करते हुए पूजा संपन्न करें। पूजा के बाद सभी प्रसाद वितरित करें।

## राम नवमी का महत्व

राम नवमी का त्योहार हर साल बड़े ही उत्साह और भक्तिभाव के साथ पूरे देश में मनाया जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार भगवान राम विष्णु के सातवें अवतार के रूप में जन्म लिया था। वैदिक पंचांग के अनुसार चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को भगवान राम का जन्म अयोध्या के राजा दशरथ के यहां बड़े पुत्र के रूप में लिया था। धार्मिक मान्यता के अनुसार राम का जन्म रावण के वध के लिए हुआ था। इस कारण से हर साल राम नवमी का पर्व भगवान राम के जन्म दिवस के रूप में बुराई पर अच्छाई की जीत के रूप में मनाया जाता है।

वैदिक पंचांग के अनुसार राम नवमी का त्योहार चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को पड़ता है और यह चैत्र नवरात्रि का आखिरी दिन भी होता है। पूरे देश में इस दिन शक्ति की आराधना के साथ राम नवमी का त्योहार बड़े ही उत्साह के साथ मनाया जा जाता है। देशभर इस दिन जगह-जगह धार्मिक जुलूस भी निकाले जाते हैं। राम नवमी के दिन मंदिरों में सुबह से लेकर शाम तक भजन-कीर्तन और धार्मिक अनुष्ठान किए जाते हैं। इस पूरे दिन उपवास रखकर मर्यादा पुरुषोत्तम के जीवन से सीख लिया जाता है। सूर्यास्त के बाद व्रत का पारण करते हुए समापन किया जाता है।




# राम से भी बड़ा राम का नाम

**'राम' सिर्फ एक नाम नहीं हैं और न ही सिर्फ एक मानव। राम परम शक्ति हैं। प्रभु श्रीराम के द्रोहियों को शायद ही यह मालूम है कि वे अपने आसपास नर्क का निर्माण कर रहे हैं। इसीलिए यह चिंता छोड़ दो कि कौन प्रभु श्रीराम का अपमान करता है और कौन सुनता है। कौन जपता है और कौन नहीं जपता है।**

कहते हैं कि प्रभु श्रीरा राम का नाम राम से भी बड़ा है। राम राम जपने से कई लोगों को मोक्ष प्राप्त हो गया। राम एक महामंत्र है, जिसे हनुमान ही नहीं भगवान शिव भी जपते हैं। राम से पहले भी राम का नाम था। प्राचीन काल में राम ईश्वर के लिए संबोधित होता था।

### राम या मार

राम का उल्टा होता है म, अ, र अर्थात मार। मार बौद्ध धर्म का शब्द है। मार का अर्थ है- इंद्रियों के सुख में ही रत रहने वाला और दूसरा आंधी या तूफान। राम को छोड़कर जो व्यक्ति अन्य विषयों में मन को रमाता है, मार उसे वैसे ही गिरा देती है, जैसे सूखे वृक्षों को आंधियां।

### राम नाम कहने का अर्थ

- एक बार राम कहा तो संबोधन हुआ। राजस्थान में कहते हैं राम सा। आपके सारे दु:ख हरने वाला सिर्फ एकमात्र नाम है- 'हे राम।'
- दो बार राम कहा तो अभिवादन हुआ। उत्तर भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में कहते हैं राम राम।
- तीन बार राम कहा तो संवेदना हुई। जैसे 'ये क्या हुआ राम राम राम।'
- चार बार राम कहा तो भजन हुआ।

### तारणहार राम का नाम

राम का नाम जपने वाले कई संत और कवि हुए हैं। जैसे कबीरदास, तुलसीदास, रामानंद, नाभादास, स्वामी अग्रदास, प्राणचंद चौहान, केशवदास, रैदास या रविदास, दादूदयाल, सुंदरदास, मलूकदास, समर्थ रामदास आदि। श्रीराम-श्रीराम जपते हुए असंख्य साधु-संत मुक्ति को प्राप्त हो गए हैं।

### जीवन रक्षक नाम

प्रभु श्रीराम नाम के उच्चारण से जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। जो लोग ध्वनि विज्ञान से परिचित हैं वे जानते हैं कि 'राम' शब्द की महिमा अपरम्पार है। जब हम 'राम' कहते हैं तो हवा या रेत पर एक विशेष आकृति का निर्माण होता है। उसी तरह चित्त में भी विशेष लय आने लगती है। जब व्यक्ति लगातार 'राम' जप करता रहता है तो रोम-रोम में प्रभु श्रीराम बस जाते हैं। उसके आसपास सुरक्षा का एक मंडल बनना तय समझो। प्रभु श्रीराम के नाम का असर जबरदस्त होता है।

### चौपाई

*हरि अनंत हरि कथा अनंता। कहहिं सुनहिं बहुबिधि सब संता?*
*रामचंद्र के चरित सुहाए। कलप कोटि लगि जाहिं न गाए?*

### भावार्थ

हरि अनंत हैं (उनका कोई पार नहीं पा सकता) और उनकी कथा भी अनंत है। सब संत लोग उसे बहुत प्रकार से कहते-सुनते हैं। रामचंद्र के सुंदर चरित्र करोड़ों कल्पों में भी गाए नहीं जा सकते।

## भगवान राम के बारे में 10 बातें

संसार के पालनहार भगवान श्री विष्णु जी ने धर्म की स्थापना और अधर्म के समूल नाश के लिए त्रेतायुग में धरती पर मनुष्य रूप में अवतार लिया था। भगवान विष्णु के अनेक अवतारों में से एक अवतार त्रेता युग में सरयू नदी के तट पर बसी अयोध्या नगरी में सूर्यवंश कुल के राजा दशरथ की महारानी कौशल्या के गर्भ से चैत्र मास की नवमी तिथि अभिजीत मुहूर्त में राम जी ने जन्म लिया था। तब से लेकर आज तक युगों-युगों से चैत्र मास की नवमी तिथि को रामनवमी पर्व मनाया जाता है।

- भगवान श्री राम को मर्यादा का प्रतीक माना जाता है।
- उन्हें पुरुषोत्तम यानि श्रेष्ठ पुरुष की संज्ञा दी जाती है।
- राम जी स्त्री पुरुष में भेद नहीं करते। अनेक उदाहरण है जहां वे अपनी पत्नी सीता के प्रति समर्पित व उनका सम्मान करते नजर आते हैं।
- भगवान राम समाज में व्याप्त ऊंच नीच के भेदभाव को भी नहीं मानते। शबरी के झूठे बेर खाने का उदाहरण इसे समझने के लिये सर्वोत्तम है।
- राम जी वेद शास्त्रों के ज्ञाता और समस्त लोकों पर अपने पराक्रम का परचम लहराने वाले हैं।
- भगवान श्री राम विभिन्न कलाओं में निपुण लंकापति रावण के अंहकार के किले को ध्वस्त करने वाले परम पराक्रमी है।
- रामनवमी के दिन धूमधाम के साथ राम जन्मोत्सव मनाते हुए श्रीरामचरित मानस ग्रंथ का पाठ करना चाहिए।
- श्रीराम लला को मावा एवं पंजरी का भोग अति प्रिय है।
- श्रीरामनवमी के दिन उपवास रखने से जीवन में सुख समृद्धि आती है और ज्ञात-अज्ञात सभी तरह के पापों का नाश हो जाता है।





# रामनवमी पर बने हैं शुभ योग

चैत्र माह की नवमी तिथि को बेहद खास माना जाता है। इस दिन राम नवमी का पर्व मनाया जाता है। इसके साथ ही सिद्धदात्री माता की पूजा के साथ ही नवरात्रि का समापन भी इसी दिन होता है। वाल्मीकि रामायण के अनुसार, भगवान राम का जन्म चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को हुआ था। यही वजह है कि, चैत्र माह की नवमी तिथि को राम नवमी के नाम से भी जाना जाता है। हर साल इस दिन पूरे भारत वर्ष में राम जन्मोत्सव बहुत धूमधाम से माना जाता है।

### भगवान राम की पूजा से मिलते हैं ये लाभ

राम नवमी के दिन विधि-विधान से भगवान राम की पूजा करने से भक्तों के संकट कट जाते हैं। भगवान राम की पूजा से आपकी रचनात्मक क्षमता का विकास होता है और बौद्धिक रूप से भी आप मजबूत होते हैं। घर परिवार में सुख-समृद्धि रखने वालों को भी राम जी की पूजा अवश्य करनी चाहिए। राम नवमी पर श्रीराम की पूजा करके आपके घर में सकारात्मकता आती है, इसके साथ ही राम जी की पूजा करने से माता पार्वती, हनुमान जी और भोलेनाथ का आशीर्वाद भी आपको प्राप्त होता है।

# जीवन को खुशियों से भर देंगे राम नवमी के अचूक उपाय

इस वर्ष रामनवमी पर्व 17 अप्रैल को मनाया जा रहा है। इस दिन निम्न उपाय आजमाने से जीवन में खुशियां आती है।

- इस दिन 1 कटोरी में पानी लेकर रामरक्षा मंत्र ऊँ श्रीं ह्रीं क्लीं रामचन्द्राय श्रीं नम- का 108 बार जाप करें। फिर घर के सभी कोने में उस जल का छिड़काव कर दें। इससे वास्तुदोष दूर होने के साथ ही घर की नकारात्मक ऊर्जा समाप्त हो जाएगी।
- दांपत्य जीवन में दूरियां कम करके प्रेम बढ़ाने के लिए महिला इस दिन खीर बनाकर उसे रात्रि में चन्द्रमा की रोशनी में एक घंटे तक रखने के बाद वह खीर दोनों मिलकर खा लें।
- राम नवमी के दिन भगवान श्रीराम के मंदिर में या उनके चित्र के सामने 3 बार अलग अलग समय पर श्रीरामचन्द्र कृपालु भजु मन..., का पाठ करें। ऐसा करने से व्यक्ति के दुख और कष्ट दूर होते हैं।
- रामनवमी पर प्रभु श्री राम के भक्त हनुमान जी की गुणगान करें और हनुमान चालीसा का संपूर्ण पाठ करें। इससे जातक पर श्रीराम और हनुमान जी की कृपा बनी रहती है।
- राम नवमी के दिन राम रक्षा स्तोत्र का पाठ करें। इससे सभी तरह के सकंट दूर होकर आपकी रक्षा होगी।
- राम नवमी के दिन भगवान श्रीराम के पूजन के समय राम नाम का जप जरूर करें। इससे जीवन में सुख एवं खुशहाली आएगी।
- राम नवमी के दिन रामायण या रामचरितमानस का पाठ करना या कराना अत्यंत ही शुभ माना गया है। इससे अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है और सारे दुःख दूर हो जाते हैं।
- रामनवमी के दिन सुंदरकांड का पाठ करने या कराने से जीवन में मंगल ही मंगल होता है। या सिर्फ 卐मंगल भवन अमंगल हारी द्रवहुसु दसरथ अजिर बिहारी चौपाई का सम्पुट लगाकर पाठ करें। (चौपाई का अरद्धांश रामचरित मानस के पाठ के हर दोहे के पहले और बाद में पाठ किया जाता है तो उस अर्द्ध अंश को सम्पुट कहते हैं)



# राम जन्म की रोचक घटनाएं

**भगवान प्रभु श्रीराम का जन्म वाल्मीकि कृत रामायण के अनुसार चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की नवमी को हुआ था। आओ जानते हैं जन्म की रोचक घटनाएं।**

- **राजा दशरथ ने किया था पुत्रेष्टि यज्ञ :** रामचरितमानस के बालकांड के अनुसार राजा दशरथ ने पुत्र की कामना से पुत्रेष्टि यज्ञ किया था। वशिष्ठजी ने श्रृंगी ऋषि को बुलवाया और उनसे शुभ पुत्रकामेष्टि यज्ञ कराया। इस यज्ञ के बाद कौसल्या आदि प्रिय रानियों को पुत्र प्राप्त हुए।
- **शुभ योग में हुआ जन्म :** योग, लग्न, ग्रह, वार और तिथि सभी अनुकूल हो गए तब श्रीराम का जन्म हुआ। पवित्र चैत्र का महीना था, नवमी तिथि थी। शुक्ल पक्ष और भगवान का प्रिय अभिजित मुहूर्त था। दोपहर का समय था। न बहुत सर्दी थी, न धूप (गरमी) थी।
- **चारों और मौसम खुशनुमा हो गया :** वह पवित्र समय सब लोकों को शांति देने वाला था। जन्म होते ही जड़ और चेतन सब हर्ष से भर गए। शीतल, मंद और सुगंधित पवन बह रहा था। देवता हर्षित थे और संतों के मन में (बड़ा) चाव था। वन फूले हुए थे, पर्वतों के समूह मणियों से जगमगा रहे थे और सारी नदियां अमृत की धारा बहा रही थीं।
- **देवता उपस्थित हुए :** जन्म लेते ही ब्रह्माजी समेत सारे देवता विमान सजा-सजाकर पहुंचे। निर्मल आकाश देवताओं के समूहों से भर गया। गंधर्वों के दल गुणों का गान करने लगे। सभी देवाता राम लला को देखने पहुंचे।
- **नगर में हुआ हर्ष व्याप्त :** राजा दशरथ ने नांदीमुख श्राद्ध करके सब जातकर्म-संस्कार आदि किए और द्वीजों को सोना, गो, वस्त्र और मणियों का दान दिया। संपूर्ण नगर में हर्ष व्याप्त हो गया। ध्वजा, पताका और तोरणों से नगर छा गया। जिस प्रकार से वह सजाया गया। चारों और खुशियां ही खुशियां थीं। घर-घर मंगलमय बधावा बजने लगा। नगर के स्त्री-पुरुषों के झुंड के झुंड जहां-तहां आनंदमग्न हो रहे हैं।

## संक्षिप्त

### दो ट्रक से 25 लाख की विदेशी शराब जब्त



**मोतिहारी।** केसरिया में शराब तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई हुई है। पुलिस ने दो ट्रकों से करीब 25 लाख की विदेशी शराब जब्त की है। साथ ही पुलिस ने तीन तस्करों को भी गिरफ्तार किया है। बताया जाता है कि पटना मद्यनिषेध इकाई से सूचना मिली कि केसरिया होते हुए दो ट्रक अपने गणतव्य की ओर जाने वाला है, जिसपर भारी मात्रा में विदेशी शराब लदा हुआ है। सूचना के बाद पुलिस ने सादे लिबास में प्रमुख मार्गों पर फिल्डिंग लगायी। इस दौरान केसरिया थाना चौक गोलम्बर के पास बारी-बारी से दो ट्रक को रोक तलाशी ली गयी तो तहखाने में छुपा कर रखा विदेशी शराब बरामद हुआ।

### ब्लास्ट सिलिंडर की आग से तबाही, 50 घर राख

**बगहा/चौतरवा (पचं)।** प्रखंड बगहा एक की टेसरहिया-बथवरिया पंचायत के बाजार बथवरिया गांव में खाना बनाने के दौरान ब्लास्ट गैस सिलिंडर की आग ने तबाही मचा दी। इससे करीब 50 घर जलकर राख हो गये। घटना सोमवार की देर रात 10 बजे की है। ग्रामीणों ने सूचना अग्निशमन बगहा व बथवरिया पुलिस को दी। सूचना मिलते ही होमगार्ड के जिला समादेष्टा सह जिला अग्निशमन पदाधिकारी अनिल कुमार वर्मा फायर स्टेशन अधीक्षक श्याम सुंदर प्रसाद यादव के साथ अग्निशमन दस्ता वाहन टीम लेकर पहुंचे। ग्रामीणों के सहयोग से आग को बुझाने के प्रयास में जुटे रहे। आग के विकराल रूप को देखते हुए जिला अग्निशमन पदाधिकारी ने बेतिया, बगहा, चौतरवा से कुल पांच अग्निशमन वाहन दल के साथ घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

### नाबालिग की हत्या में तीन को आजीवन कारावास

**मधुबनी।** बाबूबरही थाना क्षेत्र में करीब 13 वर्ष पूर्व फिरौती के लिए सात वर्ष के नाबालिग का अपहरण कर हत्या करने के मामले में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश चतुर्थ मो मंजूर आलम के न्यायालय में सजा के बिंदु पर मंगलवार को सुनवाई हुई। न्यायालय ने दोनों पक्षों के दलील सुनने के बाद आरोपी बाबूबरही थाना क्षेत्र के फुलवरिया निवासी हरि कामत, मनीष कामत एवं सुरेश कामत को दफा 302 भादवि में आजीवन सश्रम कारावास की सजा सुनायी है। साथ ही न्यायालय ने प्रत्येक को दस-दस हजार रुपये जुर्माना भी लगाया है। जुर्माने कि राशि नहीं देने पर छह-छह माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

### पिस्टल सटाकर बैंककर्मी से 64 हजार रुपये लूटे

**लौरिया (पचं)।** देवराज के बरबीरो गांव के पास मंगलवार को बाइक सवार दो युवकों ने एक बैंककर्मी को पिस्टल दिखाकर करीब 64 हजार रुपये लूट लिया। बैंककर्मी जब तक स्थिति समझता, तबतक अपराधी पिस्टल लहराते हुए मुख्य रोड की ओर बिना नंबर की बाइक से फरार हो गये। घटना मंगलवार के दिन के करीब एक से डेढ़ बजे की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, लौरिया ब्लॉक चौक के पास स्थित बंधन बैंक का कर्मी मनोज कुमार पासवान देवराज के बरबीरो गांव से लोन का रुपया 64 हजार रुपये वसूली कर वापस लौरिया बैंक लौट रहा था। जब बैंककर्मी बरबीरो गांव से कुछ ही दूर आगे बढ़ा था कि पीछे से बाइक सवार दो युवकों ने ओवरटेक कर बैंककर्मी को आगे से घेर लिया और घटना को अंजाम दिया।

### आग से झुलस कर बुजुर्ग महिला की मौत

**बिहारशरीफ (नालंदा)।** नूरसराय थाना क्षेत्र के गोविंद बेलदरियापर गांव में मंगलवार को एक बुजुर्ग महिला की की आग से झुलस कर मौत हो गयी। मृत महिला गांव की स्वर्गीय दुर्गा चौहान की 70 वर्षीय पत्नी चिंता देवी है। मृत महिला के पुत्र अनुज चौहान ने बताया कि सोमवार को घर में गैस के चूल्हे पर माँ खाना बना रही थी। तभी अचानक गैस रिसाव कर गया और आग से झुलस गयी।

### विशेश्वर ओझा हत्याकांड : 19 को होगी सुनवाई

**आरा।** भाजपा नेता हत्या कांड में अष्टम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश नीरज किशोर ने मंगलवार को पूर्व में हुए इस कांड के गवाह की हत्या में ब्रजेश मिश्रा को आजीवन कारावास की सजा होने को लेकर आरोप का गठन किये। जिससे आज होने वाले सजा के बिंदु पर सुनवाई को कोर्ट ने 19 अप्रैल को तिथि निर्धारित किया। बतादें कि कोर्ट द्वारा गत मंगलवार को उक्त कांड में ब्रजेश मिश्रा समेत 7 आरोपियों को दोषी करार दिया गया था। अभियोजन की ओर से जिला अभियोजन पदाधिकारी सह अपर लोक अभियोजक माणिक कुमार सिंह ने बताया कि कोर्ट से आग्रह किया कि उक्त कांड के गवाह कमल किशोर की हत्या के मामले में ब्रजेश मिश्रा को आजीवन कारावास की सजा हुई थी।

# हमारे लिए हमारा संविधान 2047 का सपना पूरा करने का संकल्प : पीएम मोदी




**पटना।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को बिहार के गया में राजग उम्मीदवार जीतनराम मांझी के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि जब भी भाजपा आगे बढ़ती है, झूठ फैलाया जाता है कि संविधान बदल देंगे। मोदी और भाजपा तो क्या, स्वयं बाबा भीमराव अंबेडकर भी इस संविधान को नहीं बदल सकते हैं। उन्होंने कहा कि हमारे लिए हमारा संविधान 2047 का सपना पूरा करने का संकल्प है। पूरी दुनिया में इस वक्त अस्थिरता है, देश को जरूरत है, इस वक्त मजबूत फैसले लेने वाली सरकार की। मोदी ने 19 अप्रैल को पूरी ताकत से भाजपा नीत राजग गठबंधन को विजयी बनाने के लिए मतदान की अपील करते हुए राजद पर जमकर प्रहार किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि लालटेन वाले आपको आधुनिक युग में नहीं जाने देंगे। इनका राज होता तो आपके मोबाइल की बैटरी भी चार्ज नहीं हो पाती। यह कहते थे कि हमलोग प्रगतिशील नहीं हैं। हमने दिखा दिया चंद्रयान में जाने की ताकत किसमें है। जब भी भाजपा आगे बढ़ती है, यह झूठ फैलाते हैं कि संविधान बदल देंगे। मोदी और भाजपा तो क्या, स्वयं बाबा भीमराव अंबेडकर भी इस संविधान को नहीं बदल सकते हैं। झूठ फैलाना बंद करो। उन्होंने कहा कि इन्हें पता होना चाहिए यह जो संविधान सभा थी, डॉ. राजेंद्र बाबू उसका नेतृत्व करते थे। बाबा के दिल, दिमाग और कलम उसे शब्दों में डाल रहे थे। देश के गणमान्य लोग देश की भावनाओं और देश की परिस्थितियों को समझकर देश का संविधान बना रहे थे। जो लोग सनातन को गाली देते हैं, यह जो संविधान इतना महान बना है, यह जो संविधान हमें देश को आगे ले जाने की ताकत देता है, इस संविधान को बनाने के लिए जो संविधान सभा थी उसमें 80-90 प्रतिशत से भी ज्यादा सनातनी थे। उन सनातनियों ने इतना उत्तम संविधान बनाने में बाबा भीमराव अंबेडकर का साथ दिया। हमारे लिए हमारा संविधान 2047 का सपना पूरा करने का संकल्प है। बड़ी श्रद्धा के साथ बाबा भीमराव अंबेडकर को जो सम्मान हमने दिया है, वह किसी ने नहीं दिया है।

मोदी ने भाजपा के चुनावी घोषणापत्र का उल्लेख करते हुए कहा कि पहली बार किसी पार्टी के 'संकल्प पत्र' को 'गारंटी कार्ड' कहा जा रहा है। कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे पर हमला बोलते हुए पीएम मोदी ने कहा, 'जब मैंने संसद में संविधान दिवस मनाने का प्रस्ताव रखा तो वह कांग्रेस नेता खड़गे ही थे जिन्होंने इस प्रस्ताव का विरोध किया था। यह चुनाव विकसित भारत, विकसित बिहार के उसी संकल्प का चुनाव है। गया की धरती पर दिख रहा प्रचंड जनसमर्थन मोदी सरकार के प्रति इस अपार जनसमर्थन का स्पष्ट संकेत दे रहा है।

लालू प्रसाद यादव का नाम लिए बगैर कहा जो लोग संविधान को राजनीतिक हथियार की तरह उपयोग करना चाहते हैं, वह जरा कान खोल कर सुन लें, पिछले तीन दशकों से आपने लोगों को डराए रखने के लिए, लोगों को भयभीत रखने के लिए, भांति-भांति की विकृत कथाएं प्रचलित की हैं। कभी यह लोग कहते थे कि आरएसएस-भाजपा आएगी तो देश जल जाएगा, बंट जाएगा। अटलजी के समय से हम सरकार चला रहे हैं, लेकिन देश को सबसे ज्यादा शांति का समय हमारे कालखंड में मिला है। यह लोग कभी कहा करते हैं आरएसएस-बीजेपी वाला आएगा उद्योगपतियों को देश छोड़ कर भागना पड़ेगा, लेकिन आज भी सरकार की सभी योजनाओं का लाभ लेकर आन-बान शान के साथ प्रगति कर रहे हैं।

### पूर्णिया में बोले : मेरा काम सिर्फ और सिर्फ हर गरीब के घर तक सारी सुविधाएं पहुंचाना

**पूर्णिया।** बिहार के पूर्णिया में दूसरी जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार दोपहर कहा कि हमारा लक्ष्य आप युवाओं के सपने को पूरा करना है। मेरा काम सिर्फ और सिर्फ हर गरीब के घर तक सारी सुविधाएं पहुंचानी है यही मेरी सेवा है। पीएम मोदी ने कहा कि 25 करोड़ लोगों को हम लोगों ने गरीबी रेखा से बाहर कर लिया है अब जो बचे हैं इन 5 सालों में पूरा करना है। उन्होंने कहा कि बिहार में अच्छे नौजवान हैं, अच्छे लोग हैं और अच्छे सामर्थ्य की कमी नहीं है। हमें पूर्णिया सहित सीमांचल एवं बिहार तथा भारत का विकास करना है। उन्होंने कहा कि जल्द ही यहां से वंदे भारत तथा एयरपोर्ट की शुरुआत हो जाएगी। पीएम ने कहा कि हमारा पूर्णिया मक्का, जुट एवं मखाना का सबसे बड़ा उत्पादक जिला है। इसलिए हम लोगों ने सरकार की ओर से सहायता और भी बढ़ाई है। जिसको किसी ने नहीं पूछा आज हम उसको पूज रहे हैं। पूर्णिया आज सबसे आकांक्षी जिलों में आगे हो गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि पहले की केंद्र की सरकारें बिहार को पिछड़ा कह कर पीछा छुड़ा लेती थी परंतु हमने प्रण लिया है कि बिहार को किसी भी रूप में आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने एनडीए के उम्मीदवार संतोष कुशवाहा तथा दुलालचंद गोस्वामी को आशीर्वाद देने की अपील की और कहा कि भ्रष्टाचारियों को आने से रोकने के लिए आपकी वोट की ताकत की आवश्यकता है। आपकी ताकत पर हम अच्छा कर पा रहे हैं ।आपके आशीर्वाद पर हम निरंतर भारत को आगे ले जा रहे हैं। सन 2047 तक हमें भारत को विश्व में नंबर एक बनाना है। उन्होंने कहा कि हमने गरीब किसानों के खाने वाले मोटे अनाजों का प्रचार किया ।आज वह मोटा अनाज पूरे विश्व में उपजाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है । जी-20 शिखर सम्मेलन में विभिन्न देशों से आए राष्ट्र के अध्यक्षों को हमने मोटे अनाज का स्वाद चखाया। हर गांव के दलित, वंचित ,गरीब सभी का समाधान करना ही हमारी सेवा का मुख्य लक्ष्य है। उज्ज्वला योजना ,हर घर जनरल योजना, किसान सम्मान निधि हमारी प्रमुखता है। आज मैं गरीबों और दलितों की आवाज इसलिए समझ पाता हूं क्योंकि मैं भी इस समाज से आया हूं। पीएम ने कहा कि कुछ विपक्षी पार्टियों संविधान को समाप्त करने की साजिश रच रहे हैं । जिसे हमें नाकाम करना है।

## पटना में भीषण सड़क हादसा सात की मौत, एक गंभीर



□ मेट्रो के काम में लगे क्रेन से टकराया ऑटो

**पटना।** राजधानी पटना के कंकड़बाग थाना क्षेत्र के रामलखन पथ पर मंगलवार को विषण सड़क हादसा हुआ।इस सड़क हादसे में सात लोगों की मौत हो गयी, जबकि एक व्यक्ति की हालत गंभीर बनी हुई है। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई है। पटना के न्यू बायपास स्थित राम लखन पथ एनएच- 30 पर यात्री लेकर जाती एक ऑटो अनियंत्रित होकर मेट्रो का काम कर रही हाइड्रा क्रेन से टकरा गयी। ऑटो में कुल आठ लोग सवार थे, जिसमें 7 लोगों की मौत हो गई। दो बच्चों सहित युवक और महिलाओं की मौत हुई है। न्यू बायपास स्थित निजी अस्पताल में घायलों को भर्ती कराया गया। जहां एक बच्चे की मौत हुई है। घटना के बाद ऑटो चालक फरार हो गया। पुलिस मामले की पड़ताल में जुटी है। पुलिस ने सातो शवों को पीएमसीएच पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया जा रहा है कि निजी अस्पताल में इलाजरत मुकेश कुमार साहनी 29 वर्षीय मोतिहारी के रहने वाले हैं जो अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ ऑटो में सवार थे। घायल मुकेश कुमार साहनी का इलाज जारी है।

### आज थम जायेगा पहले चरण के लिए चुनाव प्रचार का शोर

**पटना।** लोकसभा चुनाव के पहले चरण में चार लोकसभा क्षेत्रों औरंगाबाद, नवादा, गया और जमुई में मतदान शुक्रवार को कराया जायेगा। इनमें प्रत्याशियों के द्वारा होनेवाला चुनाव का प्रचार का शोर बुधवार की शाम छह बजे थम जायेगा। इसमें वैसे विधानसभा क्षेत्र भी हैं, जहां पर चुनाव प्रचार का शोर दोपहर चार बजे तक थम जायेगा। पहले चरण में 38 प्रत्याशी मैदान में हैं। अधिसूचना के अनुसार औरंगाबाद लोकसभा के तहत कुटुम्बा, रफीगंज, गुरुआ, इमामगंज और टिकारी विधानसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार चार बजे तक होगा। इसी लोकसभा की औरंगाबाद विधान सभा में चुनाव प्रचार छह बजे तक होगा। गया लोकसभा क्षेत्र के शेरघाटी, बाराचट्टी, बोधगया में प्रचार दोपहर चार बजे तक होगा। इसी लोकसभा के गया टाउन, बेलागंज और वजीरगंज विधानसभा में प्रचार शाम छह बजे तक होगा।

## किसान, महंगाई व बेरोजगारी पर कुछ नहीं बोल रहे पीएम : तेजस्वी

प्रतिनिधि, डोभी (गया)



गया के डोभी के कंजियार मैदान में मंगलवार को चुनावी सभा को संबोधित करते हुए पूर्व उप मुख्यमंत्री और राजद नेता तेजस्वी यादव ने केंद्र सरकार पर प्रहार कहते हुए कहा कि पीएम मोदी गया में चुनावी भाषण में किसान, महंगाई और बेरोजगारी पर कुछ नहीं बोले।

10 साल प्रधानमंत्री रहे तो उन्होंने गया के लिए क्या किया, ये भी नहीं बोले। 17 महीने बिहार में हमारी सरकार थी, तो हमने पांच लाख नौकरियां दीं।आरक्षण की सीमा को बढाया, मानदेय बढाये, वहीं 10 साल रहे प्रधानमंत्री मोदी ने सिर्फ चार काम किये, बेरोजगारी बढायी, महंगाई बढायी, गरीबी बढ़ाई और जुमलाबाजी करते रहे। बुधवार को रामनवमी है भाजपा के लोग तलवार बांटेगे और हमलोग कलम बांटते हैं। तलवार से दंगा-फसाद होगा लोग मरेंगे, घायल होंगे। हमारे गठबंधन की सरकार बनी तो आगामी 15 अगस्त को एक करोड़ युवाओं को नौकरी देंगे। आने वाला रक्षाबंधन के मौके पर बिहार की बहनों को रोजगार के लिए एक लाख रुपये ऋण दिया जायेगा।

## भागलपुर: भूसा लेने से मना करने पर किसान की हत्या



**सुलतानगंज (भागलपुर)।** बाथ थाना क्षेत्र के दौलतपुर बहियार (भिट्टी सुगठिया ) में अपराधियों ने मंगलवार की सुबह भूसा लेने से मना करने पर दौलतपुर निवासी 40 वर्षीय किसान मुकेश कुमार सिंह की गोली मार हत्या कर दी। अपराधियों की ताबड़तोड़ फायरिंग में भूदेव सिंह के 44 वर्षीय पुत्र सच्चिदानंद उर्फ कारेलाल मंडल गंभीर रूप से जख्मी हो गये। मृतक और जख्मी आपस में चचेरे भाई हैं। गंभीर स्थिति में कारेलाल मंडल को इलाज के लिये मायागंज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। थानाध्यक्ष केके झा ने बताया कि प्रथम दृष्टया जो बात सामने आ रही है कि पूर्व में खलिहान पर रखा भूसा चोरी का आरोप मुकेश व कारेलाल द्वारा आरोपी पक्ष पर लगाया गया था। मंगलवार की सुबह जब किसान अपने खेत में रखा भूसा बोरी में भर रहा था। इसी दौरान आरोपी पक्ष और किसान के बीच बहस होने लगी। तभी घोड़े पर सवार दो अपराधियों ने गोली चला दी। मुकेश के बांये कंधे पर एक गोली लगने से मौत हो गयी। जबकि, सच्चिदानंद उर्फ कारेलाल को भी कंधे पर एक गोली लगी। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने भेजा गया है। एसएसपी आनंद कुमार ने बताया कि परिजन के आवेदन के आधार पर नामजद व्यक्तियों के विरुद्ध केस दर्ज कर गिरफ्तारी हेतु छापेमारी की जा रही है।पुलिस छावनी में तब्दील हुआ बहियार घटना की सूचना पर सुलतानगंज, बाथ, शाहकुंड, कजरैली व अकबरनगर थाना से पुलिस दलबल के साथ मौके पर पहुंची। पूरा बहियार पुलिस छावनी में तब्दील हो गया। अपराधी घोड़े पर सवार हो कर बहियार पहुंचा और किसान मुकेश सिंह के खेत में रखे गेहूं का भूसा लूट कर ले जा रहा था।

## पेज एक का शेष

### ₹ 25 लाख के ...

**कांकेर में दूसरे चरण में होने हैं चुनाव :** बताते चलें कि, कांकेर लोकसभा क्षेत्र में दूसरे चरण में 26 अप्रैल को लोकसभा चुनाव होंगे। हालांकि कांकेर बस्तर संभाग का हिस्सा है और बस्तर लोकसभा क्षेत्र में 19 अप्रैल को पहले चरण में चुनाव होगा। लेकिन बस्तर लोकसभा क्षेत्र में कांकेर नहीं है। कांकेर एक अलग लोकसभा क्षेत्र है और वहां 26 अप्रैल को वोटिंग होगी। छत्तीसगढ़ में रायपुर और जगदलपुर के बीच स्थित कांकेर लोकसभा क्षेत्र में 8 विधानसभा सीटें शामिल हैं, जिनमें से छह अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित हैं। इन विधानसभा सीटों में गुंडरदेही, संजारी बालोद, सिहावा (एसटी), डोंडी लोहारा (एसटी), अंतागढ़ (एसटी), भानुप्रतापपुर (एसटी), कांकेर (एसटी) और केशकाल (एसटी) शामिल हैं। मूल रूप से बस्तर जिले का हिस्सा, कांकेर 1998 में एक अलग जिला बन गया।

### बड़कागांव में बीडीओ...

सीओ बालेश्वर राम के चालक विजय कुमार को चोट भी लगी है। वहां रखे पुआल में उग्र लोगों ने आग लगा दी। अग्निशामक वाहन ने आग पर काबू पा लिया। स्थिति को नियंत्रण करने के लिए पुलिस को हल्का बल का प्रयोग करना पड़ा। डीसी नैंसी सहाय, एसपी अरविंद कुमार सिंह भी घटनास्थल पर पहुंचे। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है।

वीडियो वायरल होने से बढ़ा विवाद : एसडीपीओ कुलदीप कुमार ने जुलूस निकाले जाने की पुष्टि नहीं की है। हालांकि, सोशल मीडिया पर विवादित मार्ग से जुलूस निकाले जाने का वीडियो वायरल कर दिया गया। इसके बाद बड़कागांव प्रशासन हरकत में आ गया। एसडीपीओ कुलदीपक कुमार ने दूरभाष पर बताया कि जुलूस नहीं निकला है। बल्कि, पूजा करने के बहाने कुछ लोग विवादित मार्ग से गुजरने का प्रयास किये। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को हल्का बल प्रयोग करना पड़ा। पत्थरबाजी हुई। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है।

### ईडी ने झामुमो नेता...

वह उसी वक्त से जेल में है। छापेमारी के दौरान उसके घर से जमीन के 36 सेल डीड सहित जमीन से जुड़े अन्य दस्तावेज जब्त किये गये थे। साथ ही फर्जी दस्तावेज तैयार करने के लिए रखे गये लोगों के मतदाता पहचान पत्र के अलावा अन्य दस्तावेज मिले थे। उसके ठिकानों से जिन लोगों की पहचान पत्र मिले थे, उसमें तमिलनाडु के पवित्र मोहन दशकर्णा के अलावा रांची के अमरुद्दीन अंसारी, विद्या डुंगडुंग, निशा रानी, जमील अंसारी सहित अन्य लोगों के नाम शामिल थे। ईडी ने छापेमारी के दौरान उसके घर से मिले सेल डीड का ब्योरा सरकार के साथ साझा करते हुए कार्रवाई करने का अनुरोध किया था। ईडी ने पिछले वर्ष भी ठेकेदार बिपिन सिंह के ठिकानों पर छापामारी की थी, लेकिन छापेमारी से एक दिन पहले वह सपरिवार अपने घर से गायब हो गया था।

### आज रामलला का...

भगवान राम का सूर्य अभिषेक विज्ञान के फॉर्मूले के तहत किया जाएगा। वैज्ञानिकों ने इस पर रिसर्च किया था और इसका बीते दिनों ट्रायल भी किया गया, जो सफल रहा था। अब रामनवमी के दिन जब भगवान राम का जन्मदिन मनाया जाएगा, तो उस दौरान उनके माथे पर सूर्य तिलक किया जाएगा। इस पल का साक्षी देश दुनिया में बैठे राम भक्त भी बनेंगे।

विज्ञान की इस तकनीक से होगा सूर्य तिलक : रामनवमी के दिन सूर्य की रोशनी मंदिर के तीसरे तल पर लगे पहले तर्पण पर पड़ेगी। यहां से परावर्तित होकर पीतल की पाइप में प्रवेश करेगी। पीतल के पाइप में लगे दूसरे दर्पण में टकराकर 90 डिग्री पर पुनः परावर्तित हो जाएंगी। फिर पीतल की पाइप से जाते हुए यह किरण तीन अलग-अलग लेंस से होकर गुजरेगी और लंबे पाइप के गर्भ गृह वाले सिरे पर लगे शिशे से टकराएंगीं। गर्भगृह में लगे शीशे से टकराने के बाद किरणें सीधे रामलला के मस्तिष्क पर 75 मिलीमीटर का गोलाकार तिलक लगाएंगी और निरंतर 4 मिनट तक प्रकाश मान होंगी।

अयोध्या में अध्यात्म और विज्ञान का अद्भुत संगम : श्रीराम मंदिर में प्रकाश परावर्तन नियम के जरिए सूर्य अभिषेक का मॉडल श्रीराम मनोहर लोहिया अवध यूनिवर्सिटी के साइंस के छात्रों और प्रोफेसर ने मिलकर तैयार किया है। इस मॉडल में सूर्य की जगह बल्ब से ऊर्जा ली जा रही है और अलग-अलग लेंस के जरिए प्रकाश को परावर्तित कर सूर्य अभिषेक किया जा रहा है। इस मॉडल में केवल इतना फर्क है कि इसमें पाइप का इस्तेमाल नहीं किया गया है और सूर्य की जगह बल्ब का प्रयोग किया गया है।

### कांग्रेस ने गोड्डा...

**खूंटी, लोहरदगा व हजारीबाग सीट से प्रत्याशी घोषित :** जयप्रकाश भाई पटेल हाल ही में बीजेपी छोड़कर कांग्रेस में शामिल हुए हैं। इन्हें कांग्रेस ने हजारीबाग लोकसभा सीट से मैदान में उतारा है। लोहरदगा लोकसभा सीट अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित है। लोहरदगा सीट पर पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सुखदेव भगत को उम्मीदवार बनाया गया है। खूंटी लोकसभा सीट अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित है। खूंटी सीट से कालीचरण मुंडा को कांग्रेस ने प्रत्याशी बनाया है।

**झामुमो के चार प्रत्याशी पहले से घोषित :** झारखंड मुक्ति मोर्चा ने पिछले दिनों दूसरी सूची जारी कर दो लोकसभा सीटों के लिए प्रत्याशियों की घोषणा की थी। राजमहल से जहां विजय हांसदा को टिकट दिया गया है, वहीं सिंहभूम से जोबा मांझी को प्रत्याशी बनाया गया है। इससे पहले भी झामुमो ने दो लोकसभा सीटों दुमका व गिरिडीह पर उम्मीदवारों की घोषणा की थी। दुमका से नलिन सोरेन और गिरिडीह लोकसभा सीट से मथुरा प्रसाद महतो को उम्मीदवार बनाया गया है। इस तरह झारखंड मुक्ति मोर्चा पहले से चार लोकसभा सीटों पर उम्मीदवारों के नाम की घोषणा कर चुकी है। झारखंड में इंडिया गठबंधन के तहत कुल 14 लोकसभा सीटों पर झामुमो, कांग्रेस, राजद व भाकपा माले चुनाव लड़ रही हैं।

### पूरा बंगाल कह...

मुझे पता है टीएमसी ने हमेशा की तरह यहां रामनवमी उत्सव को रोकने की पूरी कोशिश की, सारे षड्यंत्र किए। लेकिन जीत सत्य की ही होती है। इसलिए कोर्ट से अनुमति मिल गई है और कल पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ रामनवमी की शोभायात्राएं निकलेगी। मैं बंगाल के मेरे सभी भाई-बहनों को इस अवसर पर बधाई देता हूं।

पीएम मोदी ने कहा कि जब से मोदी का गारंटी कार्ड आया है, टीएमसी वाले परेशान हो गए हैं! टीएमसी ने बंगाल के लोगों को केंद्रीय योजनाओं का लाभ नहीं मिलने दिया। लेकिन अब, यह महसूस करते हुए कि मोदी की गारंटी गरीबों तक पहुंचेगी और उन्हें सशक्त बनाएगी, टीएमसी डर गई है! बीजेपी के संकल्प पत्र में अगले 5 साल के लिए मोदी की गारंटी! हमने गरीबों के लिए 3 करोड़ नए घर बनाने का फैसला किया है। पीएम मोदी ने कहा कि हम लोगों को सब्सिडी वाले सौर पैनल प्रदान करके शून्य बिजली बिल सुनिश्चित करेंगे। हम अगले 5 साल तक गरीबों को मुफ्त राशन देना जारी रखेंगे। हम आयुष्मान भारत योजना के तहत 70 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों को मुफ्त चिकित्सा उपचार सुनिश्चित करेंगे। मैं आपका प्यार और आशीर्वाद पाकर अभिभूत हूं। आपका उत्साह दृढ़ता से दर्शाता है कि - बंगाल में विकास की जीत होगी। आज पूरा बंगाल कह रहा है, 4 जून, 400 पार। उन्होंने आरोप लगाया कि टीएमसी ने बंगाल को अवैध घुसपैठियों को लीज पर दे दिया है।

### यूपीएससी आईएएस...

मालूम हो कि 9 अप्रैल 2024 तक यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा के इंटरव्यू चले थे। इंटरव्यू राउंड की शुरुआत 2 जनवरी से हुई थी। मुख्य परीक्षा में सफल होने वाले लगभग 2846 उम्मीदवारों को इंटरव्यू के लिए बुलाया गया था। यूपीएससी ने सिविल सेवा परीक्षा 2023 के तहत आईएएस, आईपीएस समेत सर्विसेज में 1143 पदों पर भर्ती निकाली थी। इसमें आईएएस के 180, आईपीएस के 200, आईएफएस के 37 के पद थे। बता दें कि, हर वर्ष आईएएस, आईपीएस, आईएफएस ऑफिसर बनने का ख्वाब संजोने वाले लाखों उम्मीदवार यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा देते हैं। इस परीक्षा को देश की सबसे चुनौतिपूर्ण प्रतियोगी परीक्षा माना जाता है। यूपीएससी सिविल सेवा के जरिए इंडियन एडमिनिस्ट्रेटिव सर्विसेज (आईएएस), भारतीय पुलिस सर्विसेज (आईपीएस) और भारतीय फॉरेन सर्विसेज (आईएफएस), रेलवे ग्रुप ए (इंडियन रेलवे अकाउंट्स सर्विस), इंडियन पोस्टल सर्विसेज, भारतीय डाक सेवा, इंडियन ट्रेड सर्विसेज सहित अन्य सेवाओं के लिए चयन किया जाता है। यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा तीन चरणों प्रारंभिक, मुख्य परीक्षा और साक्षात्कार में आयोजित की जाती है। मुख्य परीक्षा और साक्षात्कार में प्रदर्शन के आधार पर फाइनल मेरिट लिस्ट जारी होती है।

## सुरक्षाबलों की कार्रवाई से घबराए नक्सली, 26 ने किया सरेंडर

दंतेवाड़ा। सुरक्षाबलों की कार्रवाई से नक्सलियों में घबराहट पैदा हो गई है। दंतेवाड़ा में एक या दो नहीं, बल्कि 26 नक्सलियों ने एक साथ सरेंडर किया, जिसे देखकर सुरक्षाबलों के भी होश फाख्ता हो गए। सुरक्षा बालों को यह चमत्कार जैसा लगा, लेकिन यह कोई चमत्कार नहीं, बल्कि सच्चाई है। सरेंडर करने वाले नक्सलियों में एक नक्सली पर एक लाख रुपए का इनाम घोषित किया गया था। प्रतिबंधित माओवादी संगठन ने सुरक्षाबलों की कार्रवाई के विरोध में 15 अप्रैल को बंद का आह्वान किया था। जिसका कोई खास असर नहीं दिखा। एसपी गौरव राय ने बताया कि यह सभी नक्सली कई गतिविधियों में शामिल थे, जिसमें पोस्टर लगाना, बैनर लगाना, रसद एकत्रित करना, आगजनी करना, सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाना, सरकारी कार्यों में बाधा पहुंचाना शामिल है। छत्तीसगढ़ को नक्सल मुक्त बनाने की दिशा में सुरक्षाबलों की प्रखर कार्रवाई का अंदाजा आप महज इसी से लगा सकते हैं कि अब तक इस अभियान के अंतर्गत 717 नक्सली सरेंडर कर चुके हैं, जिसमें 176 इनामी हैं।

## अयोध्या राम मंदिर में आज 50 लाख से अधिक भक्तों के दर्शन करने की संभावना

मिर्जापुर। रामनवमी को देखते हुए अयोध्या ही नहीं, देश भर के श्रद्धालुओं में उत्साह है। इस अवसर पर अयोध्या में नवनिर्मित राम मंदिर में कल 50 लाख से अधिक भक्तों के दर्शन करने की संभावना है। ऐसे में श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण के लिए मिर्जापुर से 1,11,111 किलो लड्डू भेजे जा रहे हैं। प्रसाद शहर के देवरहा हंस बाबा ट्रस्ट द्वारा भेजा जा रहा है। इन लड्डुओं को तैयार करने के बाद इसी टिफिन में पैक किया जा रहा है। सनातन धर्म में प्रभु श्री राम को मर्यादा पुरुषोत्तम की उपाधि दी गई है। यही कारण है कि हर साल चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को मनाए जाने वाले रामनवमी का पर्व हिंदू धर्म के लोगों के लिए बेहद खास माना जाता है। इस वर्ष रामनवमी 17 अप्रैल को मनाई जा रही है। ऐसे में अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के बाद अब राम नवमी के पर्व को ऐतिहासिक बनाने के लिए मिर्जापुर से भोग और वितरण के लिए प्रसाद के तौर पर 1,11,111 किलोग्राम लड्डू अयोध्या स्थित राम लला मंदिर भेजा जा रहा है। कल आने वाले राम भक्तों को देवरहा बाबा आश्रम की तरफ से यह प्रसाद वितरित किया जाएगा। अयोध्या में रामलला को लड्डुओं का भोग लगाने के लिए वाराणसी और प्रयागराज से विशेष कारीगर बुलाए गए हैं। वाराणसी से आएं अशोक यादव ने बताया कि 10 लोगों के साथ 31 मार्च को यहां आए थे। इसके बाद से लगातार लड्डू बन रहे हैं। प्रयागराज से भी 6 कारीगर आए हैं। इसके अलावा मिर्जापुर के भी कारीगर लड्डू बनाने में लगे हैं। इससे पहले हम लोगों ने जनवरी में भी लड्डूओं को तैयार किया था जहां वह भी अयोध्या में भोग लगाने गया था। संत तुषार दास ने बताया कि राम नवमी के पर्व पर देवरहा बाबा आश्रम के तरफ से प्रभु श्रीराम के विशेष भोग के लिए लड्डुओं को तैयार किया जा रहा है। लगभग 20 दिनों से शुद्ध देशी घी, बेसन और चीनी से लड्डू बनाये जा रहे हैं। सोमवार और मंगलवार को लड्डू वाहन से अयोध्या भेजा गया जहां कल रामनवमी पर भोग लगाने के बाद प्रसाद भक्तों में वितरित होगा। उन्होंने बताया कि 500 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद यह शुभ अवसर आया है। ऐसे में महाराज के आदेश के बाद इस रामनवमी को खास तरह से मनाया जा रहा है।

## लेम्बोर्गिनी को लगा दी आग, वीडियो हुआ वायरल

हैदराबाद। तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद के पहाड़ी इलाके में 13 अप्रैल को लेम्बोर्गिनी कार को आग लगा दी। 2009 मॉडल की इस स्पोर्ट्स कार की कीमत करीब 1 करोड़ रुपये बताई जा रही है। इस घटना एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें पीले रंग की लैंबॉर्गिनी सड़क पर धूं-धूंकर जलती दिख रही है। पुलिस के मुताबिक कार मालिक ने इसे बेचने के इरादे से दोस्तों को खरीदार ढूंढने के लिए कहा था। जांच में पता चला कि यह शख्स सेकंड हैंड कार की बिक्री करता है। उसकी अपने मालिक के साथ झगड़ा हो गया था जिसके बाद उसने कुछ साथियों के साथ मिलकर इस घटना को अंजाम दिया। रिपोर्ट में बताया गया कि इस घटना का प्राथमिक संदिग्ध जो मालिक के एक दोस्त की जान-पहचान का था ने उससे कार लाने के लिए कहा था। पुलिस ने बताया कि जब 13 अप्रैल की शाम को यह लैम्बॉर्गिनी कार हैदराबाद के बाहरी इलाके में ममीदिपल्ली रोड पर लाई गई तो उस शख्स ने दूसरे लोगों के साथ मिलकर इस पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। उसका दावा है कि कार मालिक पर उसका पैसा बकाया है। कार लेने वाले व्यक्ति की शिकायत के आधार पर आईपीसी की धारा 435 (नुकसान पहुंचाने के इरादे से आग या विस्फोटक पदार्थ द्वारा शरारत) के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने कहा कि पूरी जानकारी जांच के बाद ही असली बात पता चलेगी।

## पंजाब, हरियाणा राजस्थान समेत पूर्वोत्तर राज्यों में बारिश की संभावना

नई दिल्ली। आईएमडी ने बताया कि पूर्वोत्तर के राज्य असम, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, नगालैंड और सिक्किम में 16 से 21 अप्रैल को बारिश की संभावना है। उधर आईएमडी ने कहा कि उत्तर पश्चिम भारत के राज्य में मौसम में कोई खास बदलाव होने की संभावना नहीं है। ऐसे में जो मौजूदा मौसूम है वैसा ही रहेगा। आईएमडी ने बताया कि मध्य प्रदेश, विदर्भ और मराठवाड़ा में भी बारिश हो सकती है। इसके अलावा यहां आंधी तूफान चलने की भी संभावना है। आईएमडी ने कहा कि गंगीय पश्चिम बंगाल में 17 अप्रैल से शुक्रवार 19 अप्रैल के दौरान अलग-अलग स्थानों पर हीट वेव चल सकती है। मौसम विभाग ने कहा कि जम्मू कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान में बारिश होने की संभावना है। इन राज्यों में फिर से ऐसा ही मौसम 18 अप्रैल को शुरू होगा। भारत मौसम विभाग ने कहा कि उत्तर पश्चिम भारत में अगले 24 घंटे में बारिश का दौर जारी रहने की संभावना है। इसके बाद 18 से 21 अप्रैल के दौरान वर्षा का एक नया दौर जारी रह सकता है।

## मस्जिद बनाने के लिए चंदे में मिला अंडा, 2.26 लाख में बिका

जम्मू, । कश्मीर के बारामूला में मस्जिद निर्माण के लिए चंदा किया जा रहा था। इस दौरान ऐसा वाक्या पेश आया कि लोग हैरान रह गए। मस्जिद के चंदे के लिए एक अंडे की नीलामी की गई। यह अंडा 2.26 लाख रुपये में नीलाम हुआ है। अब हर कोई हैरान है कि एक अंडा की कीमत इतनी कैसे हो सकती है। यह घटना श्रीनगर के सोपोर के मालपोर गांव में घटित हुई। जहां एक मस्जिद समिति मस्जिद बनाने के लिए लोगों से नकद और कोई भी वस्तु चंदा के रुप में इकट्ठा करना शुरू किया। वहीं एक बुजुर्ग महिला ने बताया कि उसने अपनी मुर्गी द्वारा दिया गया ताजा अंडा दान किया है। वस्तु के रूप में दिए गए दान को नीलामी के लिए रखा गया लेकिन दूसरी वस्तुओं से ज्यादा अंडा सबसे ज्यादा कीमत में नीलाम हुआ। स्थानीय निवासी ने बताया कि वस्तुओं की नीलामी शुरु हुई। सभी वस्तु तो नीलाम हो गई लेकिन लोग तीन दिनों तक अंडे पर बोली लगाते रहे और हर बोली के बाद, सफल बोली लगाने वाले ने अपनी बोली की राशि का भुगतान किया और फिर और ज्यादा पैसे जुटाने के लिए अंडे को दान के रूप में समिति को वापस कर दिया। नीलामी के आखिरी दिन एक युवा व्यापारी दानिश अहमद ने अंडे को 70,000 रुपये में खरीदा। दानिश ने कहा कि हम इस मस्जिद को जल्द से जल्द पूरा करने के लिए बहुत उत्सुक हैं। चूंकि मस्जिद को बड़ा बनाने की योजना है, इसलिए ज्यादा पैसे की जरुरत भी है। उन्होंने कहा कि 'मैं कोई अमीर आदमी नहीं हूं लेकिन मस्जिद बनाने के लिए मेरा जुनून और भावना थीज।' दानिश के मुताबिक कई दौर की नीलामी के बाद अंडे के लिए बोली लगाने वालों ने 2,26,350 रुपये नीलामी से जमा किए हैं। जिसे अब मस्जिद की तामीर में लगाया जाएगा।

## कांग्रेस कन्हैया कुमार को टिकट देकर अपनी मानसिकता का परिचय दे रही है- मनोज तिवारी

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में कांग्रेस कन्हैया कुमार को कांग्रेस पार्टी से टिकट मिलने के बाद बीजेपी कैंडिडेट मनोज तिवारी ने कहा कि वो अपनी मानसिकता का परिचय दे रही है। चुनाव में तो कोई भी प्रत्याशी बनकर आ सकता है। मनोज तिवारी ने कहा कि आज कांग्रेस और आप पार्टी का कार्यकर्ता निराश होकर बैठ गया होगा और बहुत निराश होगा। कोई इसको स्वीकार नहीं करेगा। मेरा मानना है कि हमारे क्षेत्र में जो भी आएगा 14 हजार 600 करोड़ का काम देखेगा। हमारे क्षेत्र में जाम होने वाले बड़े-बड़े चौराहे निर्बाध गति से चल रहे हैं। कांग्रेस ने उत्तर-पूर्वी दिल्ली से कन्हैया कुमार को टिकट दिया है।

# चार जून के बाद भ्रष्टाचारियों के खिलाफ तेज होगी मोदी सरकार की कार्रवाई : नड्डा



**रामनाथपुरम (एजेंसी)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा ने तमिलनाडु में रामनाथपुरम जिले के परमकुडी में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के प्रत्याशी और पूर्व मुख्यमंत्री ओ पन्नीरसेल्वम के समर्थन में रोड शो किया। दरअसल अन्नाद्रमुक से निष्कासित पन्नीरसेल्वम भाजपा नीत राजग के तहत निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में रामनाथपुरम से लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। तमिलनाडु में 19 अप्रैल को मतदान होगा।

राज्य की स्टालिन सरकार पर निशाना साधते हुए नड्डा ने इस पार्टी के लोगों पर 'बालू घोटाले में लिप्त होने का आरोप लगाया और कहा कि द्रमुक का मतलब, डी यानी डायनेस्टी (वंशवाद), एम यानी मनी स्विंडलिंग (पैसे की हेराफेरी) और के यानी कट्टापंचायत (कंगारू अदालत) है। राष्ट्रीय अध्यक्ष नडडा ने कहा कि चार जून के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी जाएगी और ''ये सभी लोग जेल में होंगे या जमानत पर होंगे। देश में सात चरणों में लोकसभा चुनाव होने के बाद चार जून को मतगणना होगी। नड्डा ने विशेष रूप से तैयार किये गये एक खुले वाहन में सवार होकर रोड शो किया।

उन्होंने पन्नीरसेल्वम की तारीफ कर उन्हें ऐसा ''वरिष्ठ नेता बताया जो अनुभवी एवं परिपक्व हैं तथा जिन्होंने तमिलनाडु की खातिर संघर्ष किया है।''नडडा ने कहा कि मोदी ने कोष आवंटन में इस दक्षिणी राज्य के साथ 'विशेष बर्ताव' किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने ''तमिल संस्कृति एवं को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पहुंचाया। उन्होंने कहा कि राजग के पिछले एक दशक के शासनकाल में देश ने विभिन्न क्षेत्रों में तेज छलांग लगाई है तथा 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर लाया गया है।

## विदेश मंत्री एस जयशंकर ने डिजिटल लेनदेन पर जोर दिया



नई दिल्ली। देश के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने डिजिटल लेनदेन पर जोर दिया है। इससे पहले जयशंकर ने 2008 के मुंबई हमलों के बाद नीति में निर्णायक बदलाव के लिए प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी को श्रेय देते हुए सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ भारत के दृढ़ रुख की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि प्रमुख आतंकवादी घटनाओं का युग हमारे पीछे है। आज किसी भी आतंकवादी कृत्य पर भारत की प्रतिक्रिया का उदाहरण उरी में हमारी कार्रवाई है। राजस्थान के बीकानेर में एक कार्यक्रम में बोलते हुए विदेश मंत्री ने कहा कि भारत में मासिक रूप से 120 करोड़ रुपये का लेनदेन होता है जबकि संयुक्त राज्य अमेरिका में एक वर्ष में केवल 40 करोड़ रुपये का लेनदेन ही होता है। जयशंकर ने अन्य देशों के संदेह का मुकाबला करते हुए भारत में लोकतंत्र की प्रभावशीलता पर प्रकाश डाला। एक सभा में उन्होंने कहा कि कैशलेस भुगतान के लिए यूपीआई के आगमन के साथ ही भारत की मासिक लेनदेन मात्रा 120 करोड़ रुपये तक पहुंच गई है जो अमेरिका के वार्षिक आंकड़े को भी पार कर गई है। इस प्रगति को विश्व स्तर पर मान्यता और सराहना मिली है। उन्होंने बताया कि कई देशों के विपरीत जहां चुनावी प्रक्रिया पर सवाल उठाए जाते हैं भारत के चुनाव इसके लोकतंत्र के सुचारू कामकाज का एक प्रमाण हैं। लोकतंत्र ने भारत में परिणाम देने की अपनी क्षमता साबित की है यह इस धारणा के विपरीत है कि यह विकास में बाधा डालता है। 100 करोड़ लोगों को शामिल करने वाली निर्बाध मतदान प्रक्रिया दुनिया के लिए एक आश्चर्य है और एक उपलब्धि है जिस पर हमें गर्व होना चाहिए।

# अरुणाचल प्रदेश की महिलायें बोलीं- मोदी जी की सरकार में राज्य का भाग्य ही बदल गया



**ईटानगर (एजेंसी)।** अरुणाचल प्रदेश की महिलाओं ने कहा कि पहले हमारे पास ना पहनने के लिए अच्छे कपड़े होते थे ना राशन पूरा मिलता था। ना ही मेडिकल सुविधाएं थीं और सड़कों की स्थिति अच्छी नहीं होने से आवाजाही में दिक्कत होती थी, लेकिन केंद्र में जबसे मोदी जी की सरकार आई है तबसे इस राज्य का भाग्य ही बदल गया है।

लोगों ने बताया कि पिछले साल जब जी 20 समूह की बैठक अरुणाचल प्रदेश में आयोजित की गयी थी तो विदेशी मेहमानों ने यहां की आवभगत देखी व यहां का विकास भी देखा और यहां की संस्कृति से परिचित हुए। लोगों ने कहा कि पहले लोग अरुणाचल प्रदेश को सिर्फ मानचित्र में देखा करते थे लेकिन अब पूरी दुनिया अरुणाचल की संस्कृति से रूबरू हुई है तो इसका पूरा श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जाता है।

यही नहीं अरुणाचल प्रदेश कुछ उन राज्यों में शुमार है जहां विधानसभा और लोकसभा के चुनाव साथ हो रहे हैं। पूर्वोत्तर राज्य अरुणाचल में लोकसभा की दो सीटें हैं और विधानसभा की 60 सीटें हैं। जब हमने कई लोगों से बातचीत की। लोगों ने कहा कि हमें केंद्र में मोदी और राज्य में पेमा खांडू की सरकार पर विश्वास है क्योंकि यह सरकारें गरीबों का पूरा ख्याल रख रही हैं। हर तरह की मदद सीधे उनके खाते में आती है। विधानसभा की 10 सीटों पर एक ही उम्मीदवार होने की वजह से उन्हें निर्वाचित घोषित किया जा चुका है। इसलिए चुनाव बाकी की 50 विधानसभा सीटों पर कराये जा रहे हैं। अरुणाचल प्रदेश विधानसभा चुनावों के लिए मतगणना 2 जून को कराई जायेगी जबकि लोकसभा चुनावों के लिए दोनों सीटों के मतों की गणना देश की सभी लोकसभा सीटों की मतगणना के साथ 4 जून को होगी।

लोगों ने कहा कि चीन चाहे जितनी आंखें दिखाता रहे, लेकिन हर अरुणाचली भारतीय है और अपने देश के साथ चट्टान की तरह खड़ा है। लोगों ने बताया कि वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम के तहत जिस तरह सीमावर्ती गांवों का विकास हुआ है। उससे सिर्फ वहां के निवासियों को ही लाभ नहीं हुआ है बल्कि इससे सुरक्षा के हालात भी बेहतर हुए हैं। लोगों ने बताया कि सुदूर क्षेत्रों में पुलों और सड़कों का जो जाल बिछाया गया है। उससे हमारे सुरक्षा बलों के लिए कहीं भी कभी भी पहुँचना आसान हो गया है जिससे दुश्मन भी हैरत में है।

लोगों ने बताया कि जिस तरह यहां डबल इंजन सरकार जल विद्युत परियोजना के क्षेत्र में काम कर रही है। उससे आने वाले दिनों में अरुणाचल की किस्मत बदलने वाली है क्योंकि तब हम पूरे देश को बिजली दे रहे होंगे। जब ईटानगर से सटे कुछ गांवों का दौरा किया तो पाया कि वहां पक्की सड़कें और बुनियादी ढांचागत परियोजनाएं पर्याप्त हैं। लोगों ने कहा कि कांग्रेस भले न्याय की गारंटी देने की बात कर रही हो लेकिन हमें मोदी की गारंटी पर विश्वास है। लोगों ने कहा कि भाजपा ने विकसित भारत व विकसित अरुणाचल प्रदेश के लिए जो संकल्प पत्र जारी किया है हम उससे संतुष्ट हैं और हमें विश्वास है कि उसमें किये गये वादे पूरे किये जायेंगे।

## बाबा रामदेव को माफ करने से सुप्रीम कोर्ट का इनकार, 23 को फिर होंगे पेश





### -पतंजलि के भ्रामक विज्ञापन मामले में योग गुरु और आचार्य बालकृष्ण को फिर झटका

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पतंजलि के भ्रामक विज्ञापन मामले में योग गुरु रामदेव और आयुर्वेद के आचार्य बालकृष्ण को सुप्रीम कोर्ट से कोई भी राहत नहीं दी। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार भी बाबा रामदेव को माफ करने से इनकार कर दिया और उन्हें 23 अप्रैल को पेश होने का आदेश दिया।

एलोपैथी के खिलाफ पतंजलि के भ्रामक विज्ञापन मामले में योग गुरु रामदेव अपने सहयोगी बालकृष्ण के साथ सुप्रीम कोर्ट में पेश हुए। योग गुरु रामदेव ने सुप्रीम कोर्ट से माफी मांगी, लेकिन कोर्ट ने उन्हें माफ करने से साफ इनकार कर दिया। रामदेव से जस्टिस हिमा कोहली ने कहा कि 'आपने जो किया है उसके लिए क्या हम आपको माफी दे दें? आपको पता है कि आपने क्या किया?' इस पर बाबा रामदेव ने कहा कि हमसे भूल हुई है, उसके लिए हमने माफीनामा भी पेश किया है और हम फिर माफी मांग रहे हैं।

सुप्रीम कोर्ट से बाबा रामदेव ने दोबारा कहा कि हम माफी मांग रहे हैं और भविष्य में सौ फीसदी इसका ख्याल रखेंगे और इसकी पुनरावृत्ति नहीं होगी। इस पर कोर्ट ने कहा कि अभी हमने मन नहीं बनाया कि आपको माफ करें कि नहीं.. एक नहीं तीन बार आपने उल्लंघन किया है। आप इस तरह की बात मत करिए। आपके रवैये से यह नहीं लगता। हम आदेश जारी करेंगे नहीं। कोर्ट ने कहा 23 अप्रैल को मामले की फिर सुनवाई करेंगे और फिर से दोनों को कोर्ट में पेश होना होगा। बता दें कि इससे पहले की सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने योग गुरु रामदेव और पतंजलि आयुर्वेद के आचार्य बालकृष्ण के उन हलफनामों को स्वीकार करने से इनकार कर दिया था, जिसमें उन्होंने भ्रामक विज्ञापन प्रकाशित करने के लिए बिना शर्त माफी मांगी थी।

## सीएम मान बोले- केजरीवाल को जेल में वे सुविधाएं भी नहीं जो कट्टर अपराधियों को मिलती हैं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने तिहाड़ जेल में आप पार्टी के संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मुलाकात की। उन्होंने केजरीवाल से ग्लास सेपरेशन के जरिए मुलाकात की और उनकी आधे घंटे लंबी मुलाकात हुई। उन्होंने कहा कि यह देखकर बहुत दुख हुआ कि उन्हें वे सुविधाएं भी नहीं मिल रही हैं जो कट्टर अपराधियों को मिलती हैं। उसकी गलती क्या है? आप उनके साथ ऐसा व्यवहार कर रहे हैं मानो आपने देश के सबसे बड़े आतंकवादियों में से एक को पकड़ लिया हो।

सीएम मान ने कहा कि पारदर्शिता की राजनीति शुरू करने वाले और भाजपा की राजनीति खत्म करने वाले कटर ईमानदार अरविंद केजरीवाल के साथ ऐसा ही व्यवहार किया जा रहा है। जब मैंने पूछा कि वह कैसे हैं तो उन्होंने कहा कि मेरे बारे में भूल जाओ मुझे यह बताओ कि पंजाब में चीजें कैसी चल रही हैं? क्योंकि हम काम की राजनीति



करते हैं। वहीं आप नेता संदीप पाठक ने कहा कि हम सभी ने अरविंद केजरीवालजी से पूछा कि वह कैसे हैं। उन्होंने कहा मेरे बारे में चिंता करना बंद करो मुझे बताओ कि लोग कैसे हैं। क्या उन्हें मुफ्त बिजली मिल रही है? उन्होंने बिजली कटौती के बारे में भी पूछा। उन्होंने पूछा कि जो दवाएँ पहले उपलब्ध थीं वे अब भी उपलब्ध हैं या नहीं? पाठक ने कहा कि हमने उसे सब कुछ बता दिया। उन्होंने कहा कि अगले सप्ताह से वह चल रहे कार्यों की समीक्षा के लिए एक समय में 2 मंत्रियों को यहां बुलाएंगे। उन्होंने मुझसे यह भी कहा कि मैं हर विधायक से मिलूं और उनसे कहूं कि हर गली में जाकर देखूं कि लोगों को कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए और हम जितना करते थे उससे 10 गुना ज्यादा लोगों की सेवा करनी है।

# सलमान खान के घर फायरिंग मामले में दोनों आरोपियों को 10 दिन की पुलिस हिरासत

**मुंबई, (एजेंसी)।** रविवार तड़के बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान के घर पर फायरिंग करने वाले दोनों आरोपियों को मुंबई पुलिस गिरफ्तार करने में सफल रही. आरोपियों को मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने गुजरात के भुज से गिरफ्तार किया था। इसके बाद आरोपियों को मंगलवार दोपहर में मुंबई लाया गया. आरोपियों को किला कोर्ट में पेश किया गया. इस दौरान पुलिस ने अदालत से आरोपियों को 14 दिन की पुलिस हिरासत देने का अनुरोध किया. लेकिन कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया और कुछ देर बाद कोर्ट ने अपना फैसला सुनाया. कोर्ट ने आरोपी को 10 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया है. सुनवाई के दौरान पुलिस ने कोर्ट को बताया कि इस मामले में एक अंतरराष्ट्रीय रैकेट शामिल है. आरोपियों पर बिहार, हरियाणा, पंजाब और गुजरात के साथ-साथ उत्तर प्रदेश में भी मुकदमा चलाया जाना है। इस सुनवाई के दौरान पुलिस ने कोर्ट में अनमोल बिश्नोई की पोस्ट पढ़ी. पुलिस ने अदालत को यह भी बताया कि वह गोलीबारी में इस्तेमाल की गई पिस्तौल को जब्त करना चाहती है. पुलिस ने कोर्ट में खुलासा किया कि आरोपी सलमान खान के पनवेल फार्म





हाउस के पास किराए पर रहने आया था. पुलिस ने यह भी कहा कि आरोपियों ने सांताक्रूज रेलवे ट्रैक के पास अपने कपड़े बदले और वहां से भाग गए. आपको बता दें कि मुंबई के बांद्रा में गैलेक्सी अपार्टमेंट में सलमान खान के घर पर 14 अप्रैल को सुबह करीब 5 बजे दो अज्ञात बाइक सवार हमलावरों ने गोलीबारी की। आरोपियों ने सलमान खान के घर पर चार राउंड फायरिंग की थी. फिलहाल मुंबई पुलिस इस मामले की जांच कर रही है. उधर इस मामले में आरोपी विशाल राहुल की गिरफ्तारी से जांच एजेंसियां अलर्ट हो गई हैं. क्षेत्र में सक्रिय संगठित अपराध नेटवर्क की सीमा के बारे में सवाल उठाए गए हैं। जांच से पता चला है कि विशाल, जिसे कालू के नाम से जाना जाता है, हरियाणा में कई हत्याओं और डकैतियों सहित कई जघन्य अपराधों में शामिल था। विशाल उर्फ कालू लॉरेंस बिश्नोई गैंग का शूटर है. विशाल गुड़गांव का रहने वाला है. वह राजस्थान में गोदारा नाम के गैंगस्टर के लिए काम करता है। उस पर मूसवाला सहित कई हाई-प्रोफाइल हत्याओं में शामिल होने का आरोप है। हाल ही में वह लॉरेंस बिश्नोई के निर्देश पर रोहतक में एक सट्टेबाज की हत्या में शामिल था।

# .... क्या गडकरी को अपने ही गढ़ में हराने की व्यूह रचना दिल्ली से की गई

### - औवेसी और आंबेडकर की पार्टी ने नहीं उतारे उम्मीदवार

**नागपुर (एजेंसी)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मुख्यालय के अलावा महाराष्ट्र का नागपुर संतरों के लिए दुनिया अलग ही पहचान रखता है। लेकिन अब नागपुर को केंद्रीय मंत्री गडकरी का गढ़ भी माना जाने लगा है। पिछले 10 साल में गडकरी ने गली-मोहल्ले छान मारे और शायद ही ऐसा कोई इलाका शेष हो, जहां उन्होंने काम न किया हो। हालांकि, इस बार गडकरी को चुनौती देने वाले विकास ठाकरे को बिना मांगे ही प्रकाश आंबेडकर की वंचित बहुचन विकास आघाडी ने समर्थन दे दिया है और एमआईएम ने भी उम्मीदवार नहीं उतारा है। गडकरी के लिए यह व्यूह रचना ठीक नहीं मानी जा रही है। सवाल उठ रहे हैं कि कांग्रेस उम्मीदवार ठाकरे को वंचित के समर्थन देने के पीछे कौन सी शक्तियां खड़ी हैं? एमआईएम के उम्मीदवार न उतारने का कारण क्या है, जबकि बीजेपी के विरोधी आरोप लगाते हैं कि आंबेडकर और एमआईएम बीजेपी की बी टीम है। इसके बाद नागपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में यह चर्चा जोरों पर है कि क्या गडकरी को घेरने के लिए यह चक्रव्यूह रचा गया है?

आंबेडकर की वंचित ने यहां से उम्मीदवार नहीं उतारा और ओवैसी की पार्टी एमआईएम ने भी उम्मीदवार नहीं दिया है, जबकि कांग्रेस ने आंबेडकर से समर्थन नहीं मांगा था। महाराष्ट्र की राजनीति को करीब से जानने वाले कहते हैं कि किसके कहने पर वंचित ने कांग्रेस उम्मीदवार को समर्थन दिया है। एमएमआई के उम्मीदवार नहीं उतारने का कारण क्या है, इस पर शक दिल्ली की ओर जाता है। यह बात गडकरी को कचोट रही है, तब कांग्रेस खेमा उत्साहित है। इस बार गडकरी के सामने कांग्रेस ने इसी क्षेत्र के विधायक विकास ठाकरे को उम्मीदवार बनाया है। विकास नागपुर के मेयर रहे हैं। नागपुर महानगरपालिका में कई साल तक नेता विपक्ष रहे हैं। शहर पर उनकी अच्छी पकड़ है और जिस कुनबी समाज से आते हैं, उस समाज के वोटर्स की संख्या 6 लाख के करीब है। विकास का चुनाव प्रचार करने के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे आए, जबकि गडकरी के चुनाव प्रचार के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। वंचित ने जब से कांग्रेस उम्मीदवार को समर्थन देने की घोषणा की है, तब से गडकरी खेमा अलर्ट मोड पर है। चुनाव प्रचार में गडकरी का पूरा परिवार उतर गया है। गडकरी के व्यावहारिक होने के कारण उनके चुनाव प्रचार के लिए देश के कोने-कोने से लोग आ रहे हैं।

**क्या है जातीय समीकरण**

नागपुर लोकसभा चुनाव क्षेत्र में 22.23 लाख मतदाता हैं, जिसमें हिंदीभाषी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। करीब साढ़े चार लाख हिंदीभाषी मतदाता है, जिसमें करीब 3 लाख के आस-पास उत्तर प्रदेश, बिहार के हैं। करीब साढ़े 3 लाख मुस्लिम मतदाता हैं। कुनबी, तेली, दलित के चार-चार लाख के करीब मतदाता हैं। इनमें कांग्रेस के उम्मीदवार ठाकरे कुनबी समाज से हैं। उनका दावा है कि कुनबी, दलित, मुस्लिम और हिंदीभाषी समाज उनके साथ है। तेली समाज के समर्थन का दावा भी ठाकरे कर रहे हैं। दूसरी ओर, गडकरी का दावा करते हैं कि उन्हें सभी समाज का समर्थन हासिल है और वह पिछली बार से ज्यादा वोट हासिल कर जीत रहे हैं। कांग्रेस को और ज्यादा मार्जिन से हराएंगे।



गडकरी का मिलनसार स्वभाव उन्हें अन्य नेताओं से कुछ अलग जरूर करता है। जातीय समीकरण साधने के लिए गडकरी ने ओबीसी समाज के विकास के लिए संवैधानिक दर्जा प्राप्त आयोग का गठन में योगदान दिया।

# बतिस्ता अगुत ने बार्सिलोना में सफीउल्लिन को हराया



**बार्सिलोना, एजेंसी।** पूर्व नंबर 9 रॉबर्टो बतिस्ता अगुत ने अपने करियर की 399वीं टूर-स्तरीय जीत के लिए बार्सिलोना ओपन में रोमन सफीउलिन को 6-3, 7-6(8) से हराया। उन्होंने पहले दौर में एक घंटे, 59 मिनट की जीत से पहले दूसरे सेट के टाई-ब्रेक में एक सेट प्वाइंट बचाया। स्पैनियार्ड, जो इस सप्ताह अपने 12वें एटीपी टूर खिताब का पीछा कर रहा है, दूसरे दौर में सातवीं वरीयता प्राप्त कारेन खाचानोव से भिड़ेगा। सोमवार का दिन बार्सिलोना में निक हार्ड के लिए एक यादगार दिन था। 23 वर्षीय क्वालीफायर ने घरेलू पसंदीदा मार्टिन लैंडल्यूस को पिस्ता राफा नडाल कोर्ट पर 2-6, 6-4, 6-3 से हराकर एटीपी टूर के मुख्य ड्रॉ में पहली बार जीत हासिल की। हार्ड 2018 में क्विटो में विक्टर एस्ट्रेला बर्गोस के बाद एटीपी टूर मैच जीतने वाले पहले डोमिनिकन बन गए। हार्ड, जो अब तक बार्सिलोना में अपने प्रदर्शन के परिणामस्वरूप एटीपी लाइव रैंकिंग में 30 स्थान ऊपर चढ़कर 199वें नंबर पर पहुंच गए हैं, उनका अगला मुकाबला 13वीं वरीयता प्राप्त टॉमस मार्टिन एचेवेरी से होगा। ब्रैंडन नकाशिमा और हेरोल्ड मायोट ने भी सोमवार को दूसरे दौर में अपना स्थान पक्का कर लिया। नाकाशिमा ने 2023 के सेमीफाइनलिस्ट डेनियल इवांस को 7-6(5), 6-2 से हराकर दूसरी वरीयता प्राप्त आंद्रे रुबलेव से मुकाबला तय किया, जबकि क्वालीफायर मेयोट ने पेड्रो कैचिन को 7-6(5), 2-6, 6-3 से हराकर कैमरून नोरी का सामना करने के लिए खुद को तैयार कर लिया है।

# पथिराना एक पीढ़ी में एक बार पैदा होने वाले गेंदबाज: ब्रेट ली

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूर्व ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज गेंदबाज ब्रेट ली ने श्रीलंका के पेसर मथीशा पथिराना की जमकर तारीफ की और कहा कि वह एक पीढ़ी में एक बार पैदा होने वाले गेंदबाज हैं। सीएसके ने रविवार को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में एमआई को 20 रन से हराकर आईपीएल 2024 में अपनी चौथी जीत हासिल की। चेन्नई ने 207 रनों का लक्ष्य रखा लेकिन रोहित शर्मा के नाबाद शतक के बावजूद मुंबई निर्धारित 20 ओवरों में 186 रन ही बना सकी। 206 का बचाव करते हुए, पथिराना ने (4-28) के स्पेल के साथ सीएसके के गेंदबाजी विभाग का नेतृत्व किया। गेम चेंजिंग स्पेल के दम पर पथिराना ने प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब जीता। पथिराना ने मुंबई को 70 रन के कुल स्कोर पर ईशान किशन (23) के रूप में पहला झटका देकर मैच में अपने विकेटों का खाता खोला। इसके बाद उन्होंने उसी ओवर में सूर्यकुमार यादव (0) को मुस्तफिजुर रहमान के हाथों कैच कराकर दूसरा झटका दिया। फिर, उन्होंने तिलक वर्मा (31) और रोमारियो शेफर्ड (1) को भी आउट कर मुंबई को बैकफुट पर धकेल दिया। पथिराना ने अपने कोटे के 4 ओवर में मात्र 28 रन देकर 4 विकेट हासिल किए। ब्रेट ली ने कहा कि वह एक पीढ़ी में एक बार पैदा होने वाले गेंदबाज हैं। स्लिंगर के मामले में शायद 2.0, लेकिन उसने सीएसके के खिलाफ एक बार फिर से दमदार गेंदबाजी की है। अंपायर की छाती के ठीक सामने से 150 किमी प्रति घंटे की गेंद फेंकना शानदार है। पथिराना, जो हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण सीएसके के पिछले दो मैचों में नहीं खेल पाए थे, इस सीज़न में अब तक खेले गए तीन मैचों में अपने नाम आठ विकेट कर चुके हैं।



## सबसे ज्यादा छक्कों से लेकर उच्चतम स्कोर तक

# हेड की बदौलत हैदराबाद ने लगाई रिकॉर्ड्स की झड़ी

**बेंगलुरु, एजेंसी।** हैदराबाद की पारी के 12वें ओवर में हेड ने विजय कुमार पर तीन चौके लगाकर सिर्फ 39 गेंद में अपना शतक पूरा कर लिया। यह उनका पहला और आईपीएल इतिहास का चौथा सबसे तेज शतक रहा। आईपीएल 2024 के 30वें मैच में सनराइजर्स हैदराबाद ने रिकॉर्ड्स की झड़ी लगा दी। बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ सनराइजर्स ने एक बार फिर इतिहास रचते हुए तीन विकेट पर 287 रन बनाकर आईपीएल का सबसे बड़ा स्कोर बना डाला। इसी आईपीएल में उसने कुछ दिन पहले मुंबई इंडियंस के खिलाफ बनाए गए तीन विकेट पर 277 रन के सर्वोच्च स्कोर को पीछे छोड़ दिया। यही नहीं यह टी20 क्रिकेट का अब तक का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है। टी20 क्रिकेट का सबसे बड़ा स्कोर तीन विकेट पर 314 रन है, जो नेपाल ने 2023 में मंगोलिया के खिलाफ बनाया था। हैदराबाद के इस स्कोर के लिए ट्रेविस हेड के 41 गेंद में नौ चौकों और आठ छक्कों की मदद से बनाए गए 102 रन जिम्मेदार रहे। हेनरिक क्लासेन ने 31 गेंद में 67 रन बनाए। हेड ने अभिषेक शर्मा के साथ पहले विकेट के लिए 49 गेंद में 108, क्लासेन ने मार्करम के साथ तीसरे विकेट के लिए 27 गेंद में 66 और अंत में एडेन मार्करम और अब्दुल समद ने 19 गेंद में 56 रन की अटूट साझेदारी की।

**सनराइजर्स ने पावरप्ले में अपना छठा सबसे बड़ा स्कोर बनाया** – फाफ डुप्लेसिस ने टॉस जीतकर सनराइजर्स को बल्लेबाजी के लिए बुलाया, लेकिन ट्रेविस हेड ने उनके इस फैसले उल्टा साबित कर दिया। दूसरे ही ओवर में हेड-अभिषेक ने 20 रन बनाए। हेड ने पांचवें ओवर में फर्ग्यूसन पर लगातार दो छक्के लगाकर 4.3 ओवर में हैदराबाद को 50 रन पर पहुंचा दिया। हेड यहीं नहीं रुके छठे ओवर में उन्होंने यश दयाल पर दो छक्के लगाए और सिर्फ 20 गेंद में अर्धशतक पूरा कर लिया। हेड की बदौलत हैदराबाद ने पावरप्ले में बिना विकेट खोए 76 रन बना डाले। यह हैदराबाद के लिए पावरप्ले में छठा सबसे बड़ा स्कोर रहा।



### आईपीएल के शीर्ष तीन सबसे बड़े स्कोर इस सीजन में बने

| स्कोर | टीम | खिलाफ | जगह | साल |
|---|---|---|---|---|
| 287/3 | सनराइजर्स हैदराबाद | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | बेंगलुरु | 2024 |
| 277/3 | सनराइजर्स हैदराबाद | मुंबई इंडियंस | हैदराबाद | 2024 |
| 272/7 | कोलकाता नाइट राइडर्स | दिल्ली कैपिटल्स | विशाखापत्तनम | 2024 |
| 263/5 | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | पुणे वॉरियर्स | बेंगलुरु | 2013 |
| 257/7 | लखनऊ सुपर जाएंट्स | पंजाब किंग्स | मोहाली | 2023 |

### सनराइजर्स हैदराबाद ने की छक्कों की बौछार

सनराइजर्स ने इस पारी में कुल 22 छक्के लगाए जो कि आईपीएल में किसी भी टीम द्वारा एक पारी में लगाए गए सबसे ज्यादा छक्के हैं। इससे पहले यह रिकॉर्ड आरसीबी के नाम था। उन्होंने 2013 में पुणे वॉरियर्स के खिलाफ बेंगलुरु में 21 छक्के लगाए थे। वहीं, सनराइजर्स के नाम इससे पहले एक पारी में सबसे ज्यादा छक्के का रिकॉर्ड 17 का था, जो उन्होंने इसी सीजन मुंबई इंडियंस के खिलाफ हैदराबाद में लगाए थे। वहीं, यह बेंगलुरु के खिलाफ भी एक पारी में लगाए गए सबसे ज्यादा छक्के हैं। इससे पहले 2018 में चेन्नई सुपर किंग्स और 2023 में मुंबई इंडियंस ने 2022 में डीवाई पाटिल और 2023 में चिन्नास्वामी में 17–17 छक्के लगाए थे।

**आईपीएल में हेड का पहला शतक** – हेड ने आक्रामकता से बल्लेबाजी जारी रखी और सातवें ओवर में उन्हें जैक्स पर चौका और दो छक्के जड़े। आठवें ओवर की पहली गेंद पर अभिषेक ने छक्का लगाकर हैदराबाद को 100 के पार करा दिया। टॉप्ले ने अभिषेक को आउट कर यह साझेदारी तोड़ी। अभिषेक ने 22 गेंद में 34 रन बनाए। उन्होंने हेड के साथ 49 गेंद में 108 रन की साझेदारी की। इन दोनों ने मात्र 43 गेंद में 100+ रन की साझेदारी कर ली, जो कि सनराइजर्स के लिए संयुक्त रूप से सबसे तेज साझेदारी है। इससे पहले डेविड वॉर्नर और मोइसेस हेनरिक्स ने 2015 में हैदराबाद में आरसीबी के खिलाफ ही दूसरे विकेट के लिए 43 गेंद में ही 100+ रन की साझेदारी की थी। विकेट गिरने के बावजूद हेड के लगातार प्रहार जारी रहे। 10 ओवर में हैदराबाद ने एक विकेट पर 128 रन बनाए थे, जिसमें हेड ने 33 गेंद में छह चौके, आठ छक्के की मदद से 86 रन बनाए थे। 12वें ओवर में हेड ने विजय कुमार पर तीन चौके लगाकर सिर्फ 39 गेंद में अपना शतक पूरा कर लिया। यह उनका पहला और आईपीएल इतिहास का चौथा सबसे तेज शतक रहा। फर्ग्यूसन ने 13वें ओवर में हेड को डुप्लेसिस के हाथों कैच करा दिया। उन्होंने 41 गेंद में 102 रन बनाए। हेड ने दूसरे विकेट के लिए हेनरिक क्लासेन के साथ 26 गेंद में 57 रन जोड़े। हेड के आउट होने के बाद आरसीबी के गेंदबाजों पर क्लासेन बरस पड़े। उन्होंने इस दौरान चार छक्के लगाकर 23 गेंद में अपना पांचवां आईपीएल का अर्धशतक पूरा किया। साथ ही हैदराबाद ने 15 ओवर में दो 200 रन भी पूरे कर लिए। यह आईपीएल इतिहास का तीसरा सबसे तेज 200 रन रहा।

### पावरप्ले में सनराइजर्स द्वारा बनाए गए सबसे ज्यादा रन

| स्कोर | खिलाफ | जगह | साल |
|---|---|---|---|
| 81/1 | MI | हैदराबाद | 2024 |
| 79/0 | KKR | हैदराबाद | 2017 |
| 78/1 | CSK | हैदराबाद | 2024 |
| 77/0 | PK | हैदराबाद | 2019 |
| 77/0 | DC | दुबई | 2020 |
| 76/0 | RCB | बेंगलुरु | 2024 |

### टॉप्ले समेत बेंगलुरु के गेंदबाजों के नाम अनचाहा रिकॉर्ड

आरसीबी के तेज गेंदबाद रीस टॉप्ले ने चार ओवर में 68 रन दिए और एक विकेट लिया। वह आईपीएल इतिहास के एक मैच में सबसे ज्यादा रन खर्च करने वाले विदेशी गेंदबाज बन गए। इससे पहले यह रिकॉर्ड मुजीब जादरान और क्वेन मफाका के नाम था। मुजीब ने 2019 में सनराइजर्स के खिलाफ और मफाका ने 2024 में भी सनराइजर्स के खिलाफ ही 66–66 रन लुटाए थे। वहीं, ओवरऑल टॉप्ले तीसरे सबसे महंगे गेंदबाज रहे। बसिल थम्पी ने 2018 में बेंगलुरु के खिलाफ 70 रन और यश दयाल ने 2023 में कोलकाता के खिलाफ 69 रन लुटाए थे। आरसीबी के चार गेंदबाजों ने 50+ रन खर्च किए। यह आईपीएल में पहली बार है जब एकसाथ चार गेंदबाजों ने 50 रन से ज्यादा दिए। इससे पहले कभी दो गेंदबाजों से ज्यादा न एकसाथ 50+ रन खर्च नहीं किए थे।

# मुस्तफ़िज़ुर रहमान 1 मई तक चेन्नई के लिए उपलब्ध रहेंगे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने अपने तेज़ गेंदबाज़ मुस्तफ़िज़ुर रहमान के चेन्नई सुपर किंग्स के लिए अनापत्ति पत्र को एक दिन के लिए बढ़ा दिया है। इसका मतलब है कि अब मुस्तफ़िज़ुर 30 अप्रैल को वापस लौटने की जगह 1 मई को पंजाब किंग्स के ख़िलाफ़ होने वाले मैच के लिए उपलब्ध रहेंगे। बांग्लादेश क्रिकेट ऑपरेशन के उप प्रबंधक शहरयार नफ़ीस ने कहा, हमने 30 अप्रैल तक मुस्तफ़िज़ुर को आईपीएल में खेलने की छूट दी थी, लेकिन 1 मई को ही चेन्नई का एक मैच है। टीम और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के द्वारा अनुरोध प्राप्त होने के बाद हमने मुस्तफ़िज़ुर की छुट्टी एक दिन के लिए बढ़ा दी है। मुस्तफ़िज़ुर ने पांच मैचों में 18.30 की औसत से 10 विकेट चटकाए हैं जिसमें पहली बार आईपीएल में उनके द्वारा एक मैच में लिए गए चार विकेट भी शामिल हैं। 2021 में राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलने के बाद यह उनका आईपीएल का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन हो गया है। आग़ामी टी20 विश्व कप के वीज़ा संबंधित काम के चलते मुस्तफ़िज़ुर पिछले सप्ताह ढाका में थे। श्रीलंका के ख़िलाफ़ पिछली टी20 सीरीज़ में केवल दो विकेट लेने के बाद मुस्तफ़िज़ुर को बांग्लादेश की वनडे टीम से बाहर कर दिया गया था और अब उन्होंने सही समय पर विकेट लेने शुरू किए हैं।



# आईपीएल 2024 के बीच मैक्सवेल ने मांगा आईपीएल से ब्रेक

**बेंगलुरु, एजेंसी।** एक हाई स्कोरिंग मुकाबले में सोमवार को एसआरएच के खिलाफ आरसीबी को हार झेलनी पड़ी। इस मैच के दौरान क्रिकेट फैंस को एक बड़ा सवाल परेशान कर रहा था कि आखिर

मैक्सवेल को प्लेइंग 11 से क्यों ड्रॉप किया गया। आरसीबी के स्टार ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल मौजूदा सीजन में खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं। जब ग्लेन मैक्सवेल का नाम एसआरएच के खिलाफ प्लेइंग-11 में नहीं था, तो सबको लगा शायद उन्हें ड्रॉप किया गया है, या फिर वो चोटिल हैं। हालांकि बाद में पता चला कि मामला ही कुछ और है। ग्लेन मैक्सवेल ने मानसिक और शारीरिक थकान के चलते



आईपीएल 2024 से अनिश्चितकालीन ब्रेक लेने का फैसला किया है। मैक्सवेल ने हैदराबाद के खिलाफ मैच के बाद खुलासा किया कि उन्होंने खुद को प्लेइंग 11 से ड्रॉप करने का कप्तान से आग्रह किया था।

ग्लेन मैक्सवेल ने कहा, मेरे लिए निजी रूप से यह आसान फैसला था। पिछले मैच के बाद मैं कोच और कप्तान फाफ डू प्लेसी के पास गया और कहा कि मुझे महसूस हो रहा है कि किसी और को आजमाएं। मैं ऐसी परिस्थितियों में पहले भी रहा हूं जहां लगातार खेलते हुए ख़ुद को और बुरी परिस्थिति में पाया है।मेरे हिसाब से यह उचित समय है कि मैं ब्रेक लूं। साथ ही ख़ुद को मानसिक तथा शारीरिक रूप से आराम दूं। आगे चलकर टूर्नामेंट के दौरान यदि मेरी ज़रूरत पड़ती है तो शायद मैं अच्छे से टीम में योगदान दे पाऊंगा। मैक्सवेल ने आईपीएल 2024 में शानदार फॉर्म के साथ प्रवेश किया था। उन्होंने टूर्नामेंट से पहले दो टी-20 शतक लगाए थे, एक भारत के खिलाफ गुवाहाटी में और दूसरा वेस्टइंडीज के खिलाफ एडिलेड में जड़ा था। यह प्रदर्शन वनडे विश्व कप में उनके बेहतरीन प्रदर्शन के तुरंत बाद आया, जहां उन्होंने अफगानिस्तान के खिलाफ लक्ष्य का पीछा करते हुए दोहरा शतक बनाया। हालांकि, आईपीएल में आरसीबी के लिए उनका बल्ला खामोश नजर आ रहा है। सोमवार को हुए मैच से पहले मैक्सवेल ने आरसीबी के लिए 6 पारियों में केवल 5.33 की औसत से मात्र 32 रन बनाए थे। आशंका थी कि वह अंगूठे की चोट के कारण बाहर बैठ सकते हैं, लेकिन जो हुआ वह इसके विपरीत था।



## महान स्पिनर डैरेक अंडरवुड का निधन, इंग्लैंड के लिए 86 टेस्ट में लिए थे 297 विकेट

**लंदन, एजेंसी।** गावस्कर ने कहा था कि अंडरवुड का सामना करना बेहद कठिन होता था, क्योंकि वह बेहद सटीक होते थे। उन्होंने 1977 में भारत के खिलाफ खेली गई पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में 29 विकेट लिए थे। यह सीरीज इंग्लैंड ने 3-1 से जीती थी। इंग्लैंड के लिए सर्वाधिक विकेट लेने वाले बाएं हाथ के महान स्पिनर डैरेक अंडरवुड का 78 वर्ष की उम्र में केंट में निधन हो गया। इंग्लैंड के लिए 86 टेस्ट मैच में 297 विकेट और प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 2,465 विकेट लेने वाले अंडरवुड 60 और 70 के दशक में बेहद खतरनाक स्पिनर माने जाते।

# क्रिकेट के बाहर की चीजें प्रभावित करती हैं, मेरी शुरुआत अच्छी नहीं रही, सोशल मीडिया पर भड़के रियान

**जयपुर, एजेंसी।** रियान पराग की क्रिकेट यात्रा की शुरूआत इतनी अच्छी नहीं रही और उनका कहना है कि सोशल मीडिया पर लगातार ट्रोलिंग का सामना



करना आसान नहीं है तथा क्रिकेट के बाहर की जिंदगी वास्तव में प्रभावित करती हैं। पिछले सभी सीजन को मिलाकर 54 मैच में केवल 600 रन जुटाने वाले पराग को सोशल मीडिया पर काफी ट्रोलिंग और मीम का सामना करना पड़ा था। हालांकि, रियान ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 2024 सीजन में अभी तक 284 रन बना लिए हैं, जिससे वह इस सीजन सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ियों की सूची में विराट कोहली के बाद दूसरे नंबर पर चल रहे हैं।

रियान अब समझ गए हैं कि सोशल मीडिया पर इस तरह ट्रोलिंग का जवाब पिच पर बल्ले से ही दिया जा सकता है। कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मंगलवार को होने वाले राजस्थान रॉयल्स के मैच से पहले रियान ने कहा- क्रिकेट से बाहर की जिंदगी आपको वास्तव में प्रभावित करती है। मेरे करियर में यही एक बड़ी चीज रही है कि मैं इससे कैसे निपटूं। उन्होंने कहा- मेरे लिए शुरूआत अच्छी नहीं रही। मेरे बारे में जो भी कहा गया, जो भी था, मैंने काफी चीजों को दिल से लगा लिया। इसके बाद मुझे समझना पड़ा कि मेरे लिए क्या चीज अहम है, किसकी राय मायने रखती हैं और मैंने धीरे धीरे समझना शुरू किया और अंत में इससे मदद मिली।

# मोहन बागान ने पहली बार आईएसएल लीग शील्ड जीती

## लीग के आखिरी मैच में मुंबई सिटी एफसी को 2-1 से हराया

**नईदिल्ली, एजेंसी।** मोहन बागान ने सुपर जायंट इंडियन सुपर लीग (ढ्ढस्रु) 2023-24 को अपने नाम कर लिया है। सोमवार को घरेलू मैदान साल्ट लेक स्टेडियम में खेले गए मैच में मोहन बागान ने मुंबई सिटी स्नष्ट को 2-1 से हराया। इसके साथ ही मोहन बागान पॉइंट टेबल पर पहुंच गया। मोहन बागान पहली बार लीग खिताब जीता है। मोहन बागान से लिस्टन कोलाको और जेसन कमिंग्स ने गोल किए। वहीं दोनों गोल में असिस्ट करने के लिए दिमित्रियोस पेट्राटोस को प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया। वहीं मुंबई सिटी की ओर से एक गोल विंगर लालियानजुआला छांगटे ने किया।

**हाफ टाइम में मोहन बागान ने 1-0 से आगे** – मैच का पहला गोल 28वें मिनट में आया, जब विंगर लिस्टन कोलाको ने मोहन बागान सुपर जायंट को शुरुआती बढ़त दिलाते हुए स्कोर 1-0 कर दिया। ऑस्ट्रेलियाई स्ट्राइकर दिमित्रियोस पेट्राटोस ने अटैकिंग थर्ड से बॉक्स के ठीक बाहर बाईं तरफ लिस्टन को बॉल पास की और लिस्टन ने इसे गोल में तब्दील कर दिया। दूसरे हाफ में दोनों टीमों की ओर से एक-एक गोल हुआ। मैच के 80वें मिनट में ऑस्ट्रेलियाई स्ट्राइकर जेसन कमिंग्स ने गोल करके मोहन बागान की बढ़त को मजबूत करते हुए स्कोर 2-0 कर दिया। मैच के दौरान दोनों टीमें बॉल को अपने पास रखने के लिए जूझते हुए।



**आखिरी दो मिनट में मोहन बागान को 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा** – मोहन बागान को 90+2वें मिनट में दस खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा, जब ब्रैंडन हैमिल को दूसरा यलो (रेड) कार्ड रेफरी वेंकटेश आर. ने दिखाकर मैदान से बाहर भेज दिया। ऑस्ट्रेलियाई सेंटर-बैक को पहला यलो कार्ड 90+1वें मिनट में मिला था।

# टी20 विश्व कप की टीम को लेकर रोहित-द्रविड़ और अगरकर की दो घंटे की मीटिंग, हार्दिक को लेकर भी हुई चर्चा

**मुंबई, एजेंसी।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा, मुख्य कोच राहुल द्रविड़ और चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर ने पिछले हफ्ते मुंबई में भारत की टी20 विश्व कप टीम पर चर्चा करने के लिए मुलाकात की। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, आईपीएल 2024 टूर्नामेंट के बीच, दो घंटे तक चली इस बैठक का मुख्य एजेंडा हार्दिक पांड्या का विश्व कप टीम में चयन था। चयनकर्ताओं को अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले विश्व कप के लिए अंतिम 15 खिलाड़ियों का चयन करना है। इसमें अभी कुछ समय बाकी है, लेकिन भारतीय टीम प्रबंधन हार्दिक की गेंदबाजी फिटनेस को लेकर चिंतित है। आईपीएल के 17वें संस्करण के ठीक बाद टी20 विश्व कप होना है। मुंबई इंडियंस के मौजूदा कप्तान हार्दिक मैदान पर और मैदान के बाहर अत्यधिक दबाव में हैं। इस सीजन उनका प्रदर्शन अब तक कुछ खास नहीं रहा है। हार्दिक ने छह मैचों में सिर्फ 131 रन बनाए हैं। आरसीबी के खिलाफ उस एक तूफानी पारी को छोड़कर, जहां उन्होंने सिर्फ छह गेंदों पर 21 रन बनाए, इसके अलावा बीच के ओवरों में उनके बैटिंग अप्रोच पर सवाल उठ रहे हैं। वह बीच के ओवरों में टीम के लिए रन निकालने में विफल रहे हैं। हार्दिक की स्टेडियम में जमकर हूटिंग भी हुई है। वह फैंस के निशाने पर रहे हैं।



रोहित, द्रविड़ और अगरकर की चिंता टीम इंडिया की गेंदबाजी को लेकर ज्यादा है। इन तीनों ने पेस बॉलिंग ऑलराउंडर्स को लेकर ज्यादा चर्चा की। मौजूदा भारतीय टीम में कई ऐसे खिलाड़ी हैं जो बतौर बल्लेबाजी टी20 में हार्दिक का रिप्लेसमेंट बन सकते हैं, लेकिन टीम को हार्दिक की पेस की जरूरत है और उन्हें लगता है कि इस रोल में हार्दिक का कोई रिप्लेसमेंट नहीं है और वह टीम को बैलेंस करते हैं। हालांकि, हार्दिक इस सीजन गेंद के साथ बुरी तरह से ऑफ-कलर रहे हैं। उनमें निरंतरता और स्पष्टता की कमी दिखी है। इस सीजन हार्दिक ने छह मैचों में केवल दो बार अपने कोटे के चार ओवर फेंके हैं।

इनमें गुजरात टाइटन्स और सनराइजर्स हैदराबाद की टीम शामिल है। यह मुंबई के शुरुआती दो मैच थे। उन्होंने दिल्ली कैपिटल्स और राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ एक भी ओवर नहीं फेंका। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ उन्होंने सिर्फ एक ओवर गेंदबाजी की। चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ हार्दिक ने तीन ओवर फेंके, लेकिन आखिरी ओवर में धोनी ने उन्हें लगातार तीन छक्के जड़े और सीएसके ने 26 रन बटोरे। हार्दिक ने आईपीएल 2024 में जो 11 ओवर फेंके हैं, उनमें उन्होंने केवल तीन विकेट लिए हैं और 12 रन प्रति ओवर की दर से रन खर्च किए हैं। हालांकि, उनकी गेंदबाजी में फिटनेस से जुड़ी कोई समस्या नहीं है, लेकिन उनकी फॉर्म चिंता का विषय बनी हुई है।

# रिलायंस कैपिटल के दो सीए पर दस साल का बैन व जुर्माना भी

**नई दिल्ली।**

नेशनल फाइनेंशियल रिपोर्टिंग अथॉरिटी (एनएफआरए) ने अनिल अंबानी की कंपनी रिलायंस कैपिटल से जुड़े फाइनेंशियल ट्रांजैक्शन के मामले में बड़ी कार्रवाई की है। अथॉरिटी ने गड़बड़ी के आरोप में दो चार्टर्ड अकाउंटेंट्स पर पांच और दस साल के प्रतिबंध लगा दिया है। साथ ही उन पर जुर्माना भी लगाया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक एनएफआरए ने 12 अप्रैल के अपने एक आदेश में कहा कि ऑडिट फर्म पाठक, एच.डी. एंड एसोसिएट्स पर तीन करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया है। साथ ही इंगेजमेंट पार्टनर (ईपी) सीए परिमल कुमार झा पर एक करोड़ रुपये और इंगेजमेंट क्वालिटी कंट्रोल रिव्यू पार्टनर सीए (ईक्यूसीआर) विशाल डी शाह पर 50 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। ईपी को 10 साल और ईक्यूसीआर को पांच साल के लिए बैन कर दिया गया है। इस दौरान ये किसी कंपनी में ऑडिटर या इंटरनल ऑडिटर का काम नहीं कर सकते हैं। साथ ही किसी कंपनी के फाइनेंशियल एक्टिविटी में हिस्सा नहीं ले सकते हैं। आदेश में कहा गया है कि रिलायंस कैपिटल पर 2019 में बैंकों का करीब 12,000 करोड़ रुपये का लोन था। साथ ही एक्टरनल डेट के रूप में कंपनी पर 32,000 करोड़ रुपये का बकाया था।

बता दे कि आरबीआई ने 29 नवंबर, 2021 को भुगतान में चूक और गवर्नेंस से जुड़ी गंभीर समस्याओं के कारण अनिल अंबारी की कंपनी रिलायंस कैपिटल के बोर्ड को भंग कर दिया था और नागेश्वर राव वाई को प्रशासक नियुक्त किया था। रिलायंस कैपिटल में लगभग 20 फाइनेंशियल सर्विसेज कंपनियां हैं। सितंबर, 2021 में रिलायंस कैपिटल ने अपने शेयरहोल्डर्स को बताया था कि कंपनी पर 40,000 करोड़ रुपये से अधिक कर्ज है।

## टीसीएस, एक्सेंचर, कॉग्निजेंट लिंक्डइन की प्रमुख कंपनियों की सूची में अव्वल




**नई दिल्ली।**

भारत में काम करने वाली प्रमुख कंपनियों की लिंक्डइन की नई सूची में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज पहले नंबर पर है। इसके बाद एक्सेंचर दूसरे और कॉग्निजेंट तीसरे स्थान पर हैं। पेशेवर नेटवर्किंग मंच लिंक्डइन ने हाल ही में भारत के लिए 2024 शीर्ष कंपनियों की सूची जारी की। इसमें आईटी कंपनियों ने प्रमुख तीन स्थान प्राप्त किए हैं। सूची में वित्तीय सेवा क्षेत्र का दबदबा रहा, जिसकी नौ कंपनियों ने इसमें अपना स्थान अर्जित किया है। आठवीं बार यह सूची पेश की गई है।

इसे लिंक्डइन के डेटा के आधार पर बनया गया। शीर्ष 25 बड़ी कंपनियों, 15 सर्वश्रेष्ठ मध्यम आकार की कंपनियों को सूचीबद्ध किया गया है। बड़ी कंपनियों में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज ने इस साल अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा, उसके बाद एक्सेंचर तथा कॉग्निजेंट का स्थान रहा। लिंक्डइन ने कहा कि पिछले साल के रुझान को जारी रखते हुए मैक्वेरी ग्रुप (चौथे स्थान), मॉर्गन स्टेनली (पांचवें) और जेपी मॉर्गन चेज़ एंड कंपनी (छठे) सहित इस क्षेत्र की 25 में से 9 कंपनियों के साथ वित्तीय सेवाओं ने 2024 की सूची में अपना दबदबा कायम रखा। सॉफ्टवेयर-ए-ए-सर्विस (सास) मंच लेंट्रा मध्यम आकार (250-500 कर्मचारी वाली) की शीर्ष कंपनियों की सूची में पहले स्थान पर है। दूसरे स्थान पर भारतीय ऑनलाइन यात्रा मंच मेकमायट्रिप ने जगह बनाई। कंपनियों के लिए सबसे उपयुक्त स्थान में बेंगलुरु शीर्ष पर रहा, जहां ये शीर्ष कंपनियां स्थित हैं। इसके बाद हैदराबाद, मुंबई महानगर क्षेत्र और पुणे का स्थान रहा।

## सिप्ला 130 करोड़ में आइविया ब्यूटी का करेगी अधिग्रहण




**नई दिल्ली।**

दवा कंपनी सिप्ला 130 करोड़ रुपये में आइविया ब्यूटी को खरीदने पर विचार कर रही है। आईविया ब्यूटी प्राइवेट लिमिटेड दुनिया भर में सौंदर्य प्रसाधन व व्यक्तिगत देखभाल वितरण तथा विपणन व्यवसाय करती है। इसमें उसके ब्रांड एस्टाबेरी, आइकिन और भीमसैनी भी शामिल हैं। कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि एक पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी तथा उपभोक्ता स्वास्थ्य सेवा शाखा सिप्ला हेल्थ लिमिटेड (सीएचएल) ने आइविया ब्यूटी प्राइवेट लिमिटेड के सौंदर्य प्रसाधन व व्यक्तिगत देखभाल व्यवसाय के वितरण और विपणन व्यवसाय उपक्रम की खरीद के लिए एक बिजनेस ट्रांसफर एग्रीमेंट (बीटीए) पर हस्ताक्षर किए हैं। यह रणनीतिक कदम सिप्ला के अपने उपभोक्ता स्वास्थ्य देखभाल और कल्याण खंड को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करने के अनुरूप है। कंपनी ने कहा कि इस अधिग्रहण में आइविया ब्यूटी के एस्टाबेरी, आइकिन और भीमसैनी ब्रांड शामिल होंगे। अधिग्रहण की लागत पर सिप्ला ने कहा कि अंतिम तिथि पर यह 130 करोड़ रुपये और बीटीए में अगले तीन वर्षों के लिए उल्लिखित कुछ वित्तीय मापदंड पूरे होने पर 110 करोड़ रुपये होगी। कंपनी के अनुसार लेन-देन के बीटीए पर हस्ताक्षर करने के 60 दिन के भीतर या पक्षों के बीच लिखित रूप में पारस्परिक सहमति से किसी अन्य तारीख के भीतर पूरा होने की उम्मीद है। यह बीटीए में उल्लिखित पूर्ववर्ती और समापन शर्तों के सफल समापन या छूट के अधीन होगा।

# अब वन प्लस 11 5जी खरीदने पर बचेंगे 5 हजार से ज़्यादा

**मुंबई।**

कंपनी ने अपने वनप्लस 11 5जी मॉडल की कीमत में कटौती कर दी है। वनप्लस 11 5जी का 8जीबी वेरिएंट 56,999 रुपये में लॉन्च किया गया था लेकिन मौजूदा समय में ये वेरिएंट वनप्लस इंडिया की वेबसाइट पर इसकी कीमत 51,999 रुपये कर दी गई है। ऑफिशियल लिस्टिंग में कहा गया है कि ग्राहक अडिशनल डिस्काउंट का फायदा भी उठा सकते हैं, जो कि एक्सचेंज ऑफर के तहत 5,000 रुपये की छूट के रूप में मिल जाएगा। इसके अलावा आईसीआईसीआई, एचडीएफसी बैंक क्रेडिट कार्ड या वनकार्ड का इस्तेमाल करते हैं तो इस पर 3,000 रुपये का डिस्काउंट मिलेगा। खरीदारों को 12 महीने तक की नो-कॉस्ट ईएमआई का विकल्प भी मिल रहा है। ये एंड्रॉयड 13 पर बेस्ड कंपनी के ऑक्सीजन ओएस 13 इंटरफेस पर चलता है। वनप्लस के इस 5जी फोन के रियर पर 50 मेगापिक्सल का प्राइमरी कैमरा, 48 मेगापिक्सल का अल्ट्रा-वाइड एंगल कैमरा और 32 मेगापिक्सल का टेलीफोटो कैमरा दिया गया है। वहीं सेल्फी के लिए फोन के फ्रंट में 16 मेगापिक्सल का फ्रंट कैमरा मौजूद है।



इसमें स्टीरियो स्पीकर्स भी दिए गए हैं। फोन में इन-डिस्प्ले फिंगरप्रिंट सेंसर दिया गया है। पावर के लिए 5,000 एमएएच की बैटरी दी गई है और यहां 100वाट फास्ट चार्जिंग का सपोर्ट मौजूद है। कंपनी के मुताबिक ये 25 मिनट में फुल चार्ज होता है।

# वैश्विक स्मार्टफोन की बिक्री पहली तिमाही में आठ प्रतिशत बढ़ी

**न्यूयॉर्क।**

इंटरनेशनल डेटा कॉर्प (आईडीसी) के शुरुआती आंकड़ों के अनुसार 2024 की पहली तिमाही में वैश्विक स्मार्टफोन बिक्री लगभग आठ प्रतिशत बढ़ी है। इस तरह वैश्विक बिक्री में लगातार तीसरी तिमाही में वृद्धि हुई और इस दौरान सैमसंग ने पहले स्थान पर वापसी की। आईडीसी के वैश्विक तिमाही मोबाइल फोन ट्रैकर के अनुसार इस अवधि में कुल 28.94 करोड़ इकाई की बिक्री हुई। समीक्षाधीन तिमाही में 6.01 करोड़ इकाई की बिक्री के साथ सैमसंग शीर्ष स्थान पर है। एप्पल 5.01 करोड़ इकाई के साथ दूसरे स्थान पर है। इससे पहले 2023 की आखिरी तिमाही में एप्पल शीर्ष स्थान पर थी। तीसरे स्थान पर शाओमी और चौथे स्थान पर ट्रांसन का स्थान है। दोनों कंपनियों की बाजार हिस्सेदारी में सालाना आधार पर क्रमशः 34 प्रतिशत और 85 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखी गई। आईडीसी की वैश्विक ट्रैकर टीम की शोध निदेशक नबीला पोपल ने बयान में कहा कि औसत बिक्री कीमतों में सुधार जारी है और उपभोक्ता अधिक महंगे उपकरण खरीद रहे हैं।



## एक समझौते के बाद जियो फाइनेंशियल सर्विसेज के शेयर में तेजी

**मुंबई।**

रिलायंस इंडस्ट्रीज की फाइनेंशियल सर्विस कंपनी जियो फाइनेंशियल सर्विसेज का शेयर मंगलवार इंट्राडे सेशन के दौरान 5 प्रतिशत से ज्यादा के उछाल के साथ 371.95 रुपये प्रति शेयर पर पहुंच गया। कंपनी के शेयरों में यह वृद्धि ब्लैकरॉक के साथ 50-50 जॉइंट वेंचर स्थापित करने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर करने के बाद आई है। इस जॉइंट वेंचर का उद्देश्य वेल्थ मैनेजमेंट गतिविधियों में शामिल होना है। इसके बाद फंड मैनेजमेंट कंपनी की स्थापना की जाएगी और उसके बाद भारत में एक ब्रोकरेज फर्म खोलने की योजना है। कंपनी ने कहा, यह संयुक्त उद्यम ब्लैकरॉक, इंक. के साथ कंपनी के संबंधों को और मजबूत करता है। इसके साथ कंपनी ने डिजिटल-फर्स्ट पेशकश के जरिये भारत के परिसंपत्ति प्रबंधन उद्योग को बदलने और निवेश तक पहुंच को लोकतांत्रिक बनाने के लिए 26 जुलाई, 2023 को 50-50 प्रतिशत वाले हिस्सेदारी के साथ जॉइंट वेंचर की घोषणा की है।



## कूलिंग उपकरणों पर फ्लिपकार्ट की वार्षिक बिक्री 17 अप्रैल से

**नई दिल्ली।** ई-कॉमर्स प्लेटफार्म फ्लिपकार्ट 17 अप्रैल से 23 अप्रैल तक कूलिंग उपकरणों पर वार्षिक ग्रीष्मकालीन बिक्री शुरू करने जा रहा है। इसमें एयर कंडीशनर (एसी), रेफ्रिजरेटर, एयर कूलर, पंखे जैसे घरेलू उपकरण किफायती दामों पर बेचे जाएंगे। फ्लिपकार्ट ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि ई-वाणिज्य मंच सुपर कूलिंग डेज़ 2024 का छठा संस्करण ला रहा है। इसमें ग्राहकों को गर्मी से राहत देने के लिए घरेलू उपकरणों को किफायती दामों में बेचा जाएगा। बिक्री को बढ़ावा देने के लिए भुगतान के भी विभिन्न विकल्प पेश किए जाएंगे। बयान के अनुसार बिना किसी शुल्क के मासिक किस्त, अग्रिम भुगतान, उत्पाद मिलने के बाद भुगतान (कैश ऑन डिलीवरी) और फ्लिपकार्ट पे लेटर ईएमआई आदि विकल्प उपलब्ध होंगे।

## सरकार ने बुजुर्गों से सावधि जमा ब्याज पर टैक्स के रूप में लिए 27,000 करोड़

**मुंबई।** केंद्र सरकार ने पिछले वित्त वर्ष में सावधि जमा पर कमाए गए ब्याज पर वरिष्ठ नागरिकों से 27,000 करोड़ रुपए से अधिक कर जमा किया है। देश के सबसे बड़े ऋणदाता एसबीआई के शोधकर्ताओं ने यह जानकारी दी। एसबीआई शोधकर्ताओं की रिपोर्ट कहती है कि पिछले पांच वर्षों में जमा की कुल राशि वित्त वर्ष 2023-24 के आखिर में 143 प्रतिशत बढ़कर 34 लाख करोड़ रुपए हो गई जबकि पांच साल पहले यह 14 लाख करोड़ रुपए थी। रिपोर्ट के मुताबिक सावधि जमाओं पर अधिक ब्याज दर होने से वरिष्ठ नागरिकों के बीच यह जमा योजना काफी लोकप्रिय हुई है। इस अवधि में सावधि जमा खातों की कुल संख्या 81 प्रतिशत बढ़कर 7.4 करोड़ हो गई है। एसबीआई शोधकर्ताओं का कहना है कि इनमें से 7.3 करोड़ खातों में 15 लाख रुपए से अधिक की राशि जमा है। इन जमाओं पर 7.5 प्रतिशत का ब्याज मिलने के अनुमान को ध्यान में रखें तो वरिष्ठ नागरिकों ने सिर्फ ब्याज के रूप में ही पिछले वित्त वर्ष में 2.7 लाख करोड़ रुपए कमाए हैं। इसमें बैंक जमा से 2.57 लाख करोड़ रुपए और शेष राशि वरिष्ठ नागरिक बचत योजना की है। रिपोर्ट में कहा गया है कि वरिष्ठ नागरिकों द्वारा भुगतान किए गए 10 प्रतिशत कर को सभी वर्गों के बीच सुसंगत मानते हुए, भारत सरकार द्वारा कर संग्रहण लगभग 27,106 करोड़ रुपए होगा।

## एलन मस्क ने ट्विटर पर बंद किए 2 लाख से ज्यादा एकाउंट

**न्यूयॉर्क।** एलन मस्क ने ट्विटर की मासिक कंप्लाइंस रिपोर्ट साझा की है। इस रिपोर्ट में बताया गया है कि एक्स यानि ट्विटर पर 2.13 लाख अकाउंट बंद कर दिए गए हैं। इसका कारण कंपनी की पॉलिसीज के उल्लंघन की वजह बताया गया है। बताया जा रहा है कि 26 फरवरी से 25 मार्च 2024 के बीच में 2.13 लाख अकाउंट्स को बंद किया है। ये अकाउंट कंपनी की पॉलिसी के खिलाफ होकर अश्लीलता फैलाने के साथ- साथ कुछ आतंकवादी गतिविधि में शामिल थे। ये एक्स अकाउंटस गैरकानूनी और नुकसान पहुंचाने वाले कंटेंट में शामिल थे। इसके अलावा 1,235 एक्स अकाउंट्स ऐसे पाए गए हैं, जो भारत में आतंकवाद को बढ़ावा देने का काम कर रहे थे। कंपनी ने रिपोर्ट में बताया कि एक्स पर चाइल्ड सेक्सुअल से जुड़ा कोई भी कंटेंट चाहे वह टेक्स्ट, इल्यूट्रेशन या फिर कंप्यूटर जनरेटेड फाइल हो को अनदेखा नहीं किया जा सकता। बता दें कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म हर महीने अपनी कंप्लांस रिपोर्ट जारी करती है। इस रिपोर्ट में यूजर्स की सुरक्षा के लिए उठाए गए कदमों के बारे में बताया जाता है। एक्स के अलावा अन्य अकाउंट्स द्वारा ऐसी रिपोर्ट जारी की जाती है।



# शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद

### सेंसेक्स 456 , निफ्टी 124 अंक नीचे आया

**मुम्बई।**

घरेलू शेयर बाजार में मंगलवार को भी गिरावट जारी रही। सप्ताह के दूसरे कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट अंतराष्ट्रीय बाजार से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। मध्य पूर्व में ईरान-इजराइल के बीच बढ़ते तनाव के कारण भी विश्व भर के बाजार गिरे हैं जिससे भारतीय बाजार पर भी दबाव पड़ा है। मध्य पूर्व में तनाव बढ़ने की आशंकाओं से भी आईटी शेयरों में भारी बिकवाली रही। इससे बेंचमार्क सूचकांकों सेंसेक्स और निफ्टी भी नीचे आये। वहीं विदेशी कोष की निकासी को देखते हुए भी निवेशक सतर्कता बरत रहे हैं। व्यापक बाजारों की बात करें तो स्मॉलकैप इंडेक्स 0.5 फीसदी की बढ़त के साथ बंद हुआ, पर मिडकैप इंडेक्स 0.1 फीसदी की गिरावट के साथ बंद हुआ। इससे पहले सोमवार को भी बाजार गिरावट के साथ बंद हुआ था। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों वाला बीएसई मानक सूचकांक सेंसेक्स 456.10 अंक करीब 0.62 फीसदी बढ़कर 72,943.68 अंक पर बंद हुआ। वहीं ओर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 124.60 अंक तकरीबन 0.56 फीसदी नीचे आकर दिन के अंत में 22,147.90 अंक पर बंद हुआ। आज कारोबार के दौरानर सेंसेक्स के शेयरों में, इंफोसिस, इंडसइंड बैंक, बजाज फिनसर्व, विप्रो, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, बजाज फाइनेंस, टेक महिंद्रा, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और लार्सन एंड टुब्रो के शेयर नीचे आये जबकि टाइटन, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एचडीएफसी बैंक, मारुति, आईटीसी, पावर ग्रिड और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर लाभ में रहे। वहीं दूसरी ओर एशियाई बाजारों में, सियोल, टोक्यो, शंघाई और हांगकांग के अलावा यूरोपीय बाजार में भी गिरावट रही। अमेरिकी बाजार भी सोमवार को गिरावट पर बंद हुए थे। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों गत दिवस 3,268 करोड़ रुपये की इक्विटी बेची थी। इससे पहले गत दिवस भी बाजार गिरावट पर बंद हुआ था। इससे पहले आज सुबह वैश्विक बाजारों से मिले कमजोर रुझानों के बीच ही बाजार में शुरुआती कारोबार में गिरावट जारी रही। विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के लगातार बिकवाल रहने और ब्रेंट कच्चे तेल की उच्च कीमतों से भी निवेशकों की भावनाएं प्रभावित हुईं। बीएसई का 30 शेयर वाला सूचकांक सेंसेक्स 585.63 अंक गिरकर 72,814.15 अंक पर रहा। एनएसई निफ्टी 168.65 अंक फिसलकर 22,103.85 अंक पर पहुंच गया। वहीं हफ्ते के पहले कारोबारी दिन सोमवार को सेंसेक्स 845.12 अंकों की गिरावट के साथ 73,399 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं दूसरी ओर निफ्टी 246.91 अंक टूटकर 22,272.50 के स्तर पर बंद हुआ।




## सरकार ने क्रूड पर विंडफॉल टैक्स बढ़ाकर 9600 रुपए किया



**मुंबई।** केंद्र सरकार ने देश में पेट्रोलियम क्रूड पर लगने वाले विंडफॉल टैक्स में बढ़ोतरी कर दी है। पेट्रोलियम क्रूड पर विंडफॉल टैक्स 6800 रुपए प्रति टन से बढ़ाकर 9600 रुपए प्रति मीट्रिक टन कर दिया गया है। जो 16 अप्रैल से लागू हो गया है और यह विंडफॉल टैक्स देश में उत्पादित कच्चे तेल के लिए है। हालांकि सरकार ने डीजल और एविएशन टरबाइन फ्यूल पर कोई टैक्स नहीं लगेगा। इससे समीक्षा बैठक जो 4 अप्रैल 2024 को हुई थी उसमें भी पेट्रोलियम क्रूड पर विंडफॉल टैक्स बढ़ाया गया था और इसे 4900 रुपए मीट्रिक टन से बढ़ाकर 6800 रुपए मीट्रिक टन किया गया था। ईरान-इजरायल के बीच चल रहा तनाव इस समय अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों को प्रभावित कर रहा है। मंगलवार को ब्रेंट क्रूड 91 डॉलर प्रति बैरल के आसपास जा रहा है और इसमें तेजी का ही रुख देखा जा रहा है। वैश्विक अस्थिरता का क्रूड ऑयल के भाव पर प्रभाव निगेटिव ही पड़ता है और इसके कीमतों में उबाल आता है जैसा इस समय देखा जा रहा है।

# ब्याज के बारे में बैंक सरल शब्दों में ग्राहकों को दें मुख्य तथ्यों का विवरण

### -ग्राहकों को शब्दों के जाल से बचाने के लिए आरबीआई की पहल

**मुंबई।**

भारतीय रिजर्व बैंक ने देश के सभी बैंकों और हाउसिंग फाइनेंस कंपनियों को निर्देश दिया कि वे लोन लेने वाले ग्राहकों को उन ऋणों और ब्याज के बारे में सरल शब्दों में मुख्य बातों का विवरण पेश करें जिनका भुगतान करने की उनसे अपेक्षा की जाती है ताकि उन्हें निर्णय लेने में मदद मिल सके। ग्राहकों को बैंकिंग के तकनीकी शब्दों के जाल से बचाने के लिए केंद्रीय बैंक ने यह पहल की है। आरबीआई ने निर्देश में कहा गया है कि बैंकों और हाउसिंग फाइनेंस कंपनियों जैसी सभी विनियमित संस्थाओं को आरबीआई द्वारा दिए गए मानकीकृत प्रारूप के अनुसार, ऋण अनुबंध निष्पादित करने से पहले सभी संभावित उधारकर्ताओं को केएफएस प्रदान करना होगा। केएफएस ऐसे ग्राहकों द्वारा समझी जाने वाली भाषा में लिखा जाएगा। इसके कंटेंट को उधारकर्ता को समझाया जाएगा और एक पावती दी जाएगी जिसमें लिखा होगा कि उसने इसे समझ लिया है। आरबीआई ने केएफएस पर सभी निर्देशों और वार्षिक प्रतिशत दर (एपीआर) के प्रकटीकरण में सामंजस्य स्थापित करने का निर्णय लिया है। यह पारदर्शिता बढ़ाने और विभिन्न विनियमित संस्थाओं द्वारा पेश किए जा रहे वित्तीय उत्पादों पर सूचना विषमता को कम करने के लिए किया जा रहा है, जिससे उधारकर्ताओं को सूचित वित्तीय निर्णय लेने में सशक्त बनाया जा सके। सामंजस्यपूर्ण निर्देश सभी विनियमित संस्थाओं, जैसे बैंकों और आवास वित्त कंपनियों द्वारा विस्तारित सभी खुदरा और एमएसएमई सावधि ऋण उत्पादों पर लागू होंगे।




## स्टरलाइट ने क्यूआईपी से जुटाए 1000 करोड़

**नई दिल्ली।**

ब्रॉडबैंड प्रौद्योगिकी कंपनी स्टरलाइट टेक्नोलॉजीज ने एचडीएफसी म्यूचुअल फंड, निप्पॉन लाइफ इंडिया, गोल्डमैन सैक्स और बंधन म्यूचुअल फंड सहित पात्र संस्थागत नियोजन (क्यूआईपी) को इक्विटी जारी करके 1,000 करोड़ रुपये जुटाए हैं। कंपनी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। आवंटन के बाद स्टरलाइट टेक्नोलॉजीज (एसटीएल) की चुकता इक्विटी शेयर पूंजी बढ़कर 97.5 करोड़ रुपये हो गई है, जिसमें 48.5 करोड़ इक्विटी शेयर शामिल हैं। कंपनी ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि एसटीएल ने पात्र संस्थागत नियोजन (क्यूआईपी) के जरिए 1,000 करोड़ रुपये जुटाए हैं। एसटीएल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि हम अपने निवेशकों का उनके निरंतर समर्थन तथा एसटीएल की विकास क्षमता में विश्वास करने के लिए आभार व्यक्त करते हैं। क्यूआईपी के जरिए जुटाए गए धन का उपयोग हमारी बैलेंस शीट को मजबूत करने के लिए किया जाएगा ताकि हम दुनिया को जोड़कर अरबों लोगों के जीवन को बदलने के अपने प्रयासों को दोगुना कर सकें।




## बीआईटी में कोलोक्वियम '24 कर आयोजन

# सोध कर महत्ता उपरे होलक चर्चा

रांची। बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान (बीआईटी), मेसरा में प्रबंधन बिभाग डॉक्टोरल कोलोक्वियम '24 कर आयोजन 16 अप्रैल, 2024 के करलक। कार्जक्रम कर मुध गोतिया एचसीएल कर संस्थापक आउर भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (खड़गपुर) कर पूर्व छात्र अर्जुन मल्होत्रा रहयं।प्रबंधन बिभाग कर सहायक प्रोफेसर आउर कोलोक्वियम '24 कर संयोजक डॉ. अनुपम घोष स्वागत करलयं।

कार्जक्रम कर बारे में परिचयात्मक जानकारी देलयं। ऊ छात्रमन के उनकर रिसर्च पेपर प्रस्तुत करेक आउर फीडबैक में काम करेक कर अवसर कर बारे में बतालयं। प्रबंधन बिभाग कर प्रोफेसर आउर बिभागाध्यछ डॉ. उत्पल बॉल आपन संबोधन में सोध आउर नवाचार कर महत्व उपरे जोर देलयं। ऊ ई बात उपरे प्रकास डाललयं कि सोध प्रगति कर आधारसिला हेके।इकर बाद रिसर्च, इनोवेसन आउर एंटरप्रेन्योरशिप कर डीन डॉ. सी. जगन्नाथन भारत कर बिकास में प्रबंधकीय भूमिका उपरे बात करलयं आउर सोध कर महत्ता उपरे प्रकास डाललयं।
संस्थान कर कुलपति प्रोफेसर इंद्रनील मन्ना सोध कर महत उपरे जोर देते कहलयं कि ई अन्वेसन आउर गेयान कर निरंतर खोज कर एक गो हिस्सा हेके। सोध हर संस्थान में महतपूर्न भूमिका निभायला।
अर्जुन मल्होत्रा डेटा कर महत उपरे प्रकास डाललयं। बतालयं कि डेटा आउर एनालिटिक्स का लखे दुनिया कर बिकास में महतपूर्न भूमिका निभात हे।संबोधन कर श्रृंखला कर बाद कार्जक्रम में बिबिध बिसय जइसे डेटा विज्ञान, बित्त, उद्यमिता, आर्थिक बिकास, उत्पादन आउर परिचालन प्रबंधन उपरे बिभिन्न सोध पत्र प्रस्तुत करल गेलक।
पेपर प्रस्तुति कर बाद सांझ कर 5 बजे समापन समारोह सुरू होलक। सर्वश्रेष्ठ सोध पत्र के पुरस्कृत करल गेलक। सर्वश्रेष्ठ सोध पत्र ले भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (खड़गपुर) कर मनीष कुमार शर्मा के पहिल, सेंट जेवियर्स कॉलेज (कोलकाता) कर सुनीता सह के दूसर आउर बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान (लालपुर) कर पूजा यादव के तीसर स्थानमिललक।
प्रबंधन बिभाग कर सहायक प्रोफेसर डॉ रोहिनी झा धन्यवाद करलयं। ई अवसर में बीआईटी कर छात्र मामला कर डीन डॉ भास्कर कर्ण, स्नातकोत्तर अध्ययन कर डीन प्रोफेसर संदीप सिंह सोलंकी, एल्यूमनाई आउर अंतरराष्ट्रीय मामला कर डीन डॉ श्रद्धा शिवानी भी मौजूद रहयं।

# 'बेस सिछा आउर संस्कार कर बिना छउवामन कर सर्वांगीन बिकास कर कल्पना संभव नखे'

- जेवीएम में कछा दसवीं कर अभिभावकमन ले संवाद-सेतु कार्जक्रम




रांची। हर छउवामन ले दसवीं कछा एक गो मुध पड़ाव हेके। इके पास करेक ले सुनिश्चित जोजना आउर मार्गदरसन कर जरूरत होवेला। इकर में अभिभावक आउर सिछक महतपूर्न भूमिका अदा करयंना। बेस सिछा आउर संस्कार कर बिना छउवामन कर सर्वांगीन बिकास कर कल्पना संभव नखे। भाग-दउड़ से भोरल जिनगी में अदमी गुनात्मक सिछा आउर संस्कार कर प्रति ओतई सचेत नी होवे पारत हयं, जतई असल में होवेक चाही। अइसन में जवाहर विद्या मंदिर, श्यामली में कछा दसवीं कर छात्रमन कर अभिभावकमन ले संवाद-सेतु कार्जक्रम आयोजित करल गेलक। कार्जक्रम कर मुध वक्ता बिद्यालय काउंसेलर श्रीमती श्रीलेखा मेनन रहयं। ब्याख्यान कर मुध बिसय 'दसवीं कर छात्रमन कर पैरेंटिंग कइसे करब' रहे। ऊ ऑडियो-बिडियो क्लिप आउर स्लाइड कर जरिये छउवामन के मनोविज्ञान, उनकर आदत आउर स्वभाव से अभिभावकमन के अवगत करालयं। ऊ कहलयं कि छउवामन में छिपल प्रतिभा के चिन्ह के उके सही दिसा में अग्रसर होवेक ले प्रेरित करयं। उनकर में आपन इच्छा इया कमी के नइ थोपा।
श्रीमती श्रीलेखा मेनन अभिभावकमन के छउवामन कर उचित देखभाल कर सलाह देते कहलयं कि बर्तमान दौर में छात्र-छात्रामन आपन उद्देस से भटइक जायंना। सेले उनकर से धेयान नी हटेक चाही। उनकर भविस संवारेक में सिछक कर संगे अभिभावकमन कर पूरा सहजोग भी जरुरी होवेला। समय-समय में बिद्यालय आए के छउवामन कर प्रोग्रेस कर जानकारी लेते रहब।
प्राचार्य समरजीत जाना आपन बेक्तिगत अनुभव के साझा करलयं। कहलयं कि छउवामन आपन स्क्रीन टाइम के कम करयं। पढ़ेक कर समय अभिभावक उनकर ठीन बैठयं। छउवामन के कोचिंग कर भरोसा नई छोड़यं। ई देखयं कि छउवामन के सेल्फ स्टडी ले कतना समय मिले पारत हे। पांच-छे घंटा कर सेल्फ स्टडी उनकर ले मील कर पत्थर साबित होवी।
बिद्यालय कर कार्जक्रम समन्वयिका श्रीमती सुष्मिता मिश्रा पूर्ववर्ती छात्रमन कर उदाहरन देते कहलयं कि जे छात्रमन के उनकर रुचि कर अनुसार बिसय के पढ़ेक कर अवसर प्रदान करल गेलक ऊ आइज उच्च से उच्चतम सिखर में विराजमान हेकयं। बिद्यालय कर एक गो छउवा जे होटल मैनेजमेंट करेक चाहता रहे, उकर बाप ई कइह हे उके मना कइर देलक कि तोके वेटर बनेक हय। परिनामतः ऊ कछा 11वीं में फेल कइर गेलक। साइंस पढ़ेक कर बाद एक धांव फिर ऊ छउवा के आर्ट्स पढ़ेक कर अवसर देल गेलक। ऊ आइज प्रख्यात होटल मैनेजमेंट में डायरेक्टर हेके। मायं-बाप कर सहयोग आउर समर्थन छउवामन कर भविस सुनिश्चित करेला। सेले अभिभावक कर ई दायित्व आहे कि ऊ छउवामन के समय देवयं। उनकर भितरे छिपल प्रतिभा के चिन्ह के उके आगे बढ़ेक कर कर अवसर प्रदान करयं।
दयानंद प्रेछागृह में आवल अभिभावकमन छात्र-छात्रामन कर सर्वांगीन बिकास ले कई उपाय भी सुझालयं। ऊमन मानलयं कि छउवामन कर तरक्की कर रास्ता संवाद-सेतु से हे निकली। मौका में माध्यमिक बिभाग कर प्रभाग-प्रभारी शीलेश्वर झा 'सुशील', श्रीमती लिपिका कर्मकार संगे सिछक मौजूद रहयं।



# बिरसा उच्च बिद्यालय में 'सबके राम' उपरे पेंटिंग प्रतिजोगिता, बिजेता पुरस्कृत

रांची। श्री सनातन महापंचायत (कला प्रकोष्ठ) कर दन से रामनवमी महापरब कर सुभ अवसर में कांके रोड इस्थित बिरसा उच्च बिद्यालय में 'सबके राम' बिसय उपरे पेंटिंग प्रतिजोगिता कर आयोजन करल गेलक।
ई अवसर में मुध गोतिया समाजसेवी शंकर दुबे, सनातन महापंचायत कर मुध संयोजक ललित ओझा, सनातन महापंचायत कर बरिस्ट संयोजक संजय मिनोचा, सनातन महापंचायत कर महानगर संयोजक युवराज पासवान, सिछाबिद् डॉ सिद्धार्थ प्रकाश, समाजसेवी राजकुमार पोद्दार, सनातन महापंचायत कर कला प्रदेस संयोजक आशुतोष द्विवेदी, इस्कूल कर प्राचार्या सुषमा कुमारी, उप प्राचार्य श्याम आदि रहयं।
वक्तामन कहलयं कि प्रभु श्री राम सुभ परंपरा कर परिचायक हयं। प्रभु राम कर रूप में हमिन आपन भारतीय संस्कृति आउर भारतीय सभ्यता कर प्रति समर्पन कर भावना राखीला। हमिन खुद के आउर आपन छउवामन के आपन जड़ से दूर नी होवेक देवेक चाही। आपन बिरासत आउर संस्कृति के बचाएक हमिन कर लछ होवेक चाही।
इके धेयान में राखते प्रतिजोगिता कर आयोजन करल गेलक। प्रतिजोगिता में जनजातीय समाज कर बेटीमन 'सबके राम' बिसय उपरे प्रभु श्री राम कर अद्भुत चित्र बनाए के सउब कर मन मोइह लेलयं। मर्यादा पुरषोत्तम श्री राम कर मनमोहक चित्र बनाए के छउवामन कई संदेस के भी चरितार्थ करलयं।
बिजेता प्रतिभागीमन के सउब गोतिया सयुक्त रूप से पुरस्कार देइ के पुरस्कृत करलयं। ई अवसर में राजेश सिन्हा, प्रणा कच्छप, सुभाष मिश्रा, सुकराम हंस संगे कइई सिछक, सिछिकामन आउर सैंकड़ों बिद्यार्थी आवल रहयं।
प्रतिजोगिता कर परिणाम
स्केच वर्ग में : पहिल - यशोधा कुमारी, दुसर - शिवानी कुमारी, तीसर - पार्वती कुमारी
कलर वर्ग में : पहिल - जनसिता बोदरा, दुसर - सलोनी कुमारी, तीसर - गीता गाड़ी।

# सीसीएल में सरहुल मिलन समारोह कर होलक आयोजन




रांची। कोल इंडिया कर सहायक कंपनी सीसीएल कर रांची मुख्यालय इस्थित 'कन्वेंशन सेंटर' में 16 अप्रैल के सरहुल मिलन समारोह कर आयोजन मुख्यालय कर सरना समिति करलयं। गोतियामन दीप जलाए के कार्जक्रम कर उद्घाटन करलयं। इकर बाद सरना प्रार्थना प्रस्तुत करल गेलक।कार्जक्रम में मुध गोतिया सीसीएल कर निदेसक (वित्त) पवन कुमार मिश्रा, बिसिस्ट गोतिया निदेसक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र आउर रांची विश्वविद्यालय कर सहायक प्रोफेसर डॉ. किशोर सुरीन रहयं।
मुध गोतिया निदेसक (वित्त) पवन कुमार मिश्रा प्रकृति के समर्पित सरहुल परब कर बधाई देलयं। कहलयं कि प्रकृति आउर जंगल झारखंड कर पहचान हेके। निदेसक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र कहलयं कि सरहुल हमिन के पर्यावरन के संरछित करेक कर संदेस देवेला। इकर संदेस के दिल से अपनाएक चाही। सीसीएल भी बेहतर पर्यावरन संरछन ले लिए सतत काम करत हे। एहे कड़ी में पर्यावरन अनुकूल खनन कर संगे-संगे बृहद् अस्तर में पौधरोपन करल जात हे। 9 गो इको पार्क के बिकसित करल जाई।
रांची विश्वविद्यालय कर सहायक प्रोफेसर डॉ. किशोर सुरीन सरहुल परब कर महत्ता उपरे बिस्तार से बतालयं। कहलयं कि सरहुल प्राकृतिक परब हेके। आइज आदिवासी समाज खली नई राइज कर हरेक निवासी खुसी आउर उल्लास कर संगे सरहुल मनायंना। ई अवसर में मुख्यालय कर बिभिन्न बिभागमन कर महाप्रबंधक, बिभागाध्यछ संगे बड़ संख्या में सीसीएल कर्मी आउर अधिकारी उपस्थित रहयं। कार्जक्रम के सफल आयोजन में समिति कर अध्यछ सचिन कुमार, सचिव सुभाष बेदिया, पंचम मुंडा, दशरथ उरांव, सनोज एक्का, सोहित बेदिया आदि कर महतपूर्न जोगदान रहे।

मुद्रक व प्रकाशक **नीलम सिंह** द्वारा झारखंड वनिता उद्योग एसएचजी के लिए श्याम नगर, गांधी नगर सीसीएल कॉलोनी डीएवी गांधी नगर स्कूल के पीछे, थाना-गोंदा, जिला-रांची, राज्य झारखंड-834008 से प्रकाशित एवं शिवा साईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड रातू, काठीटांड़ टेंडर बगीचा के नजदीक, एचपी पेट्रोल पंप, पोस्ट व थाना रातू, रांची, झारखंड-835222 में स्थित प्रिंटिंग प्रेस में मुद्रित। आरएनआई पंजीयन संख्या. **JHABIL/2023/86791**, **संपादक :** नीलम सिंह, **प्रबंध संपादक :** कृशन गोपालका, **सलाहकार संपादक :** रतन लाल अग्रवाल। फोन नंबरः 8210640230, 9934166306, **ईमेल आइडीः** jharkhandwanitaudyog@gmail.com